हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026



13 टीम इंडिया बढ़त बढ़ाने और वेस्टइंडीज बराबरी...

विचार पेज

06 बढ़ती विकास दर के सामने....



वे मजाक में कहते थे

- मैंने अपनी 12 मन लकड़ियां रखी हुई हैं। वो सूखी हैं। उसी में मुझे जलाना। गीली लकड़ी मत इस्तेमाल करना
- नाना ने कभी अपने संघर्ष को छिपाया नहीं। वे खुलकर बताते थे कि उन्होंने भूख देखी है, गरीबी देखी है और अपमान भी सहा है



जन्म : 1 जनवरी 1951 - मृत्यु: 8 अक्टूबर 2026

75 साल के दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर का गोवा में दिल का दौरा पड़ने से निधन

नाना कहते थे-मौत के बाद जिंदगी रुकती नहीं, इंसान के जाने के बाद लोग धीरे-धीरे जिंदगी में आगे बढ़ जाते हैं

एजेंसी ▸▸ मुंबई

दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर का गुरुवार सुबह 75 साल की उम्र में निधन हो गया। गोवा स्थित उनके घर पर उन्हें कार्डियक अरेस्ट आया था। हालत बिगड़ने के बाद उन्हें बचाने के लिए करीब 45 मिनट तक सीपीआर दी गई, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं पाए। नाना पाटेकर का अंतिम संस्कार पुणे स्थित उनके फार्महाउस में किया जाएगा। मणिपाल हॉस्पिटल के डॉ. शेखर सालकर ने बताया कि नाना पाटेकर को सुबह करीब 5:20 बजे मृत घोषित किया गया। जिस वक्त उनकी तबीयत बिगड़ी, घर पर परिवार का कोई सदस्य मौजूद नहीं था। उनके साथ दोस्त और केयरटेकर थे। अब शव का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। नाना पाटेकर की तबीयत अचानक बिगड़ी। उन्होंने पहले दोस्त से संपर्क करने की कोशिश की। दोस्त जब करीब 4 बजे घर पहुंचे, तब नाना पाटेकर की हालत तेजी से बिगड़ रही थी। उन्हें पसीना आ रहा था और वह धीरे-धीरे बेहोशी की हालत में जा रहे थे। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाने की कोशिश शुरू हुई। डॉक्टरों ने करीब 45 मिनट से एक घंटे तक उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। नाना कहते थे कि मौत के बाद जिंदगी रुकती ▸▸शेष पेज 4 पर

कारगिल युद्ध के कई मोर्चों पर रहे थे

यह साल 1999 था। नाना पाटेकर अपनी फिल्म की शूटिंग में बिजी थे। जब उन्हें पता चला कि 1999 में कारगिल का युद्ध शुरू हो गया है। इसके बाद नाना पाटेकर तुरंत अपना सारा काम छोड़कर कारगिल युद्ध में ▸▸शेष पेज 4 पर



▸▸ अंदर के पृष्ठ पर

पीएम बोले- एक परिंदे की तरह फिल्मों के आसमान में उड़े

पीएम नरेंद्र मोदी ने नाना पाटेकर को याद करते हुए कहा कि वे बंधनों में नहीं रहे, बल्कि एक परिंदे की तरह फिल्मों के आसमान में उड़े। उन्होंने समाज की व्यवस्था पर करारा प्रहार किया और बुराइयों के विरुद्ध काम किया। पीएम ने उनके अभिनय, देशभक्ति और भारतीय सिनेमा में उनके अद्वितीय योगदान को भी नमन किया।

हरिभूमि सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
09 अक्टूबर 2026
कूपन नं. 19

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप



शिवराज फिर बने दादा घर में गूंजी किलकारी

भोपाल। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एक बार फिर दादा बने हैं। उनके छोटे बेटे कुणाल और बहू ऋद्धि के घर बेटे का जन्म हुआ है। नवजात का नाम अहान रखा गया है। शिवराज ने अस्पताल से परिवार के साथ खुशी के पल का वीडियो एक्स पर साझा किया। उन्होंने लिखा कि बेटे अहान के रूप में उनके घर अपार खुशियां आई हैं और उन्हें फिर दादा बनने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने बताया कि पत्नी साधना दादी बनी हैं। परिवार की लाड़ली इला को भी भाई मिल गया है।

बस ने बाइक को मारी टक्कर, दो की मौत



उज्जैन। भान बड़ोदिया के पास गुरुवार दोपहर तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में बिशनखेड़ी निवासी मांगीलाल पिता देवीलाल (60) और मनोहर पिता सुखराम (60) की मौत हो गई, जबकि शंकरलाल पिता पन्नालाल (60) गंभीर घायल हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस के अनुसार हादसा दोपहर करीब 12:30 बजे हुआ। बस ओवरटेक करते समय बाइक से टकराई।

मुंबई में उद्योगपतियों से मिले मुख्यमंत्री डॉ. यादव, 'इन्वेस्ट एमपी' का दिया न्योता

90 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव 14 हजार से अधिक बनेंगे रोजगार

देश के प्रमुख उद्योग समूहों के शीर्ष नेतत्व के साथ वन-टू-वन बैठकें की

मुख्यमंत्री ने जनवरी 2027 में भोपाल में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में सात देशों को 'साझेदार देश' के रूप में जुड़ने का आमंत्रण दिया



विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश को नई गति देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को मुंबई में देश के प्रमुख उद्योग समूहों के शीर्ष नेतत्व के साथ वन-टू-वन बैठकें की। फार्मा, टैक्सटाइल, सेमीकंडक्टर, औद्योगिक गैस, ट्रांसमिशन, टायर, आईटी और अधोसंरचना जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर हुई इन बैठकों में उद्योग समूहों ने मध्यप्रदेश में नई इकाइयां स्थापित करने और मौजूदा निवेश के विस्तार में रूचि दिखाई। औद्योगिक समूहों द्वारा नवकरणीय ऊर्जा, टैक्सटाइल, फार्मास्यूटिकल्स, सूचना प्रौद्योगिकी, ऑटोमोबाइल, रियल एस्टेट, केमिकल तथा अन्य क्षेत्रों में लगभग 90 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तावों से प्रदेश में 14,375 रोजगार सृजित होने की संभावना है। निवेश प्रस्तावों में नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में 71 हजार 289 करोड़, टैक्सटाइल्स में 5 हजार करोड़, फार्मास्यूटिकल्स में 2 हजार 280 करोड़, रियल एस्टेट एक हजार ▸▸शेष पेज 4 पर

निवेश प्रस्ताव

नवकरणीय ऊर्जा
71 हजार 289 करोड़

टैक्सटाइल्स
5 हजार करोड़

फार्मास्यूटिकल्स
2 हजार 280 करोड़

रियल एस्टेट
एक हजार करोड़

सूचना प्रौद्योगिकी
200 करोड़

केमिकल उद्योग
400 करोड़



इन्वेस्ट एमपी का शुभारंभ करते सीएम

टैक्सटाइल, फार्मा, सेमीकंडक्टर, टायर, आईटी, अधोसंरचनात्मक क्षेत्र पर हुई चर्चा

लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन का हब बनने की क्षमता

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश की भौगोलिक स्थिति देश के केंद्र में होने के कारण यह लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन के दृष्टिकोण से पूरे भारत का प्रमुख हब बनने की क्षमता रखता है। बेहतर राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क, एक्सप्रेसवे और तेजी से विकसित हो रहे रेल व एयर कनेक्टिविटी कॉरिडोर राज्य को देश के सभी बड़े बाजारों और बंदरगाहों से जोड़ते हैं। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार उनकी हर आवश्यकता और नीतिगत सुझावों पर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएगी। उन्होंने विभिन्न सेक्टर्स के लिए राज्य की नीतियों, विशेष सब्सिडी, टैक्स रियायतों और कस्टमाइज्ड प्रोत्साहन पैकेजों की जानकारी दी।

आपकी बातें मेरे साथ भोपाल जाएंगी

मुख्यमंत्री ने जनवरी 2027 में भोपाल में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट (जीआईएस–2027) में सात देशों को 'साझेदार देश' के रूप में जुड़ने का आमंत्रण दिया। डॉ. यादव होटल सेंट रेजिस, मुंबई में आयोजित राउंडटेबल बैठक में जापान, मेक्सिको, रूस, कोरिया गणराज्य, थाईलैंड, मिस्त्र अरब गणराज्य एवं साउथ अफ्रीका के काउंसल जनरल एवं राजनयिक प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रतिनिधियों के विचारों को सुनते हुए कहा कि आपकी बातें मेरे साथ भोपाल जाएंगी। ▸▸पढ़ें पेज 02 भी

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए दिया आमंत्रण: डॉ. यादव ने सभी निवेशकों और उद्योगपतियों को आगामी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में पधारने का व्यक्तिगत आमंत्रण देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को पूरा करने में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

भोपाल के मुफ्ती गुफरान नदवी ने जारी किया वीडियो

गरबा में मुस्लिम युवाओं की शिरकत हराम, ये दूसरी कौम की है धार्मिक रस्म

मुस्लिम त्योहार कमेटी भी कर चुकी है गरबा से परहेज की अपील



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

नवरात्र में होने वाले गरबा और डांडिया आयोजनों में मुस्लिम युवाओं के शामिल होने को भोपाल के मुफ्ती मोहम्मद गुफरान खान नदवी ने हराम बताया है। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में उन्होंने कहा कि मुस्लिम युवाओं का दूसरी कौम के धार्मिक त्योहार या रस्म में शामिल होना जायज नहीं है। जो व्यक्ति दूसरी कौम की मुशाबहत यानी अनुकरण करता है, वह उसके तौर-तरीकों में शामिल माना जाता है। मुफ्ती नदवी ने कहा कि आज के दौर में होने वाले गरबा या हिंदू धार्मिक रस्म में मुस्लिम लड़कों का शिरकत करना बिल्कुल हराम है। उन्होंने मुस्लिम युवाओं से ऐसे आयोजनों से बचने की अपील करते हुए कहा कि कुछ युवक अपने दोस्तों के साथ गरबा में जाना बेहतर समझते हैं, लेकिन उन्हें इससे परहेज करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दूसरी कौम की धार्मिक पहचान और रस्मों का अनुसरण मुस्लिम समाज के लिए उचित नहीं है। नदवी ने कहा कि मुस्लिम युवाओं को अपनी धार्मिक पहचान और परंपराओं के प्रति जागरूक रहना चाहिए।

मुस्लिम त्योहार कमेटी कह चुकी विवाद से बचें

गरबा को लेकर ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी भी मुस्लिम युवाओं और समुदाय के लोगों से इससे परहेज करने की अपील कर चुकी है। कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेख इस्माइल खान ने 6 अक्टूबर को जारी अपील में कहा था कि यह किसी धर्म या धार्मिक आयोजन के विरोध में नहीं है, बल्कि सामाजिक सौहार्द बनाए रखने और विवाद से बचने के उद्देश्य से की गई है। कमेटी ने कहा कि हाल के दिनों में गरबा आयोजनों में मुस्लिम युवाओं की मौजूदगी को लेकर सार्वजनिक रूप से आपत्तियां सामने आई हैं। भाजपा के कुछ मंत्रियों और विधायकों की ओर से भी गरबा में मुस्लिमों के शामिल होने पर आपत्ति जताई गई है। नवरात्र के चलते भोपाल में गरबा और डांडिया कार्यक्रमों की तैयारियां चल रही हैं और इनमें बड़ी संख्या में युवक-युवतियों के शामिल होने की संभावना है।

गैर-अनुसूचित दवाओं का ट्रेड मार्जिन 30% तक सीमित

कैंसर दवाओं पर केंद्र का बड़ा फैसला एमआरपी में 70% तक आएगी कमी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सरकार ने कैंसर मरीजों को राहत देने के लिए गैर-अनुसूचित कैंसर रोधी दवाओं पर ट्रेड मार्जिन 30% तक सीमित करने का फैसला किया है। इससे कुछ दवाओं की एमआरपी में 70% तक कमी और मरीजों की बड़ी बचत का अनुमान है। कैंसर मरीजों को महंगी दवाओं से राहत देने के लिए सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने सभी गैर-अनुसूचित कैंसर रोधी दवाओं पर ट्रेड मार्जिन को अधिकतम 30 फीसदी तक सीमित करने का निर्णय लिया है। यह नियम ब्रांडेड और जेनेरिक, घरेलू और आयातित तथा पेटेंट वाली और गैर-पेटेंट वाली दवाओं पर लागू होगा। सरकार का कहना है कि इस कदम का उद्देश्य दवाओं की कीमतों में शामिल अत्यधिक ट्रेड मार्जिन को कम करना है, ताकि कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली ▸▸शेष पेज 4 पर



इस फैसले से मरीजों को हर साल करीब 2,500 करोड़ रु. की बचत हो सकती है

ब्रांडेड और जेनेरिक दोनों दवाएं दायरे में

नए फैसले की खास बात यह है कि इसमें गैर-अनुसूचित श्रेणी की कैंसर रोधी दवाओं को व्यापक रूप से शामिल किया गया है। यानी ब्रांडेड और जेनेरिक, देश में बनी और आयातित तथा पेटेंट और गैर-पेटेंट दवाओं पर ट्रेड मार्जिन की सीमा लागू होगी। इसका मकसद दवा की कीमत और मरीज द्वारा चुकाई जाने वाली वास्तविक राशि के बीच के अंतर को कम करना है।

कनाडाई कवयित्री और निबंधकार ऐन कार्सन को साहसी लेखन के लिए नोबेल

वे पुरानी कहानियों को सिर्फ दोबारा लिखती नहीं उनमें आज की जिंदगी की भावनाएं भी जोड़ती हैं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कनाडा की कवयित्री, निबंधकार, अनुवादक और क्लासिकल साहित्य की विदुषी ऐन कार्सन को 2026 के साहित्य के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की गई है। नोबेल समिति ने कहा कि कार्सन को उनके साहसी और नए रूप में गढ़े गए लेखन के लिए यह सम्मान दिया गया है। उनके लेखन में क्लासिकल परंपरा के साथ दिलचस्प संवाद देखने को मिलता है और उन्होंने समकालीन साहित्य के लिए नए रूप गढ़े हैं। नोबेल समिति के अनुसार कार्सन की सबसे बड़ी खासियत यह है कि वह पुरानी कहानियों को सिर्फ दोबारा ▸▸शेष पेज 4 पर



कार्सन का जन्म 21 जून 1950 को कनाडा के टोरंटो में हुआ था

कौन हैं ऐन कार्सन

कार्सन का जन्म 21 जून 1950 को कनाडा के टोरंटो में हुआ था। उनके पिता बैंक में काम करते थे। हाई स्कूल में पढ़ाई के दौरान लैटिन भाषा के एक शिक्षक ने उन्हें प्राचीन यूनान की दुनिया और उसकी भाषा से परिचित कराया। इसके बाद यूनानी भाषा और साहित्य में उनकी रुचि लगातार बढ़ती गई। ऐन कार्सन ने टोरंटो विश्वविद्यालय के सेंट माइकल्स कॉलेज से शिक्षा हासिल की। उन्होंने 1974 में बैचलर ऑफ आर्ट्स, 1975 में मास्टर ऑफ आर्ट्स और 1981 में पीएचडी की डिग्री पूरी की।

भोपाल, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026
haribhoomi.com

नाना का 'जाना'

हरिभूमि



जन्म-1 जनवरी 1951
देहांत- 8 अक्टूबर 2026

कॉमन मैन के 'हीरो'



हिंदी और मराठी सिनेमा का वह बुलंद स्वर अब खामोश हो गया, जिसकी एक नज़र ही पूरे दृश्य में जान डाल देती थी। अभिनेता नाना पाटेकर अब हमारे बीच नहीं रहे। 75 वर्ष की आयु में उनके निधन की खबर से पूरा देश शोक में डूब गया है। 'परिंदा' के खौफनाक किरदार से लेकर 'क्रांतिवीर' की गर्जना तक, उन्होंने हर भूमिका में अपनी आत्मा उतार दी। उनके संवाद सिर्फ संवाद नहीं थे, वे आम आदमी की आवाज़ बन गए। पर्दे पर वे जितने तीखे थे, असल ज़िंदगी में उतने ही नरम दिल के इंसान थे। सूखे से जूझते किसानों के लिए 'नाम' फाउंडेशन खड़ा करना हो या सीमा पर पीड़ित परिवारों के आंसू पोंछने जाना। नाना ने हमेशा मदद के लिए हाथ बढ़ाया। उन्होंने दिखावे के लिए नहीं, दिल से परोपकार किया। तभी तो वे कॉमन मैन के हीरो थे। आज उनके चाहने वालों की आंखें नम हैं, पर उनकी अदाकारी और इंसानियत हमारे दिलों में हमेशा ज़िंदा रहेगी। यही कह रहा है... नाना तुम्हे नमन... नाना तुम्हे नमन...

खुदकुशी करने वाले किसानों के परिजनों की मदद की, सूखा पीड़ित परिवारों के लिए भी हाथ बढ़ाया

'नाम' फाउंडेशन के जरिए सूखाग्रस्त गांवों तक पहुंचाई राहत

किसान परिवारों, महिलाओं और बच्चों के लिए किए कई काम

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर के निधन से फिल्म जगत के साथ सामाजिक क्षेत्र में भी शोक की लहर है। 75 वर्षीय नाना पाटेकर ने अभिनय के अलावा किसानों और ग्रामीणों की मदद के लिए भी अलग पहचान बनाई। महाराष्ट्र में सूखे, जल संकट और किसानों की आत्महत्या की घटनाओं ने उन्हें इतना विचलित किया कि उन्होंने अपनी निजी जरूरत को पीछे रखकर किसानों की मदद का रास्ता चुना। इसी सोच के साथ उन्होंने 2015 में अभिनेता मकरंद अनासपुरे के साथ मिलकर 'नाम फाउंडेशन' की शुरुआत की। नाना पाटेकर किसानों की समस्याओं को लेकर लगातार आवाज उठाते रहे। फसल खराब होने, कर्ज के बोझ और किसानों की आत्महत्या जैसे मुद्दों पर वे सार्वजनिक रूप से अपनी चिंता जाहिर करते थे। उनका मानना था कि देश का पेट भरने वाले किसानों को संकट के समय अकेला नहीं छोड़ा जाना चाहिए। इसी सोच को संस्थागत रूप देने के लिए 'नाम फाउंडेशन' को औपचारिक रूप से पंजीकृत कराया गया।

1.5 करोड़ की कार खरीदने का फैसला बदला

किसानों के प्रति नाना की संवेदनशीलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वे करीब 1.5 करोड़ रुपए की लग्जरी कार खरीदने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने टीवी पर किसानों की आत्महत्या की खबरें देखीं। किसानों की स्थिति ने उन्हें इतना प्रभावित किया कि उन्होंने कार खरीदने का फैसला रद्द कर दिया और जुटाई गई रकम जरूरतमंद किसान परिवारों की मदद में लगा दी। इसके बाद उन्होंने विदर्भ और मराठवाड़ा जैसे सूखाग्रस्त इलाकों में प्रभावित परिवारों तक सीधे आर्थिक सहायता पहुंचाने का काम शुरू किया।

लाखों किसानों और परिवारों तक पहुंची मदद

फाउंडेशन की ओर से किसानों के साथ-साथ उनके परिवारों की भी मदद की गई। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, संस्था ने अपनी स्थापना के बाद से लाखों किसानों को विभिन्न रूपों में सहायता दी। आपदा से प्रभावित हजारों परिवारों को राहत पहुंचाई गई, जबकि शहीद जवानों के परिवारों और किसान परिवारों की विधवाओं की भी मदद की गई। शुरुआती दौर में जरूरतमंद परिवारों को 15 से 25 हजार रुपए तक की आर्थिक सहायता दी गई।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर

नाना पाटेकर की पहल केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं रही। 'नाम फाउंडेशन' के माध्यम से किसान परिवारों की महिलाओं को आमदनी का वैकल्पिक जरिया उपलब्ध कराने की कोशिश की गई। महिलाओं को सिलाई मशीनें, आटा चक्कियां और बकरियां दी गईं, ताकि वे अपने परिवार की आय बढ़ा सकें। किसानों के बच्चों की शिक्षा, भोजन और आवास की व्यवस्था में भी सहयोग किया गया। जरूरतमंद और वंचित दंपतियों के लिए सामूहिक विवाह समारोह आयोजित कराए गए।



गूंजती आवाज़

वह आवाज़ जो पर्दे से उतरकर
सीधे दिल में बैठ जाती है,
कभी गरजती, कभी धीमी होकर
आंखों में नमी लाती है।

बिना सजावट, बिना बनावट,
सच के जैसा सीधा तेवर,
किसान के आंसू पोंछते हाथ,
और संवादों में सुलगता अंगार।

कहीं सख़्त, कहीं कोमल मन,
हर किरदार में अपना रंग,
जो भी देखे, याद रखे,
ऐसा है उनका अभिनय-ढंग।

दुआ है कि यह आवाज़ यूं ही
बरसों-बरस गूंजती रहे,
और पर्दे की यह रोशनी
हमारे दिलों में जलती रहे।

कारगिल में 60 दिन सैनिकों के साथ रहे नाना

सेना की क्विक रिएक्शन टीम का बने हिस्सा, द्रास से कुपवाड़ा तक की गश्त, युद्ध के दौरान 20 किलो घटा वजन

अभिनेता नाना पाटेकर की देशभक्ति केवल फिल्मों तक सीमित नहीं थी। 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान उन्होंने भारतीय सेना के साथ करीब 60 दिन बिताए और जवानों के साथ मोर्चे पर सेवाएं दीं। उन्होंने तत्कालीन रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडीस से मुलाकात कर सेना के साथ जाने की अनुमति मांगी थी। अनुमति मिलने के बाद वे सेना की क्विक रिएक्शन टीम (क्यूआरटी) का हिस्सा बने।

नाना पाटेकर ने एक इंटरव्यू में बताया था कि फिल्म 'प्रहार' के लिए उन्होंने मराठा लाइट इन्फैंट्री के साथ सैन्य प्रशिक्षण लिया था। इसी अनुभव के कारण उन्हें सेना की गतिविधियों को करीब से समझने का मौका मिला। कारगिल युद्ध के दौरान वे द्रास, लेह, कुपवाड़ा, बारामूला और सोपोर जैसे इलाकों में रहे। इस दौरान उन्होंने जवानों के साथ गश्त करने के अलावा घायल सैनिकों की मदद भी की और अस्पताल बेस में सेवाएं दीं। नाना ने बताया था कि युद्ध के दौरान उनकी दिनचर्या और परिस्थितियां बेहद कठिन थीं। श्रीनगर पहुंचने के समय उनका वजन करीब 76 किलो था, लेकिन करीब दो महीने बाद लौटे तो वजन घटकर 56 किलो रह गया था। युद्ध के अनुभव ने उन्हें गहराई से प्रभावित किया। नाना पाटेकर को बाद में सेना में मानद कैप्टन का पद दिया गया। उन्होंने 62 वर्ष की उम्र में सेना से सेवानिवृत्ति ली। कारगिल युद्ध के दौरान जब भारतीय जवान अग्रिम मोर्चे पर पाकिस्तान के खिलाफ लड़ रहे थे, उस समय नाना ने अपने अभिनय करियर की परवाह किए बिना सेना के साथ समय बिताया। यही वजह है कि उनकी देशभक्ति का यह अध्याय आज भी उनके प्रशंसकों के लिए प्रेरणादायक माना जाता है।





वर्क आउट करते हुए नाना



नाना के डॉयलॉग जो हमेशा गूंजेंगे

- आ गए मेरी मौत का तमाशा देखने- क्रांतिवीर
- ये मुसलमान का खून, ये हिंदू का खून... बता इसमें मुसलमान का कौन सा, हिंदू का कौन सा- क्रांतिवीर
- सौ में से अस्सी बेईमान, फिर भी मेरा भारत महान- यशवंत
- एक मच्छर साला आदमी को हिजड़ा बना देता है- यशवंत
- धंधे में कोई किसी का भाई नहीं होता- परिंदा
- पंद्रह सौ की नौकरी करने वाला, एक दिन तुझे डेढ़ सौ का कफन पहनाएगा- तिरंगा
- अपना तो उसूल है, पहले लात, फिर बात, उसके बाद मुलाकात- तिरंगा
- हम सब सिस्टम का हिस्सा हैं... सिस्टम डिसाइड करता है, अपन फॉलो करता है- अब तक छप्पन
- भगवान का दिया हुआ सब कुछ है... दौलत है, शोहरत है, इज्जत है- वेलकम
- कुणी घर देता का घर? एका तुफानाला कुणी घर देता का- नटसम्राट

करीब 80 करोड़ की संपत्ति, फिर भी नहीं था दिखावे का शौक

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नाना पाटेकर की अनुमानित नेटवर्थ करीब 50 से 80 करोड़ रुपए के बीच बताई जाती है। हालांकि, यह आधिकारिक आंकड़ा नहीं है। उनकी संपत्तियों में मुंबई का करीब 750 वर्गफुट का 1 बीएचके फ्लैट शामिल था, जिसे उन्होंने दशकों पहले करीब 1.1 लाख रुपए में खरीदा था और जिसकी मौजूदा कीमत करीब 3 करोड़ रुपए बताई जाती है। गोवा में भी उनका घर था। इसके अलावा पुणे के खड़कवासला के पास करीब 27 एकड़ का फार्महाउस बताया जाता है, जहां खेती की जाती थी। उनके पास महिंद्रा जीप सीजे4, महिंद्रा स्कॉर्पियो और ऑडी क्यू7 जैसी गाड़ियां होने की जानकारी भी सामने आई है।

मग हाथ में, चेहरे पर ठहाका



सोशल मीडिया पर नाना पाटेकर का हाथ में मग लेकर जोर-जोर से हंसने वाला वीडियो इन दिनों खूब वायरल होता है। यह कोई अलग से बनाया गया मीम वीडियो नहीं, बल्कि उनके फिल्मी दृश्य का हिस्सा है। नाना के खास अंदाज, चेहरे के हाव-भाव और ठहाके को लोग अलग-अलग घटनाओं और मजेदार परिस्थितियों से जोड़कर रील्स में इस्तेमाल करते हैं। वीडियो पर नए संवाद, गाने और कैप्शन लगाकर इसे मीम का रूप दिया जाता है। खासकर उनकी स्वाभाविक और जोरदार हंसी लोगों को खूब पसंद आती है। यही वजह है कि यह क्लिप सोशल मीडिया पर बार-बार दिखाई देती है।

करोड़ों के मालिक, लेकिन जिंदगी में सादगी

नाना पाटेकर की सबसे खास बात उनकी सादगी थी। करोड़ों की संपत्ति और दशकों की स्टारडम के बावजूद उनका रहन-सहन दूसरे बड़े फिल्मी सितारों की तरह भव्य नहीं रहा। मुंबई में अपेक्षाकृत छोटा फ्लैट, खेती से जुड़ाव और सामान्य जीवनशैली उनकी पहचान रही। वे अक्सर जमीन से जुड़े व्यक्ति के रूप में नजर आए। नाना ने अपनी लोकप्रियता और कमाई का इस्तेमाल सामाजिक कार्यों में भी किया। किसानों और जरूरतमंदों की मदद के लिए उन्होंने 'नाम फाउंडेशन' के जरिए काम किया। यही वजह है कि उनकी पहचान सिर्फ एक सफल अभिनेता या करोड़पति कलाकार के तौर पर नहीं, बल्कि सादगी और सामाजिक सरोकारों से जुड़े इंसान के रूप में भी बनी।



बांद्रा स्कूल ऑफ आर्ट से पढ़ाई करने वाले अभिनेता का नाम रहा चर्चा में

विश्वनाथ से 'नाना' कैसे बने नाना पाटेकर? मां की सहेली के प्यार ने बदल दी पहचान

'विश्वनाथ गजानन पाटेकर', दस्तावेजों में भी दर्ज है 'नाना'

अभिनेता नाना पाटेकर को दुनिया 'नाना' के नाम से जानती है। दमदार अभिनय, तीखे संवाद और सादगी भरी जिंदगी के कारण उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाई। हालांकि, बहुत कम लोग जानते हैं कि उनका असली नाम विश्वनाथ गजानन पाटेकर था। 'नाना' नाम के पीछे भी कोई फिल्मी कहानी नहीं, बल्कि बचपन से जुड़ी एक भावुक याद है। नाना पाटेकर का जन्म 1 जनवरी 1951 को महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के मुरुड-जंजीरा में हुआ था। उनके पिता दिनकर पाटेकर और मां निर्मला पाटेकर थीं। मराठी परिवार में जन्मे नाना ने मुंबई के बांद्रा स्कूल ऑफ आर्ट से पढ़ाई की। बचपन में उनका नाम विश्वनाथ था और स्कूल में उन्हें कई लोग प्यार से 'विशू' भी कहते थे।

मां की सहेली ने प्यार से बुलाया 'नाना'

नाना पाटेकर ने एक पुराने इंटरव्यू में खुद बताया था कि उन्हें 'नाना' नाम उनकी मां की एक करीबी सहेली से मिला। उन्होंने बताया था कि उनकी मां की एक सहेली थीं, जो उनके लिए बिल्कुल बहन जैसी थीं। बचपन में वह उन्हें प्यार से 'नाना-नाना' कहकर बुलाती थीं। धीरे-धीरे घर और आसपास के लोग भी इसी नाम से उन्हें पुकारने लगे और यही नाम उनकी स्थायी पहचान बन गया।



'विशू' कहने पर याद आते हैं स्कूल के दिन

नाना के मुताबिक, अगर आज कोई उन्हें 'विशू' कहकर बुलाता है तो उन्हें तुरंत अंदाजा हो जाता है कि सामने वाला उनके स्कूल के दिनों का कोई पुराना परिचित है। यानी 'विशू' उनके बचपन की पहचान है।

भोपाल
शुक्रवार, 9 अक्टूबर 2026
आश्विन मास कृष्ण पक्ष-14
वर्ष : 13, अंक : 189
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 34
न्यून. 22

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

छात्र आंदोलनों पर मुरली मनोहर जोशी की दो टूक

डंडे चलाना समाधान नहीं, छात्रों की जायज मांगें सुनें


मुरली मनोहर जोशी

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी ने छात्र आंदोलनों से निपटने के तरीके पर कहा कि जायज मांगों को सहानुभूति से सुना जाना चाहिए। उन्होंने प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग और डंडे चलाने को उचित नहीं बताया। अगर कोई समस्या है तो छात्रों की बात सुनी जानी चाहिए, क्योंकि वे हमारे बच्चे हैं। जोशी नई दिल्ली में आयोजित 21वें एफआईसीसीआई उच्च शिक्षा सम्मेलन में बोल रहे थे।

आज राष्ट्रपति से मिलने का प्रयास करेंगे विपक्षी सांसद


राहुल गांधी राजघाट पर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए

सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग पर विपक्ष का तीसरे दिन भी हल्ला बोल, कनॉट प्लेस में लंच किया, फिर राजघाट जाकर बापू को दी श्रद्धांजलि

खरगे: गांधीजी से प्रार्थना- मोदी सरकार को सदबुद्धि दें
भाजपा: अराजकता फैलाने वाले राहुल को मिले सदबुद्धि

राहुल बोले
- मोदी-शाह और ज्ञानेश के खिलाफ एक्शन की गारंटी देते हैं
- देश को हाईजैक करने वालों को सजा मिलेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में इंडिया ब्लॉक के सांसदों का प्रदर्शन गुरुवार को लगातार तीसरे दिन जारी रहा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा समेत विपक्षी सांसद पहले कनॉट प्लेस पहुंचे। यहां खरगे ने विपक्षी ▶▶शेष पेज 4 पर


इंडिया ब्लॉक के सांसदों के इस प्रदर्शन में सपा व तृणमूल पार्टी भी शामिल थी

राष्ट्रपति से मिलने इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने मांगा समय

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एसआईआर समेत चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों को लेकर इंडिया गठबंधन के सांसद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने की तैयारी में हैं। गठबंधन की ओर से राष्ट्रपति भवन से मुलाकात का समय मांगा गया है, लेकिन गुरुवार ▶▶शेष पेज 4 पर

भाजपा प्रवक्ता बोले- सुप्रीम कोर्ट में मामला है तो सड़क पर प्रदर्शन क्यों?


प्रदीप भंडारी

भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि राजघाट पर विपक्षी नेताओं को सद्बुद्धि मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले तीन दिन से राहुल गांधी और विपक्षी नेताओं की अराजकता से देश का हर वह व्यक्ति परेशान है, जो संविधान में ▶▶शेष पेज 4 पर

खबर संक्षेप

पांच दिन से बंद कमरे में पड़ी थीं मां-बेटी की लाशें

गोहपारू। गोहपारू थाना क्षेत्र के नवागांव में गुरुवार को बंद कमरे से मां-बेटी के शव मिलने से सनसनी फैल गई। घर से दुर्गंध आने पर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घर के बाहर लगा ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। मृतकों की पहचान रुचि रजक (30) और उसकी मां सावित्री पति प्रेमलाल (50) के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में रुचि के पति पर हत्या का संदेह है। वह फरार है।



जबलपुर-इंदौर की सीधी उड़ान 24 अक्टूबर से बंद

जबलपुर। इंडिगो ने 24 अक्टूबर से जबलपुर से इंदौर होते हुए हैदराबाद जाने वाली उड़ान सेवा बंद करने का निर्णय लिया है। विंटर शेड्यूल में इस उड़ान को शामिल नहीं किया गया है। जबलपुर और इंदौर के बीच यह एकमात्र सीधी हवाई सेवा थी। इसके बंद होने से इंदौर जाने वाले यात्रियों को अब सड़क मार्ग या दूसरे साधनों पर निर्भर रहना पड़ेगा।



हवाई सफर होगा महंगा बढ़ाया फ्यूल सरचार्ज

नई दिल्ली। हवाई यात्रियों के लिए सफर महंगा होने जा रहा है। एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की बढ़ती कीमतों के बीच फ्यूल सरचार्ज बढ़ाने का फैसला किया है। नई दरें 9 अक्टूबर से लागू होंगी और घरेलू व अंतरराष्ट्रीय दोनों उड़ानों पर प्रभावी रहेंगी। यानी 9 अक्टूबर या उसके बाद यात्रियों को अधिक फ्यूल सरचार्ज देना होगा।



57वीं जीएसटी काउंसिल का बड़ा फैसला, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने की प्रेस ब्रीफिंग

टैक्स अधिकारियों की गिरफ्तारी की शक्ति खत्म, केस की सीमा भी बढ़ी

- मुकदमा चलाने की सीमा भी 1 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपए
- यूपीआई एमडीआर पर काउंसिल मीटिंग में नहीं हुई चर्चा

काउंसिल ने इनपुट टैक्स क्रेडिट दावों पर अधिकारियों की एक कमेटी बनाने का फैसला किया। कमेटी इस बात की जांच करेगी कि उस असली खरीदार को कैसे बचाया जाए जिसके पास सही इनवॉइस है, जिसे सामान मिल गया है और जिसने अपने सप्लायर को पूरा पेमेंट कर दिया है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जीएसटी (वस्तु एवं सेवाकर) काउंसिल ने गुरुवार को टैक्स अधिकारियों की गिरफ्तारी की शक्ति खत्म कर दी। वित्त मंत्रालय ने घोषणा की कि मुकदमा चलाने की सीमा भी 1 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपए कर दी गई है। वित्त मंत्रालय ने ने कहा रेट का स्ट्रक्चर तय हो चुका है, इसलिए काउंसिल अब इस बात पर ध्यान दे रही है कि टैक्स रोजाना कैसे काम करता है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि जीएसटी रेट में बदलाव अब साल में ▶▶शेष पेज 4 पर


केंद्रीय वित्तमंत्री सहित परिषद सदस्य नई दिल्ली में बैठक करते हुए

- जीएसटी रेट में बदलाव अब साल में एक बार होगा
- 15 दिन के बजाए 10 दिन में रिफंड
- 1 नवंबर से हेल्थ, लाइफ इंश्योरेंस पर मिलेगा इनपुट टैक्स क्रेडिट
- 1 देश 1 जीएसटी दर पर भी होगा विचार

कमेटी तीन महीने के भीतर अपनी स्टडी पूरी कर लेगी

अधिकारियों की कमेटी तीन महीने के भीतर अपनी स्टडी पूरी कर लेगी और अगली काउंसिल मीटिंग में एजेंडा पेश किया जाएगा। काउंसिल ने जीएसटी अधिकारियों की गिरफ्तारी की शक्तियां वापस ले लीं। मुकदमा चलाने की सीमा 1 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपए कर दी गई है। कम से कम सजा का प्रावधान हटा दिया गया है। काउंसिल के फैसले के अनुसार हर मामले में सजा (चाहे जुर्माना हो, जेल हो या दोनों) अदालत के ▶▶शेष पेज 4 पर ▶▶पढ़ें पेज 05 भी

सुधारों को वित्तमंत्री ने नेक्स्ट जेनरेशन सुधार प्रक्रिया बताया

वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी काउसिंल मीटिंग में लिए गए फैसलों को अगली पीढ़ी के जीएसटी प्रक्रिया सुधार के रूप में देखा जा रहा है। इसमें डाक्यूमेंट्स और कंप्लायंस को आसान बनाने पर जोर दिया गया है। जीएसटी दस्तावेजी ▶▶शेष पेज 4 पर

भूचाल : सेंसेक्स 1000 अंक टूटा

निवेशकों के 10 लाख करोड़ रुपए स्वाह हो गए


फाइल फोटो

कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आरबीआई की रेपो दर और विदेशी निवेशकों की बिकवाली से बिगड़ा बाजार का मूड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को कारोबार के आखिरी दौर में भारी गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स और निफ्टी में तेज बिकवाली के चलते निवेशकों के करीब 10.10 लाख करोड़ रुपए डूब गए। दोपहर 1 बजे तक बीएसई का सेंसेक्स 1000 अंक से ज्यादा टूटकर 71,567 के स्तर पर आ गया, जबकि एनएसई का निफ्टी 350 अंक से अधिक फिसलकर 22,231 पर कारोबार कर रहा था। रिलायंस इंडस्ट्रीज और अडानी पोर्ट्स समेत कई बड़ी कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। बुधवार को बाजार बंद होने ▶▶शेष पेज 4 पर

पटवारी ने नारियल पानी पिलाया

18 दिन बाद... शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों का अनशन खत्म


जीतू पटवारी अनशन तुड़वाते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिक्षक भर्ती वर्ग-2 और 3 में पद वृद्धि की मांग को लेकर डीपीआई कार्यालय के बाहर चल रही अभ्यर्थियों की भूख हड़ताल गुरुवार को 18 दिन बाद खत्म हो गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आंदोलनकारी युवाओं से मुलाकात की और उन्हें समझाइश देकर नारियल पानी पिलाकर अनशन समाप्त कराया। उन्होंने कहा कि ऐसी निर्दयी सरकार से लड़ने के लिए जीवित रहना जरूरी है। पटवारी ने कहा कि 18 दिन से युवा आंदोलन कर रहे थे, लेकिन सरकार ने उनकी सुध नहीं ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षकों के करीब तीन लाख पद खाली हैं। सरकार को बड़े मन से अभ्यर्थियों की मांग पर न्यायसंगत फैसला लेना चाहिए। कांग्रेस विधायक भी इस मुद्दे को विधानसभा में उठाएंगे। पटवारी ने कहा कि सरकार हेलिकॉप्टर, ▶▶शेष पेज 4 पर

- कहा- निर्दयी सरकार से लड़ने के लिए जिंदा रहना जरूरी

पूर्व जज गिरिबाला सिंह की जमानत फिर अटकी

हाईकोर्ट में सीबीआई ने कहा धारा 80(2) नहीं हटाई गई

दहेज हत्या की धारा हटाने का दावा सीबीआई ने 'नकारा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



त्विशा शर्मा आत्महत्या मामले में पूर्व जज गिरिबाला सिंह की जमानत पर गुरुवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई, ले कि न फैसला एक बार फिर टल गया। जस्टिस अजय कुमार निरंकारी की सिंगल बेंच के सामने सीबीआई ने गिरिबाला के संशोधित ज मा न त आवेदन पर आपत्ति दर्ज कराई। सीबीआई ने स्पष्ट किया कि गिरिबाला के खिलाफ दहेज हत्या से जुड़ी धारा 80(2) हटाए जाने का दावा सही नहीं है। सीबीआई के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि जांच के दौरान आत्महत्या के लिए उकसाने से संबंधित धारा 108 जरूर जोड़ी गई है, लेकिन ▶▶शेष पेज 4 पर


गिरिबाला सिंह

सीबीआई ने कहा जांच अब तक पूरी नहीं हुई

सीबीआई ने कहा कि जांच अभी पूरी नहीं हुई है। आरोपियों के मोबाइल फोन का डाटा एक्सट्रैक्ट करने और सीसीटीवी के डीवीआर की जांच से संबंधित रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है। जरूरत पड़ने पर जांच में और धाराएं भी जोड़ी जा सकती हैं। सीबीआई इससे पहले गिरिबाला की जमानत का विरोध करते हुए हाईकोर्ट में 1154 पन्नों ▶▶शेष पेज 4 पर

प्रसूता की मौत मामले में कार्रवाई

43 दिन के बाद महिला डॉक्टर को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा


डॉ. गुंजन गोस्वामी पर गिरी गाज

संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल में प्रसूता कल्पना मिश्रा और उनके नवजात बच्चे की मौत के 43 दिन बाद शासन ने एक और कार्रवाई की है। अस्पताल के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. गुंजन गोस्वामी को निलंबित कर दिया गया है। शासन द्वारा जारी आदेश के मुताबिक निलंबन अवधि में उनका कार्यस्थल संयुक्त संचालक- ▶▶शेष पेज 4 पर



कुछ जिलों में बारिश-बादल, तापमान पर असर नहीं, उमस बरकरार

प्रदेश में औसत पारा 33 डिग्री और भोपाल में 36 डिग्री तक पहुंचा, सामान्य से 2.5 डिग्री ऊपर, अभी थमा रहेगा पारा

रीवा, सीधी, सिंगरौली में सुबह से शाम तक बारिश रात में बैतूल, छिंदवाड़ा, कटनी-सीधी में बरसा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित अधिकांश जिलों में अभी मौसम साफ बना हुआ है। इस बीच गुरुवार को कुछ जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। लेकिन, इससे दिन के तापमान में विशेष बदलाव नहीं रहा। प्रदेश में दिन का औसत पारा 33 डिग्री के ऊपर रहने से उमस और हल्की गर्मी महसूस की गई।

भोपाल में पारा लगातार तीसरे दिन दशमलव 5 डिग्री की घट-बढ़ के साथ 35.8 डिग्री के करीब थमा रहा। यह सामान्य से 2.5 डिग्री ऊपर है। मौसम केंद्र के अनुसार अगले दो दिन मौसम में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार प्रदेश के आसपास दो सकुर्लेशन से कुछ जिलों में मौसम मामूली रुप से बदल रहा है।


अमरकंटक में तेज बारिश

आज यहां हल्की बारिश की उम्मीद

शुक्रवार से शनिवार के बीच सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, मंडला, बालाघाट, मैहर में कुछ जगह हल्की बारिश और बौछारें पड़ सकती हैं। हालांकि, इस बीच तेज बारिश की उम्मीद नहीं है।

अगले सप्ताह बदल सकता है मौसम

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार वर्तमान में प्रदेश में कोई प्रभावी सिस्टम नहीं है। भोपाल में अक्टूबर की शुरूआत से पहला सप्ताह पूरी तरह सूखा रहा है। सामान्य तौर पर 8 अक्टूबर तक शहर में करीब 13 मिमी बारिश होना थी, जो कम दर्ज हुई है। अब तक मानसून छत्तीसगढ़ के अधिकांश हिस्सों के साथ ही महाराष्ट्र तेलंगाना और गोवा के अधिकांश हिस्सों से जा चुका है। अगले 3-4 दिनों में पूर्व भारत और उत्तरी प्रायद्वीप के कुछ और हिस्सों से विदाई लेगा। इसके साथ ही पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता बढ़ेगी। पूरी उम्मीद है कि अगले सप्ताह कुछ जिलों के साथ ही भोपाल में भी हल्की बौछारें पड़ सकती हैं।

6 अधिकारियों के विरुद्ध डीई के चलते लिफाफा बंद रखने का लिया निर्णय

पीडब्ल्यूडी में 15 पदों पर प्रमोशन देने हुई डीपीसी मस्के, खांडे, वर्मा और बघेल का प्रमोशन अटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लोक निर्माण विभाग में अधीक्षण यंत्री से चीफ इंजीनियर के पद पर प्रमोशन देने हुई सीएस की अध्यक्षता में डीपीसी में 6 अधिकारियों के विरुद्ध डीई के चलते लिफाफा बंद रखने का निर्णय लिया गया। जबकि अन्य 15 अधिकारियों के नाम पर सहमति बन गई। जिनके नाम अटक गए हैं, उनमें अधीक्षण यंत्री संजय मस्के, संजय खांडे, जीपी वर्मा, सीपी वर्मा, जिले सिंह बघेल तथा एसएल सूर्यवंशी का नाम शामिल हैं। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई पीडब्ल्यूडी विभाग की विभागीय प्रमोशन समिति (डीपीसी) की बैठक में विभागीय जांच के चलते 6 अधीक्षण यंत्रियों के नामों पर सहमति नहीं बनी



फाइल फोटो।

है। इनके विरुद्ध डीई के चलते लिफाफा बंद करने का निर्णय लिया गया। इनमें सबसे पावरफुल अधिकारी संजय मस्के, एसएल सूर्यवंशी के अलावा संजय खांडे, जीपी वर्मा, सीपी वर्मा, जिले सिंह बघेल का नाम है।

इनमें से ईएनसी भी बनेंगे अधिकारी

वर्तमान में ईएनसी के पद पर अधीक्षण यंत्रियों को प्रभारी ईएनसी बना रखा है, इनमें आरएल वर्मा, शालिगराम बघेल, केपीएस राणा का नाम है, जबकि योजना आयोग में सलाहकार के पद पर भी अधीक्षण यंत्री एसएल सूर्यवंशी, सचिव के पद पर अधीक्षण यंत्री एआर सिंह को उपसचिव बना रखा है। वैसे विभाग में ईएनसी के 5 पद स्वीकृत हैं। अब चीफ इंजीनियर के प्रमोशन आदेश जारी होने के बाद ईएनसी के पदों पर डीपीसी की जाएगी, इसके लिए जीएडी को नियमों को शिथिल करना होगा, उसके बाद ही डीपीसी हो सकेगी। इस डीपीसी के आदेश जारी होने के बाद ईएनसी के छह पद के लिए फिर से बैठक के बाद निर्णय होगा।

विभाग में चीफ इंजीनियर के 23 पद खाली

वैसे विभाग में चीफ इंजीनियर के 23 पद खाली है। लेकिन जिन 15 पदों के लिए डीपीसी में अधिकारियों के नाम पर सहमति बन गई है, उनमें पीआईयू के संचालक शालिगराम बघेल, आरडीसी में प्रभारी ईएनसी केपीएस राणा, मंत्रालय में पदस्थ उप सचिव एआर सिंह, प्रभारी ईएनसी रामलाल वर्मा, व्हींके आरख, योगेंद्र सिंह बागोल, ब्रिज सीई गोपाल सिंह, राजधानी परिक्षेत्र के सीई एससी वर्मा, सुरेंद्र राव गोरखडे, आनंद प्रकाश राणे, बीपी बोरासी, राजेश कागरा, भगवान सिंह मीणा, चंद्रपाल सिंह तथा केशव सिंह यादव का नाम शामिल हैं। वर्ष 2025 की ग्रेडेशन सूची में 24 अधीक्षण यंत्रियों में से रूप सिंह भील, छक्कन सिंह खरत तथा गणेश प्रसाद वर्मा रिटायर्ड हो चुके हैं। डीपीसी में प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस मामले में प्रमोशन आदेश सीएस की सहमति के बाद जारी होंगे।

बैठक सामुदायिक भवनों का किया लोकार्पण

जनसंवाद-जनभागीदारी ही सर्वांगीण विकास की मजबूत आधारशिला : खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने गुरुवार को बैतूल में मुख्यमंत्री जन विश्वास कार्यक्रम के तहत पांच क्लस्टरों सोहागपुर, बारहवीं, गोराखार, बाघोली एवं बैतूल बाजार की बैठकों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होने 42 लाख की लागत से बने तीन सामुदायिक भवनों का लोकार्पण कर बैतूल बाजार में आम नागरिकों से संवाद करते हुए कहा कि जनसंवाद और जनभागीदारी ही क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की मजबूत आधारशिला है।

जनसंवाद से विकास को नई दिशा मिल रही है। विकास कार्यों में जनता की भागीदारी जरूरी है। विकास केवल सड़क, नाली और भवन बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका वास्तविक उद्देश्य नागरिकों के जीवन को सुविधाजनक और बेहतर बनाना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री खण्डेलवाल ने मुख्यमंत्री जन विश्वास कार्यक्रम में गांव-गांव पहुंचकर ग्रामीणों और नगरीय क्षेत्रों में शहरवासियों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना।



पांच क्लस्टरों में 33 गांवों के ग्रामीणों से सीधा संवाद

खण्डेलवाल ने मुख्यमंत्री जन विश्वास कार्यक्रम के तहत सोहागपुर क्लस्टर में जैतापुर, आरुल, बुंडाला, बंजारढाना, जुनावानी, नाहिया, साईंखंडारा, खापा, मिलानपुर और रोंधा सहित गांवों के ग्रामीणों से संवाद किया। बारहवीं क्लस्टर में बारहवीं, गुढ़ी, अर्जुनवाड़ी, रेढ़वा, घोघरी, डोडरामोहाड़, जावरा, थावड़ी, सुनारखापा और नागझिरी क्षेत्र के नागरिक शामिल हुए। इसके अतिरिक्ति अन्य ग्रामीणों से संवाद किया। इसके साथ ही 42 लाख रुपए की लागत से सोहागपुर, गोराखार और बाघोली में निर्मित तीन सामुदायिक भवनों का लोकार्पण भी किया।

ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, निराकरण के निर्देश

खण्डेलवाल ने पांचों क्लस्टर बैठकों में ग्रामीणों की सड़क, नाली, स्वच्छता, विद्युत, पेयजल, सिंचाई सहित विभिन्न नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीणों के सुझावों पर सकारात्मक विचार कर कार्यरूप में परिणित करने का आश्वासन दिया।

मध्यप्रदेश में नए निवेश और विस्तार के लिए आमंत्रित करते हुए दिया आश्वासन

निवेशकों को इकाइयां लगाने में पूरा सहयोग करेगी मध्यप्रदेश सरकार: सीएम डॉ. यादव

प्रमुख औद्योगिक प्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री ने की निवेश प्रस्तावों पर चर्चा

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश की केंद्रीय भौगोलिक स्थिति, औद्योगिक भूमि की उपलब्धता, विकसित हो रही अधोसंरचना और कुशल कार्यबल उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। सरकार का प्रयास है कि निवेशकों को भूमि, बिजली, पानी, सड़क, ऊर्जा और अन्य आवश्यक सुविधाएं सुगमता से उपलब्ध हों। निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारकर युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने उद्योग जगत को मध्यप्रदेश में नए निवेश और विस्तार के लिए आमंत्रित करते हुए आश्वस्त किया कि उन्हें इकाइयां लगाने में पूरा सहयोग प्रदान किया जाएगा। डॉ यादव ने मुंबई में आयोजित 'मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर संवाद' कार्यक्रम अंतर्गत आरपीजी, वेलस्पन, आईनॉक्स, भिलोसा, इप्का और सन फार्मा के प्रमुखों से वन-टू-वन चर्चा की। बैठकों में विभिन्न क्षेत्रों की निवेश योजनाओं, संभावित स्थलों, परियोजनाओं के क्रियान्वयन, औद्योगिक सुविधाओं और आवश्यक प्रोत्साहनों पर विचार-विमर्श हुआ।


मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में उद्योगपतियों से चर्चारत मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

आरपीजी समूह ने ट्रांसमिशन, टायर में दर्शाई रुचि

मुख्यमंत्री डॉ यादव से आरपीजी समूह के अध्यक्ष हर्ष गोयनका की मुलाकात में विद्युत पारेषण, टायर निर्माण और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। गोयनका ने जबलपुर में विद्युत पारेषण क्षेत्र में निवेश करने की इच्छा व्यक्त की। टायर निर्माण इकाई के लिए रतलाम, सागर और जबलपुर संभावित स्थलों के रूप में चर्चा में आए। उज्जैन के आईटी बिल्ट-अप पार्क की प्लग-एंड-प्ले सुविधाओं के उपयोग तथा संभावित निवेश स्थलों का दौरा कर व्यावसायिक संभावनाओं का आंकलन करने पर भी संवाद हुआ। समूह की प्रमुख कंपनियों में केईसी इंटरनेशनल, सिएट और जेनसार टेक्नोलॉजीज शामिल हैं।

वेलस्पन समूह टेक्सिनकल टेक्सटाइल पार्क में संभावनाएं तलाशेगा

वेलस्पन एंटरप्राइजेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक संदीप गर्ग से चर्चा में पाइप निर्माण, टेक्निनकल टेक्सटाइल और अधोसंरचनात्मक क्षेत्र की निवेश योजनाओं पर विचार-विमर्श हुआ। समूह ने मिल की भूमि पर टेक्निनकल टेक्सटाइल पार्क विकसित करने में निवेश तथा प्रस्तावित पार्क में एंकर यूनिट स्थापित करने की इच्छा व्यक्त की। बैठक में वेलस्पन कॉर्प के एमएस लाइन पाइप क्षेत्र में 150 करोड़ रूपए के निवेश और सिंटेक्स के 700 करोड़ रूपए के प्रगतिरत निवेश पर भी चर्चा हुई।

7,500 करोड़ के निवेश की प्रस्तुत की योजना

प्रबंध निदेशक भिलोसा इंडस्ट्रीज संदीप जैन ने पीएम मित्र पार्क, धार को केंद्र में रखते हुए मध्यप्रदेश में चरणबद्ध रूप से कुल 7,500 करोड़ के निवेश और करीब 3,750 रोजगार के अवसरों की योजना प्रस्तुत की। कंपनी ने प्रारंभिक रूप से लगभग 2,500 करोड़ रूपए के पूंजीगत निवेश से कार्य शुरू करने तथा समग्र निवेश को चरणबद्ध रूप से आगे बढ़ाने की जानकारी दी। धार–इंदौर क्षेत्र में पॉलिस्टर यार्न, फायबर, निटेड फैब्रिक और मैन-मेड फायबर आधारित नॉन-गारमेंट फैब्रिक के एकीकृत विनिर्माण तथा सूक्ष्म एवं लघु सहायक इकाइयों के विकास की संभावनाओं पर भी संवाद हुआ।

सेमीकंडक्टर - ग्रेड सिलेन गैस संयंत्र का प्रस्ताव

आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ जैन से औद्योगिक गैस एवं सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश पर चर्चा हुई। कंपनी के प्रस्ताव के अनुसार मध्यप्रदेश में 1,260 करोड़ रूपए के निवेश से देश का पहला अति-उच्च शुद्धता वाला सेमीकंडक्टर-ग्रेड सिलेन गैस संयंत्र स्थापित करने की योजना है। अप्रैल 2029 से उत्पादन प्रारंभ करना प्रस्तावित है। परियोजना से लगभग 350 करोड़ रूपये के आयात प्रतिस्थापन और 320 से अधिक स्थानीय रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है।

इप्का के 1,080 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव

इप्का लैबोरेटरीज लिमिटेड प्रबंध निदेशक एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी अजीत कुमार जैन से देवास और विक्रम उद्योगपुरी, उज्जैन में प्रस्तावित परियोजनाओं पर चर्चा हुई। कंपनी का देवास में लगभग 1,000 करोड़ रूपए और विक्रम उद्योगपुरी में लगभग 80 करोड़ रूपए के निवेश का प्रस्ताव है। दोनों परियोजनाओं से लगभग 1,500 रोजगार सृजन की संभावना है, जिनमें देवास से लगभग 1,000 और विक्रम उद्योगपुरी से लगभग 500 रोजगार शामिल हैं।

सन फार्मा की पीथमपुर परियोजना पर हुई विस्तृत चर्चा

सन फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप सांघवी से पीथमपुर में लगभग 3,000 करोड़ रूपए की ग्रीनफील्ड परियोजना के क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। परियोजना के अंतर्गत भारत, अमेरिका, यूरोप और अन्य बाजारों के लिए औषधि फॉर्मूलेशन की विनिर्माण सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे 1,750 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है, जिनमें लगभग 1,250 प्रत्यक्ष और 500 अप्रत्यक्ष रोजगार शामिल हैं।

मोदी के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजन

'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' में शामिल होंगे पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा, समर्पण के 25 साल पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल शुक्रवार 9 अक्टूबर को भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम टीटी नगर स्टेडियम में सुबह 10:30 बजे होगा। कार्यक्रम में प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मप्र शासन के मंत्री, सांसद, विधायक, महापौर, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता सहभागिता करेंगे।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में जनसमस्याओं का निराकरण

मंत्री करण सिंह वर्मा, मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने सुनीं कार्यकर्ताओं की जनसमस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र शासन के कैबिनेट मंत्री करण सिंह वर्मा एवं मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी जनसमस्याओं एवं सुझावों को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जिन प्रकरणों में विभाग की कार्रवाई आवश्यक है, उन्हें शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। मप्र शासन के कैबिनेट मंत्री करण सिंह वर्मा एवं मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि कार्यकर्ताओं के माध्यम से प्राप्त जनसमस्याओं का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर उसके समाधान का प्रयास किया जाएगा। आमजन की जनसमस्याओं का समाधान और उन्हें शासन की योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित करना मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल के नेतृत्व में संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

मप्र ट्रैवल मार्ट से प्रदेश के आतिथ्य को मिलेगी वैश्विक पहचान: बर्णवाल

मुख्य सचिव बर्णवाल और केंद्रीय पर्यटन सचिव कुमार ने किया 'मप्र ट्रैवल मार्ट' में एग्जिबिशन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल और केंद्रीय सचिव पर्यटन मंत्रालय भुवनेश कुमार ने कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर मे 'मप्र ट्रैवल मार्ट 2026' (सप्तम संस्करण) के दूसरे दिन एग्जिबिशन का शुभारंभ किया। मुख्य सचिव बर्णवाल ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन का निरंतर विकास हो रहा है और



पर्यटकों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापार को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मध्य प्रदेश ट्रैवल मार्ट में लगाई गई यह प्रदर्शनी टूर ऑपरेटर्स, होटल व्यवसायियों व होम-स्टे संचालकों जैसे स्टेकहोल्डर्स को व्यावसायिक गतिविधियों के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान करेगी। मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने एग्जिबिशन का अवलोकन कर इंटरैक्टिव डिजिटल डिस्प्ले और एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित डिजिटल पहल की भी जानकारी प्राप्त की।

पर्यटन ग्राम पंचवटी तैयार की गई

मप्र टूरिज्म बोर्ड द्वारा संचालित ग्रामीण पर्यटन कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यटकों को अनूठे ग्रामीण जीवन का अनुभव कराया जा रहा है। इस जीवंत प्रदर्शनी स्थल पर आगंतुकों के लिए होम-स्टे का अनुभव, स्टारगेजिंग, बैलगाड़ी की सवारी, साइकलिंग, जनजातीय लोक नृत्य, पारंपरिक वाद्ययंत्रों की प्रस्तुतियाँ, तीर-कमान चलाने की कला, तथा विभिन्न हस्तकलाओं की प्रदर्शनी जैसी आकर्षक गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं।

ट्रैवल-टूर ऑपरेटर्स हॉस्पिटेलियर्स से संवाद

मुख्य सचिव बर्णवाल ने प्रदर्शनी में विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन करते हुए देश-विदेश से आए ट्रैवल-टूर ऑपरेटर्स, होटल व्यवसायियों और होमस्टे संचालकों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने हितधारकों से उनके व्यावसायिक पैकेजेस, आगामी योजनाओं और मध्यप्रदेश में पर्यटन विस्तार की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा कर उनका उत्साहवर्धन किया।

लोकतंत्र, संविधान और मतदान के अधिकार की रक्षा का लिया संकल्प

दिल्ली पुलिस की कार्रवाई को लेकर कांग्रेस का भोपाल में हल्लाबोल, 'वोट बचाओ, देश बचाओ' आंदोलन का आगाज

कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में काला दिवस के रूप में किया प्रदर्शन

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

दिल्ली में निर्वाचन आयोग से जवाब मांगने के लिए शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी एवं इंडिया गठबंधन के सांसदों को रोके जाने और हिरासत में लिए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस भोपाल द्वारा 'वोट बचाओ, देश बचाओ' पैदल मार्च एवं विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। यह पैदल मार्च व्यापमं चौराहा से प्रारंभ होकर बोर्ड ऑफिस चौराहा स्थित डॉ बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा तक पहुंचा।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र, संविधान और मतदान के अधिकार की रक्षा का संकल्प लेते हुए केंद्र सरकार और निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सवालों को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि दिल्ली में मुख्य निर्वाचन आयुक्त से मिलने जा रहे इंडिया गठबंधन के सांसदों के साथ हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में गुरुवार को कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में 'काला दिवस' मनाया है।



कांग्रेस ने प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ बदसुलूकी के विरोध में किया प्रदर्शन।


विरोध प्रदर्शन कर रहीं कांग्रेस की महिला नेत्रियां एवं कार्यकर्ता और पदाधिकारीगण।

लोकतांत्रिक तरीके से जनता की आवाज उठाते रहेंगे

पटवारी ने कहा कि कांग्रेस का स्पष्ट सवाल है कि मतदाता सूची और चुनाव प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवालों का जवाब निर्वाचन आयोग और सरकार कब देगी? कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से जनता की आवाज उठाती रहेगी और वोट के अधिकार की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का संघर्ष किसी व्यक्ति या संस्था के खिलाफ नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक के वोट के अधिकार, संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश की आजादी की लड़ाई से लेकर संविधान निर्माण और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने तक ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। आज जब देश में मतदाता के अधिकार और लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता को लेकर सवाल उठ रहे हैं, तब कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी।

पैदल मार्च और प्रदर्शन में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पटवारी के अलावा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, मीडिया विभाग अध्यक्ष मुकेश नायक, विधायक आरिफ मसूद, विधायक आतिफ अकील, संगठन महामंत्री संजय कामले, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी, सेवादल प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव, एनएसयूआई अध्यक्ष आशुतोष चौकसे, वरिष्ठ नेता मानक अग्रवाल, जेपी धनोपिया, अरुण श्रीवास्तव, जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष अनोखी मानसिंह पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विभिन्न प्रावधानों के सरलीकरण करने का आव्हान

फायर एक्ट के ड्राफ्ट पर उद्योग संगठनों ने उठाए सवाल, नियम सरल करने और दोहरे अनुपालन से राहत की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में प्रस्तावित फायर एक्ट एवं नियमों के ड्राफ्ट को लेकर उद्योग संगठनों ने व्यावहारिक समस्याओं और सुझावों को सरकार के सामने रखा। फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के कार्यालय में आयोजित बैठक में फायर एनओसी, फायर ऑडिट, निरीक्षण, नोटिस, सीलिंग और फायर टैक्स से जुड़े प्रावधानों को सरल एवं स्पष्ट करने की मांग की गई। फेडरेशन अध्यक्ष हिमांशु खरे की अध्यक्षता में हुई बैठक में नगरीय विकास एवं आवास विभाग की ज्वाइंट डायरेक्टर शिखा नरवाल ने प्रस्तावित नियमों की जानकारी दी और उद्योग प्रतिनिधियों के सवालों के जवाब दिए।

अतिरिक्त 45 दिन का समय देने का सुझाव

उद्योग प्रतिनिधियों ने फैक्ट्री एक्ट के तहत पंजीकृत इकाइयों को फायर एनओसी से छूट देने और अलग-अलग विभागों के दोहरे अनुपालन से राहत की मांग की। नरवाल ने स्पष्ट किया कि नोटिफाइड एरिया में फैक्ट्री एक्ट के तहत पंजीकृत इंडस्ट्री को फायर एनओसी लेने की आवश्यकता नहीं होगी। हालांकि, एनओसी से मुक्त इकाइयों के फायर ऑडिट और विभागीय निरीक्षण से जुड़े प्रावधानों को भी स्पष्ट करने की मांग की गई। एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज देवास के मनोज शर्मा ने सुधार के लिए प्रस्तावित 30 दिन की अवधि बढ़ाकर 90 दिन करने और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त 45 दिन का समय देने का सुझाव दिया।

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 09 अक्टूबर 2026


न्यू मार्केट मेंछोले-भटूरे की दुकान में लगी आग से जला पूरा सामान


आग बुझाने के लिए लगी पानी के टैंकरों की लंबी कतार।


दुकानों में लगी भीषण आग की ऊंची उठती लपटे।

सिलेंडर ब्लास्ट के बाद भड़की आग, आसपास की 12 से 15 रेहड़ियां भी चपेट में आई

भीषण आग में 60 से ज्यादा लोगों ने भाग कर बचाई जान

छोले-भटूरे की दुकान में भड़की आग से 30 फीट ऊंची उठीं लपटें, सात दुकानें हुई खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- बड़ा सवाल: क्या शॉर्ट सर्किट से दुकानें चढ़ी आग की भेंट
- क्या दुकान की चिमनी बनी भीषण आग लगने का कारण
- क्या लिकेज गैस सिलेंडर में ब्लास्ट से लगी छोले भटूरे की दुकान में आग
- भीषण आग पर 3 घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

न्यू मार्केट में गुरुवार दोपहर छोले-भटूरे की दुकान में अचानक भीषण आग भड़क गई। आग इतनी तेज थी कि लपटें करीब 30 फीट तक उठने लगीं और धुएं का गुबार करीब दो किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहा था। इधर, दुकान में मौजूद 60 से ज्यादा लोग जान बचाकर बाहर भागे। कुछ ही देर में आग आसपास की 6-7 दुकानों और 12-15 रेहड़ियों तक पहुंच गई। करीब तीन घंटे से ज्यादा की मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया।

आग की शुरुआत बालाजी छोले-भटूरे की दुकान से हुई। प्रत्यक्षदर्शी सौरभ तिवारी के मुताबिक, दुकान में छोले-भटूरे बनाए जा रहे थे। इसी दौरान भट्ठी के पास धुएं के साथ अचानक आग भड़क गई। ऊपर लगे बैनर ने भी आग पकड़ ली और देखते ही देखते लपटें तेज हो गईं। दुकान में दो गैस सिलेंडर रखे होने की बात सामने आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सिलेंडर में ब्लास्ट के बाद आग और भड़कने की आशंका है।

व्यापरियों ने कहा- दुकानों में दिवाली का स्टॉक भरा हुआ था, भीषण आग से करीब एक करोड़ के नुकसान की आशंका


दुकानों की आग बुझाता दमकल अमला।

आग सबसे पहले छोले-भटूरे की दुकान से लगी और इसके बाद पास की कुर्ता-पायजामा की दुकान, मोबाइल शॉप, चार मंजिला बर्तन की दुकान और रेडीमेड कपड़ों की दुकान तक पहुंच गई। आसपास खड़ी 12-15 रेहड़ियां भी जल गईं। दुकानदारों के मुताबिक दुकानों में दिवाली का स्टॉक भरा हुआ था, जिससे नुकसान काफी बढ़ गया। व्यापारियों ने लगभग एक करोड़ रुपए के नुकसान की बात कही है। संदीप गारमेंट्स के संचालक संजय कुमार जैन ने बताया कि आग की सूचना नगर निगम की फायर ब्रिगेड को दी गई थी। उनके मुताबिक दमकल वाहन करीब आधे घंटे बाद पहुंचा। तब तक आग आसपास की दुकानों तक फैल चुकी थी। उन्होंने अपनी दुकान में करीब एक करोड़ रुपए के नुकसान की बात कही।

अतिक्रमण से दमकल को पहुंचने में हुई परेशानी

व्यापारियों ने न्यू मार्केट में अतिक्रमण को लेकर नाराजगी जताई। उनका कहना था कि चौराहे और मंदिर के आसपास सड़क पर अतिक्रमण व भीड़ के कारण दमकल वाहनों को अंदर पहुंचने में परेशानी हुई। आग बुझाने के लिए 15 से ज्यादा दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। दमकलकर्मियों को आग तक पहुंचने के लिए एक दुकान की दीवार भी तोड़नी पड़ी। इसके बाद अंदर जाकर दुकानों की जांच की गई और आग पूरी तरह बुझाई गई।

फायर ब्रिगेड अधिकारी बोले- जांच के बाद पता चल सकेंगे आग लगने के कारण

फायर ब्रिगेड अधिकारी सौरभ पटेल ने बताया कि आग में 6 से 7 दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो गई हैं। हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। पूछताछ में दुकानदारों ने सिलेंडर फटने से आग लगने की बात कही है, लेकिन इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है। आग लगने के वास्तविक कारणों का जांच के बाद ही पता चल सकेगा। अभी मामले की गहनता से जांच कराई जाएगी।

व्यापारियों ने अतिक्रमण को लेकर किया विरोध

न्यू मार्केट में अवैध तरीके से लगने वाली दुकानों और अतिक्रमण को लेकर व्यापारियों ने विरोध जताया और कहा कि अतिक्रमण के कारण दमकल की गाड़ियों को अंदर पहुंचने में परेशानी हुई। वहीं आग की घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे विधायक भगवानदास सबनानी और महापौर मालती राय ने व्यापारियों से कहा कि यह बड़ी घटना है इससे सबक लेने की जरुरत है। जल्द ही न्यू मार्केट को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।


घटनास्थल पर पहुंचे विधायक सबनानी।

खेड़ापति हनुमान मंदिर तक नहीं पहुंच सकी लपटें

बालाजी छोले-भटूरे की दुकान खेड़ापति हनुमान मंदिर के ठीक पीछे है। दुकान और मंदिर के बीच दीवार होने के कारण आग मंदिर तक नहीं पहुंची। घटना के बाद पूरे न्यू मार्केट में अफरा-तफरी मच गई और सड़क पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए।

ऑनलाइन भुगतान बंद रहने से कई व्यापारिक सौदे और माल की आपूर्ति में हुई देरी

'नो यूपीआई डे': भोपाल के थोक बाजार में 25 से 30 फीसदी तक कारोबार रहा ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

यूपीआई भुगतान पर संभावित शुल्क के विरोध में राजधानी भोपाल के दाल-चावल और किराना सामग्री के थोक व्यवसायियों द्वारा गुरुवार को 'नो यूपीआई डे' मनाया गया । व्यापारियों के इस 'नो यूपीआई डे' ने भोपाल थोक बाजारों की रफ्तार थाम दी। क्योंकि हनुमानगंज, जुमेराती, जनकपुरी, आजाद मार्केट सहित सभी थोक व्यापारियों ने ऑनलाइन पेमेंट का बहिष्कार किया।

यूपीआई बंद रहने से थोक और खुदरा कारोबार दोनों में करीब 25 से 30 फीसदी तक व्यवसय प्रभावित हुआ और करोड़ों रुपए के व्यापार पर असर पड़ा। सबसे बड़ा झटका हनुमानगंज और जुमेराती की दाल, चावल और अनाज मंडियों में दिखाई दिया, यहां ऑनलाइन भुगतान पूरी तरह बंद रहने से कई व्यापारिक सौदों और माल की आपूर्ति में देरी हुई। दूसरी ओर, बाजार में नकदी की अचानक ऐसी मांग बढ़ी कि सामान्य दिनों की तुलना में कैश का प्रवाह 70 से 80 प्रतिशत तक बढ़ गया।

बाजार में नकदी की मांग से कैश का प्रवाह 70 से 80 फीसदी तक बढ़ा

ऑनलाइन पेमेंट नहीं होने से ग्राहकों को खरीदारी रोकनी पड़ी, कई को एटीएम बूथ जाना पड़ा



चावल-दाल व्यापारी संघ के अध्यक्ष महेश रामरख्यानी और महासचिव सचिन संगतानी ने कहा कि व्यापारियों ने दुकानों पर लगे क्यूआर कोड और भुगतान के ध्वनि उपकरणों पर काला कपड़ा बांधकर यूपीआई का बहिष्कार किया। दो हजार रुपए से अधिक के भुगतान के लिए ग्राहकों से साफ कहा गया कि भुगतान केवल नकद में ही लिया जाएगा। इसका असर यह हुआ कि जो ग्राहक जेब में पर्याप्त नकदी लेकर नहीं पहुंचे थे, उन्हें खरीदारी रोकनी पड़ी या एटीएम की ओर जाना पड़ा।

25 फीसदी तक कारोबार प्रभावित, करोड़ों का व्यापार अटका

भोपाल किराना व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष सुनील पंजाबी और थोक दाल-चावल व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष ईश्वरदास संगतानी ने कहा कि सामान्य दिनों में भोपाल के बाजारों में 80 प्रतिशत से अधिक लेन-देन डिजिटल माध्यम से हो रहा है। ऐसे में अचानक यूपीआई भुगतान बंद होने से भुगतान व्यवस्था पर सीधा असर पड़ा। व्यापारिक संगठनों





का दावा है कि इस एक दिन में थोक और खुदरा बाजारों का कारोबार करीब 25 प्रतिशत तक प्रभावित हुआ। बड़ी रकम के सौदों में नकदी की व्यवस्था होने तक भुगतान अटक गया, जिससे माल की उठाव और आपूर्ति भी प्रभावित हुई। उल्लेखनीय है कि हनुमानगंज और जुमेराती के दाल, चावल एवं अनाज बाजारों में 'नो यूपीआई डे' का असर ज्यादा रहा। यहां ऑनलाइन भुगतान पूरी तरह रोका। व्यापारियों के अनुसार, थोक मंडियों में दिनभर का लेन-देन लगभग शत-प्रतिशत नकदी पर सिमट गया।

एक दिन में सामने आई डिजिटल निर्भरता

नो यूपीआई डे के दौरान बाजार में जिस तरह नकदी की मांग अचानक बढ़ी, उससे यह भी सामने आया कि भोपाल का व्यापारिक क्षेत्र डिजिटल भुगतान पर कितना निर्भर हो चुका है। सामान्य दिनों में जहां 80 फीसदी से अधिक लेन-देन डिजिटल माध्यम से होने का व्यापारियों का दावा है, वहीं यूपीआई बंद होते ही बाजार में नकदी की मांग 70-80 फीसदी तक बढ़ गई। थोक बाजारों में लेन-देन नकद आधारित हो गया और खुदरा बाजारों में भी दो हजार रुपए से अधिक की खरीदारी के लिए ग्राहकों को नकदी जुटानी पड़ी।

विदिशा के पास से लाए भोपाल, आठ ब्लैंक चेक पर कराए हस्ताक्षर

ठेकेदार का अपहरण, कार छुड़ाई, एसयूवी में बैठा कर ले गए, होटल में पचास हजार कराए ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित बायपास पर ठेकेदार से कार छीनकर उसे जबरन एसयूवी में बैठाकर मारपीट करने और पचास हजार रुपए ट्रांसफर कराने का मामला सामने आया है। वारदात को ठेकेदार के परिचित ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर अंजाम दिया।

तीन आरोपी ठेकेदार को एसयूवी में बैठाकर बैरसिया से भोपाल लेकर पहुंचे और होटल में रुककर पार्टी की। आरोपियों ने ठेकेदार से आठ ब्लैंक चेक पर भी हस्ताक्षर करवा लिए थे। आरोपियों के चंगुल से छूटकर ठेकेदार ने बैरसिया पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने सभी आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। आरोपियों से वर्ना कार और ब्लैंक चेक बरामद किए गए है। साथ ही वारदात में इस्तेमाल एसयूवी भी जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार मूलरूप से ग्राम अकालिया थाना विजयगंज मंडी देवास निवासी मंगेश जायसवाल (32) ठेकेदार हैं। वह ब्लिंकइट के स्टोरेज हाउस बनाने के ठेके लेता है। सूरज यादव ब्लिंकइट में काम करता है और वह मंगेश को ठेके दिलाकर बदले में दो लाख रुपए कमीशन लेता था। इस बार ठेके दिलाने के एवज में वह पांच लाख रुपए की डिमांड कर रहा था। जबकि मंगेश उसे सिर्फ दो लाख रुपए देना चाहता था। तीन अक्टूबर को मंगेश सागर से लौट रहा था। इसी दौरान सूरज ने उससे संपर्क किया और विदिशा के पास से उसे बैरसिया ले बायपास ले गया। बैरसिया बायपास पर उसकी वर्ना कार छीनी। सूरज के साथ इस दौरान उसके दो साथी देवा गुर्जर और लक्ष्मीनारायण भी थे। तीनों ने कार छीनकर मंगेश को अपनी एसयूवी में बैठा लिया। इसके बाद मारपीट करते हुए भोपाल लेकर पहुंचे।

आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया

मंगेश जायसवाल ने पुलिस को बताया कि भोपाल में एक होटल में रुकने के बाद आरोपियों ने मंगेश के मोबाइल छीन लिए। इतना ही नहीं उससे आठ ब्लैंक अमाउंट वाले चेक पर हस्ताक्षर कराने के बाद पचास हजार रुपए अपने साथी रीतेश दुबे के खाते में ट्रांसफर करा लिए। करीब एक दिन तक बंधक बनाकर रखने के बाद आरोपियों ने उसे दूसरे दिन छोड़ दिया था। बैरसिया पुलिस ने सूरज यादव, देवा गुर्जर और लक्ष्मीनारायण को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि पूरी वारदात में एमपी नगर में बैठे रितेश यादव की भूमिका संदिग्ध है। आरोपी सूरज रितेश दुबे से संपर्क में था और पचास हजार रितेश के खाते में ट्रांसफर हुए हैं।

छिंदवाड़ा में लिया गया सैंपल अनसेफ मिलने के बाद भोपाल में छापा

पतंजलि गाय का घी निकला अनसेफ शहर में दो सुपर मार्केट से लिए सैंपल

लोगों की सेहत को खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

छिंदवाड़ा के देलाखारी तामिया की एक किराना दुकान से लिया गया पतंजलि के गाय घी का सैंपल अनसेफ मिला है, जिससे आम लोगों के स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है। पिछले दिनों छिंदवाड़ा से सैंपल राज्य लेबोरेटरी भेजा गया था, जिसकी जांच करोंद स्थित निजी लैब में कराई गई। जांच में इसका सैंपल अनसेफ मिला है। जिसके बाद अप्रैल-2026 बैच के घी को दुकानों से हटाने की हिदायत दी गई है।

पतंजलि के घी में मिलावट मिलने के बाद भोपाल में टीम ने नयापुरा लालघाटी स्थित अग्रवाल सुपर मार्केट और बैरागढ़ के साईं सुपर मार्केट से पतंजलि घी के दो सैंपल लिए हैं।


बैरागढ़ के सुपर मार्केट से सैंपल लेते अधिकारी।

अशोका गार्डन से मैगी का सैंपल लिया

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावक ने बताया कि पतंजलि के घी का सैंपल अनसेफ मिलने के बाद उसकी बिक्री नहीं की जा सकेगी। जिसको देखते हुए गुरुवार को जांच कर सैंपलिंग की गई है। टीम ने अशोका गार्डन के अरिहंत प्रोविजन स्टोर से मैगी और मयंक प्रोविजन स्टोर से मैगी का सैंपल लिया गया है।

शिविर लगाकर जोड़े जाएंगे नए मतदाताओं के नाम

बीएलओ को थमाई एब्सेंट और शिफ्ट वोटर्स की लिस्ट, अब राजधानी में डोर-टू-डोर करेंगे तलाश

वर्ष-2003 का रिकॉर्ड और माता-पिता का रिकॉर्ड देने की जरूरत नहीं पड़ेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

फरवरी माह में हुए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में वर्ष-2003 का रिकार्ड पेश करने के आदेश पर जिले की सात विधानसभा सीटों में 4 लाख 38 हजार मतदाताओं के नाम काटने के बाद भारत निर्वाचन आयोग ने एब्सेंट और शिफ्ट केटेगरी के मदाताओं की दोबारा से तलाश करने के निर्देश दिए हैं। जिसके तहत जिले के 2033 बीएलओ को दोनों केटेगरी के मतदाताओं की लिस्ट सौंप दी गई है। तीस अक्टूबर तक बीएलओ इन मतदाताओं का डोर-टू-डोर सर्वे कर रिपोर्ट पेश करेंगे।

राजधानी में 22 साल बाद हुए एसआईआर के ड्राफ्ट रोल में काटे गए 4 लाख 38 हजार नामों के बाद करीब 82 हजार नए नाम जोड़े गए हैं, जिनमें पहली बार नाम जुड़वाने वाले वोटर्स की तादाद 23 हजार 294 है। एसआईआर की फाइनल वोटर लिस्ट में अब 17 लाख 45 हजार 453 मतदाता हैं। अब भोपाल में 8 लाख 88 हजार 530 पुरुष, 8 लाख 56 हजार 851 महिला मतदाता हैं। साथ ही 72 अन्य मतदाता शामिल हैं।

तीन लाख 88 हजार नामों की होगी जांच-पड़ताल


फाइल फोटो

उपजिला निर्वाचन अधिकारी दीपक पांडे ने बताया कि जिले की सातों विस सीटों में एबसेंट और शिफ्ट कैटेगरी में 3 लाख 88 हजार नाम काटे गए थे। जिसमें एक लाख 1503 एब्सेंट और परमानेंट शिफ्टेड 2 लाख 86 हजार 661 मतदाता हैं। नामों की जांच करने के लिए बूथ लेवल ऑफिसर मैदान में उतरे हैं। वहीं, 8 और 9 अक्टूबर को दो दिन विशेष शिविर भी लगाए जा रहे हैं।

जांच में मिले तो दोबारा नाम जुड़ेंगे

दोनो कैटेगरी के मतदाताओं के पते पर मिलने के बाद उनके नाम मतदाता सूची में दोबारा से जोड़े जाएंगे। जिसके लिए उन्हें वर्ष-2003 का रिकॉर्ड और माता-पिता का रिकार्ड भी देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आयोग ने नया नाम जोड़ने वाले फार्म-6 से रिकार्ड का शपथ पत्र भी हटा लिया है।

18 वर्ष वाले जुड़वा सकेंगे अपना नाम

1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की उम्र पूरी करने वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए एडवांस में फॉर्म-6 भरवाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इन मतदाताओं को माता-पिता का वर्ष-2003 का रिकार्ड भी देने की जरूरत नहीं है।

जैकेट का शेष....

नाना कहते थे...

नहीं है। इंसान के जाने के बाद लोग धीरे-धीरे अपनी जिंदगी में आगे बढ़ जाते हैं। उनका मानना था कि इंसान को हमेशा के लिए रहने की सोचकर चीजें इकट्ठा करने के बजाए जिंदगी को समझना चाहिए। उनके लिए मौत भी जिंदगी की तरह ही एक सच्चाई थी, जिससे भागने के बजाए उसे स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा था कि अगर गीली लकड़ी जलाई गई तो उससे धुआं निकलेगा और वहां मौजूद लोगों की आंखों में पानी आ जाएगा। ऐसे में उन्हें गलतफहमी हो सकती है कि लोग उनके लिए रो रहे हैं। कम से कम मरते वक्त ऐसी गलतफहमी नहीं होनी चाहिए। मैंने अपनी 12 मन लकड़ियां रखी हुई हैं। वो सूखी हैं। उसी मैं मुझे जलाना। गीली लकड़ी मत इस्तेमाल करना। 'परिंदा', 'क्रांतिवीर', 'प्रहार', 'खामोशी', 'तिरंगा', 'अब तक छप्पन' जैसी फिल्मों में उन्होंने अलग-अलग तरह के किरदार निभाए। फिर 'वेलकम' जैसी फिल्म में उन्होंने ऐसा हास्य किया कि नई पीढ़ी भी उनकी प्रशंसक हो गई। रात लगभग 9 बजे से 10 बजे के बीच पुणे के बाहरी इलाके में स्थित डोंजे गांव में उनके फार्महाउस परिसर में राजकीय सम्मान के साथ किया गया।

नाना ने की थी किसानों व बाढ़ पीड़ितों की मदद: नाना पाटेकर की शानदार एक्टिंग के पीछे एक ऐसा नागरिक भी था जो सामाजिक रूप से जागरूक था। वह महाराष्ट्र के मराठवाड़ा इलाके में आत्महत्या करने वाले किसानों के परिवारों की मदद करने के लिए प्रतिबद्ध थे। अभिनेता ने आत्महत्या करने वाले लगभग 500 किसानों की पत्नियों को 'आरोग्य कार्ड' देने का विचार रखा था, ताकि वे छत्रपति शंभाजी नगर के महात्मा गांधी अस्पताल में मुफ्त इलाज करा सकें। उन्होंने बिहार में कोसी के बाढ़ पीड़ितों की मदद को लिए 'अनुभूति' नामकी संस्था बनाई थी

कारगिल युद्ध के ...

शामिल होने के लिए तत्कालीन रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडिस को फोन किया। नाना पाटेकर ने अपनी फिल्म 'प्रहार' की शूटिंग के दौरान 6 महीने तक आर्मी के साथ रहकर ट्रेनिंग की थी। नाना पाटेकर उस दौरान कारगिल युद्ध में शोपियां, बारामुला, कुपवाड़ा और द्रास जैसे सेक्टर में भी कई दिनों तक रहे थे।

90 हजार करोड़

करोड़, सूचना प्रौद्योगिकी में 200 करोड़, केमिकल उद्योग के क्षेत्र में 400 करोड़ का निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

अब 'स्पीड ऑफ डूइंग बिजनेस के सिद्धांत पर काम: इंटरैक्टिव सत्र को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश आज देश के सबसे तेजी से बढ़ते और निवेश-अनुकूल राज्यों में शुमार है। राज्य सरकार 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' से आगे बढ़कर 'स्पीड ऑफ डूइंग बिजनेस के सिद्धांत पर काम कर रही है। सरकार का उद्देश्य प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और त्वरित बनाना है, ताकि उद्योग स्थापना में किसी प्रकार का विलंब न हो।

कैंसर दवाओं पर...

जीवनरक्षक दवाएं मरीजों के लिए अधिक किफायती हो सकें। सरकार ने अनुमान लगाया है कि इस फैसले से मरीजों को हर साल करीब 2,500 करोड़ रु. की बचत हो सकती है। गौर हो कि सरकार ने बताया कि यह फैसला 2019 में किए गए हस्तक्षेप की अगली कड़ी है। उस समय 526 ब्रांड की कैंसर दवाओं को लेकर किए गए कदम से सालाना करीब 984 करोड़ रुपए की बचत होने की बात सामने आई थी।

वे पुरानी कहानियों...

लिखती नहीं, बल्कि उनमें अपनी कल्पना और आज की जिंदगी की भावनाएं जोड़ती हैं। कई बार उनकी रचनाओं में कविता, कहानी और निबंध की सीमाएं भी समाप्त हो जाती हैं। यही वजह है कि उनकी लेखनी बाकी लेखकों से बहुत अलग नजर आती है।

पेज एक का शेष....

खरगेः गांधीजी से ..

सांसदों के लिए लंच का आयोजन किया। इसके बाद सभी नेता बसों से राजघाट के लिए रवाना पहुंचे। राजघाट पर करीब एक घंटे इंतजार के बाद विपक्षी सांसदों को अंदर जाने की अनुमति मिली। इसके बाद उन्होंने महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि दी और धरना दिया। खरगे ने कहा कि विपक्षी सांसदों ने महात्मा गांधी की समाधि पर जाकर प्रार्थना की कि सरकार को सद्बुद्धि मिले और नागरिकों का वोट देने का अधिकार न छीना जाए। देर शाम सांसद राजघाट से रवाना हो गए। भाजपा ने पलटवार किया कि राहुल गांधी ने देश भर में अराजकता का माहौल फैला दिया है। राजघाट पर उनको सदबुद्धि मिलनी चाहिए। इससे पहले राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी, अमित शाह, ज्ञानेश कुमार और मोहन भागवत ने एक आपराधिक साजिश के जरिए देश को हाईजैक कर लिया है। संविधान को खत्म कर दिया है और वोट चुरा लिए हैं। हम विपक्ष के लोग देश को भरोसा दिलाते हैं कि उन सभी पर कार्रवाई की जाएगी, उन्हें सजा मिलेगी। यह हमारी गारंटी है, आप देखेंगे कि इन 4 लोगों को सजा मिलेगी।

तीन दिन से विरोध, हर दिन बदला प्रदर्शन का ठिकाना: विपक्ष का यह प्रदर्शन 6 अक्टूबर से जारी है। पहले दिन विपक्षी सांसदों ने संसद से चुनाव आयोग तक मार्च निकालने की कोशिश की थी। पुलिस ने उन्हें रोक दिया, जिसके बाद सांसदों ने आकाशवाणी भवन परिसर में करीब आठ घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया। 7 अक्टूबर को खड़गे के लंच के बाद राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत विपक्षी सांसदों ने जंतर-मंतर और शांगरी-ला होटल के पास प्रदर्शन किया। गुरुवार को विपक्ष ने रणनीति बदलते हुए राजघाट का रुख किया।

राष्ट्रपति से मिलने ...

शाम तक उन्हें मिलने का समय नहीं मिला था। सूत्रों के मुताबिक, विपक्षी सांसद शुक्रवार तक राष्ट्रपति भवन के जवाब का इंतजार करेंगे। अगर मुलाकात का समय नहीं मिलता है तो आगे की रणनीति पर फैसला लिया जा सकता है। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को बताया कि इंडिया गठबंधन की ओर से राष्ट्रपति से मिलने के लिए दो बार अनुरोध किया जा चुका है।

भाजपा प्रवक्ता बोले- ...

विश्वास करता है। भंडारी ने कहा कि अगर महात्मा गांधी आज जीवित होते तो कांग्रेस और राहुल गांधी को लोकतंत्र के प्रति सद्बुद्धि देते। भाजपा नेता ने सवाल किया कि जब यह मामला सुप्रीम कोर्ट में है तो राहुल गांधी सड़क पर प्रदर्शन क्यों कर रहे हैं।

टैक्स अधिकारियों की...

एक बार होगा। 57वीं जीएसटी काउंसिल ने इनपुट टैक्स क्रेडिट दावों पर अधिकारियों की एक कमेटी बनाने का फैसला किया। यह कमेटी इस बात की जांच करेगी कि उस असली खरीदार को कैसे बचाया जाए जिसके पास सही इनवॉइस है, जिसे सामान मिल गया है और जिसने अपने सप्लायर को पूरा पेमेंट कर दिया है। यह बैठक केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में भारत मंडपम में हुई। पहले यह बैठक 7 अक्टूबर को होनी थी, लेकिन कुछ कारणों से इसे बदलकर 8 अक्टूबर कर दिया गया था। यूपीआई पेमेंट्स पर एमडीआर के तहत लगने वाले चार्जेस पर जीएसटी परिषद की मीटिंग में कोई बातचीत नहीं हुई है। इस सवाल पर वित्तमंत्री ने कहा इस पर चर्चा नहीं हुई, अगली पीढ़ी के टैक्स कंप्लायंस को आसान बनाने पर जोर दिया।

कमेटी तीन महीने ...

विवेक पर छोड़ दी गई है। मंत्रालय ने कहा कि सामान्य जुर्माना, जो उन मामलों में लागू होता है जहां कोई खास जुर्माना तय नहीं है, 25,000 से घटाकर 10,000 रुपए कर दिया गया है। काउंसिल ने जीएसटी रिफंड दावों को स्वीकार करने की समय सीमा 15 दिन से घटाकर 10 दिन करने को मंजूरी दे दी।

सुधारों को वित्तमंत्री ...

की आवश्यकताओं में निश्चितता, गलतियों को कम करने के लिए सिस्टम आधारित मार्गदर्शन और हैंड होल्डिंग पर जोर दिया गया है। इसके साथ ही ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से सप्लाई करने वाले छोटे टैक्सपेयर्स के लिए सरल रजिस्ट्रेशन स्ट्रक्चर बनाए जाने पर जोर दिया गया है। टैक्सपेयर्स द्वारा रजिस्ट्रेशन डिसक्रिप्शन में खुद से सुधार करने की योजना पर जोर दिया गया है।

निवेशकों के 10 ....

पर बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 4,72,35,273 करोड़ रुपए था, जो गुरुवार दोपहर तक घटकर 4,62,24,650 करोड़ रुपए रह गया। इस तरह निवेशकों की संपत्ति में करीब 10,10,624 करोड़ रुपए की कमी आई। गिरावट की प्रमुख वजह कच्चे तेल की कीमतों में उछाल माना जा रहा है। ब्रेंट क्रूड करीब 2 फीसदी बढ़कर 103 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गया। इसके अलावा रेपो दर बढ़ने, विदेशी निवेशकों की 6 हजार करोड़ रुपए से अधिक की बिकवाली और एशियाई बाजारों में कमजोरी का भी असर पड़ा।

18 दिन बाद...

विमान और अन्य कामों के लिए कर्ज ले रही है तो शिक्षकों के पद बढ़ाने के लिए भी कर्ज लिया जा सकता है। बजट बढ़ने में कोई बुराई नहीं है।

दहेज हत्या की ...

धारा 80(2) हटाई नहीं गई। कोर्ट ने धारा 108 जोड़े जाने के तथ्य को रिकॉर्ड पर लिया। गिरिबाला की ओर से दहेज हत्या की धाराएं अलग किए जाने की बात फिलहाल स्वीकार नहीं की गई। गिरिबाला की ओर से जमानत के लिए दलील दी गई कि जांच शुरू हुए 90 दिन से अधिक समय हो चुका है। संविधान के अनुच्छेद 21 का हवाला देते हुए कहा गया कि गिरिबाला के सभी रिश्तेदारों के बयान दर्ज हो चुके हैं और वह अब तक जेल में हैं। इसलिए उन्हें जमानत का लाभ दिया जाना चाहिए। कोर्ट ने गिरिबाला और ट्विशा के पिता की ओर से दाखिल जमानत आवेदनों में संशोधन के लिए दो दिन का समय दिया है। संशोधित आवेदनों के बाद मामले की अगली सुनवाई 16 अक्टूबर को होगी।

सीबीआई ने कहा ...

का जवाब दाखिल कर चुकी है। इसमें 62 गवाहों के बयान, कॉल ट्रांसक्रिप्ट, बैंक रिकॉर्ड, मेडिकल दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य शामिल हैं। सीबीआई ने गिरिबाला पर ट्विशा को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और जांच प्रभावित करने की आशंका से जुड़े आरोप लगाए हैं।

43 दिन बाद...

सह-अधीक्षक, गांधी स्मारक चिकित्सालय रीवा के अधीन रहेगा। मामले में इससे पहले डॉ. सोनल अग्रवाल, डॉ. निधि पांडे और दो नर्सिंग अधिकारियों को निलंबित किया गया था। अस्पताल के तत्कालीन अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा को पद से हटाकर डॉ. प्रियंक शर्मा को प्रभार दिया गया। श्याम शाह मेडिकल कॉलेज के तत्कालीन डीन डॉ. सुनील कुमार अग्रवाल को भी पद से हटाकर सतना मेडिकल कॉलेज स्थानांतरित किया गया था। इसके अलावा अथर्व ब्लड सेंटर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए थे। रीवा के औषधि निरीक्षक राधेश्याम बट्टी को निलंबित किया गया। डॉ. सोनल अग्रवाल की सेवाएं समाप्त करने के साथ उन्हें भविष्य में सरकारी नौकरी के लिए अयोग्य घोषित करने की कार्रवाई भी की गई। कल्पना मिश्रा की 26 अगस्त की रात मौत हुई थी। इसी दौरान उनके नवजात बच्चे ने भी दम तोड़ दिया था। मौत से पहले का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें कल्पना इलाज के दौरान खुद को बचाने की गुहार लगाती नजर आई थीं। मामले की मजिस्ट्रियल जांच अभी जारी है। इसमें अस्पताल के रिकॉर्ड, सीसीटीवी फुटेज, ड्यूटी रोस्टर की जांच चल रही है।



बीएफआई लंदन... में दिखाई जाएगी पाकीजा

नई दिल्ली। 18 अक्टूबर होने वाले प्रतिष्ठित 'बीएफ़आई लंदन फ़िल्म फ़ेस्टिवल' में हिंदी सिनेमा की क्लासिक फ़िल्म 'पाकीज़ा' एक नए 4केरेस्टोरेशन के साथ बड़े पर्दे पर लौटने जा रही है। सेंट्रल लंदन के बीएफ़आई आईमैक्स में होने वाली इस ख़ास स्क्रीनिंग के सभी टिकट करीब एक महीने पहले ही पूरे बिक चुके हैं। टिकटों का 'सोल्ड आउट' होना इस बात की गवाही है कि रिलीज़ के 54 साल बाद भी 'पाकीज़ा' का जादू बरक़रार है। गुज़रा वक़्त उसकी चमक को धुंधला नहीं कर पाया। निर्देशक कमाल अमरोही की इस क्लासिक फ़िल्म का संरक्षण 'फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन' ने अमरोही परिवार के सहयोग से किया है। इस नए वर्जन का वर्ल्ड प्रीमियर फ्रांस के ल्यों में 'फेस्टिवल ल्यूमिएर' में होगा, जिसके बाद इसे 'बीएफ़आई लंदन फिल्म फ़ेस्टिवल' में दिखाया जाएगा।



बड़े पर्दे पर पहली बार बाप-बेटे की भिड़ंत

मुंबई। साउथ इंडस्ट्री से नवंबर 2026 में एक अनचाहा क्लैश देखने को मिलने वाला है। सिनेमाघरों में बाप और बेटे आपस में टकराने जा रहे हैं। एक तरफ मामूटी की फिल्म ओम होगी, वहीं दूसरी तरफ दुलकर सलमान की रोमांटिक मूवी आकासम लो ओका तारा। दोनों ही फिल्में टक्कर की लग रही हैं इस वजह से इसे आने वाले समय का एक रोचक बॉक्स ऑफिस क्लैश माना जा रहा है। साथ ही सिनेमा के इतिहास में ये दोनों बाप-बेटे भी बॉक्स ऑफिस पर पहली बार टकरा रहे हैं। अगर दोनों फिल्मों के बीच क्लैश की बात करें तो राजकुमार पेरियासामी की फिल्म ओम पहले 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में आने वाली थी। लेकिन रजनीकांत की जेलर 2 की रिलीज के चलते ऐसा माना जा रहा है कि फिल्म की रिलीज डेट को पोस्टपोन किया गया है।

लौटकर आ रहा है सेनापति, कमल की इंडियन 3 का ऐलान



नई दिल्ली। करीब 6 दशकों से बतौर अभिनेता कमल हासन सिनेमा जगत में एक्टिव हैं। वैसे तो उन्होंने कई यादगार फिल्में की हैं, लेकिन इंडियन फिल्म फ्रेंचाइजी सबसे खास मानी जाती है। 90 के दशक में शुरू हुई इस सुपरहिट मूवी फ्रेंचाइजी को अब मेकर्स तीसरी किस्त तक ले जाना चाहते हैं। जिसके आधार पर गुरुवार को कमल हासन की इंडियन 3 की अनाउंसमेंट की गई है। दरअसल, 8 अक्टूबर को इंडियन 3 के प्रोडेक्शन हाउस लाइका प्रोडक्शंस की तरफ से इस मूवी फ्रेंचाइजी के तीसरे पार्ट इंडियन 3 का आधिकारिक ऐलान किया गया है। इंडियन 3 के अलावा कमल हासन का नाम लंबे समय से निर्देशक नाग अश्विन की अपकमिंग मूवी कल्कि 2898 एडी के सीक्वल के लेकर चर्चा में बना हुआ है। बताया जा रहा है कि अगले साल 2027 में कमल की कल्कि को बड़े पर्दे पर रिलीज किया जाएगा। इस मूवी में वह यास्किन का नेगेटिव रोल प्ले करते दिखेंगे।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है · खरीदना है · बेचना है · व्यापार · चिकित्सा · ज्योतिष · डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करेंद भोपाल
मो. 7772079910

प्लॉट मात्र 16 लाख में
फाईनेंस सुविधा उपलब्ध है
T&C साईड 220 फीट न्यू जेल रोड, संमीप
मो. 8962979924 9755905247

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M. 9425006131, 8871714432
सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-30-07-2026,to 11-08-26
SUNDAY HOLD

राशिफल

मेष किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

वृष धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

मिथुन माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

कर्क मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

सिंह आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

कन्या आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

तुला कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

वृश्चिक संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

धनु आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

मकर माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

कुंभ आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

मीन आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

शब्द पहेली - 6372



बाएँ से दाए
1. असभ्यता, मूर्खता-4
3. निर्भय, बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा, शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता, गुलामी-5
14. दानव, दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई, छाया-2
19. आदत, स्वभाव(उर्दू-4)
23. जंगल, वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा, सूजी-2
30. गुलिस्तां, बाग-3
31. एक ग्रह, शनिश्चर-2
32. दबाना, कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

ऊपर से नीचे
1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा, अनोखा-3
4. लक्ष्मी, कमला-2
5. खीजना, रोना-4
6. एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष, होशियार-3
10. जमीकंद, एक सब्जी-3
12. धैर्य, संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा, तला-2
21. पुत्र, बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर, बाण-2

शब्द पहेली - 6371 का हल

	अ	स	ह	यो	ग		अ	दा	व	त
र	क्स		रा		ग	रु	ड़		न	र
ख		स	ना	त	न		ना	म		क
र	फ्ता	र			चुं	गी		त	म	स
खा		मा		चा	बी		सी		ही	
व	ल	या	का	र		प	रा	या	प	न
	क		या		का	ल		द		क
द	वा	त		भ	ला			गा	य	ब
र		र	ज		बा	जी	ग	र		ज
क	र		ल	ह	जा		जं		खा	न
ना	जा	य	ज		र	घु	ना	थ	क	

सूडोकु नवताल - 6382

मध्यम

		5			8			3
	7			3	5			
3						6		
							8	5
	6			7			1	
4	2							
		1						8
			7	4			3	
6			2			7		

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6381 का हल

9	4	8	7	5	1	6	2	3
3	7	5	6	4	2	1	8	9
6	2	1	3	9	8	4	7	5
4	1	3	8	6	7	9	5	2
5	8	6	9	2	4	3	1	7
2	9	7	5	1	3	8	4	6
8	6	4	2	7	9	5	3	1
7	3	9	1	8	5	2	6	4
1	5	2	4	3	6	7	9	8

खबर संक्षेप

जेएसडब्ल्यू की नागौर में नई ग्राइंडिंग यूनिट शुरू

मुंबई। जेएसडब्ल्यू सीमेंट ने राजस्थान के नागौर में 1.00 एमटीपीए क्षमता वाली अतिरिक्त सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट शुरू की है। इसके साथ कंपनी की कुल स्थापित सीमेंट ग्राइंडिंग क्षमता बढ़कर 25.10 एमटीपीए हो गई है। वहीं कुल क्लिंकर उत्पादन क्षमता 9.74 एमटीपीए हो गई है।कंपनी ने मार्च 2026 में नागौर इंटीग्रेटेड प्लांट के साथ उत्तर भारत में परिचालन शुरू किया था। प्लांट में पहले से 3.30 एमटीपीए क्लिंकर और 2.50 एमटीपीए सीमेंट ग्राइंडिंग क्षमता थी।

राजकुमार बने रनर के ब्रांड एंबेसडर

मुंबई। खेल और एथलीजर फुटवियर ब्रांड 'रनर' ने अभिनेता राजकुमार राव को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। लहर फुटवियर्स लिमिटेड के 'हाउस ऑफ लहर' का यह ब्रांड देशभर में अपने कारोबार और बाजार पहुंच का विस्तार कर रहा है। राजकुमार राव आगामी विज्ञापन अभियानों में ब्रांड का प्रतिनिधित्व करेंगे। वे डिजिटल मीडिया, ई-कॉमर्स, रिटेल स्टोर्स, प्रिंट और आउटडोर विज्ञापनों में नजर आएंगे। कंपनी ने कहा कि अभिनेता की मेहनत और अलग पहचान रनर के 'पावर इन एवरी स्टेप' विचार से मेल खाती है।

आदर्श परीक्षा केंद्र ने लांच की एआई ब्रांड फिल्म

नई दिल्ली। आदर्श परीक्षा केंद्र (एपीके) ने पूर्ण पैमाने पर संचालन का एक वर्ष पूरा होने पर अपनी पहली एआई ब्रांड फिल्म 'हर परीक्षा के पीछे एक सपना है'लांच की। फिल्म में अभ्यर्थियों की भावनात्मक यात्रा और परीक्षा के दौरान बेहतर वातावरण की जरूरत को दर्शाया गया है। कंपनी के अनुसार भारत में कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट के लिए पर्याप्त और समान स्तर की आधारभूत सुविधाओं की कमी है। एपीके अब पांच नए शहरों में विस्तार की योजना बना रहा है और 2028 के अंत तक 1.5 लाख परीक्षा सीटों का लक्ष्य रखा गया है।

आदित्य बिरला हाउसिंग फाइनेंस ने शाखा खोली

भोपाल। आदित्य बिरला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने मध्य प्रदेश में अपनी पहुंच बढ़ाते हुए विदिशा में नई शाखा शुरू की है। इसके साथ राज्य में कंपनी की कुल शाखाओं की संख्या 26 हो गई है। कंपनी के अनुसार, विदिशा में बढ़ती आवासीय मांग और बेहतर होती कनेक्टिविटी को देखते हुए यह विस्तार किया गया है। कंपनी ने बताया कि प्रस्तावित भोपाल-विदिशा फोरलेन सड़क, उत्तरी बाईपास और एकीकृत रिंग रोड जैसी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से क्षेत्र के विकास को गति मिलने की उम्मीद है।

एलजी ने दिवाली पर दिए आकर्षक ऑफर

नई दिल्ली। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने दिवाली के लिए 'सेलिब्रेशन ऑफ ट्रस्ट' अभियान के तहत घरेलू उपकरणों और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स पर विशेष ऑफर पेश किए हैं। ग्राहकों को 888 रुपए से शुरू होने वाली मासिक किस्त और शून्य अग्रिम भुगतान की सुविधा भी मिलेगी। चुनिंदा टीवी पर तीन साल की वारंटी और कंप्रेसर पर 10 साल की वारंटी दी जा रही है। साइड-बाय-साइड रेफ्रिजरेटर पर 14,190 रुपए तक का मिनी रेफ्रिजरेटर मुफ्त मिलेगा।

राठी स्टील का राजस्व 200 करोड़ रुपए के पार

नई दिल्ली। राठी स्टील एंड पावर लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही में मजबूत परिचालन प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी का राजस्व 200 करोड़ रुपए से अधिक रहने का अनुमान है, जबकि वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही में यह 156.43 करोड़ रुपए था। इस तरह सालाना आधार पर राजस्व में 30 फीसदी से अधिक वृद्धि दर्ज हुई। कुल बिक्री मात्रा 32,028 मीट्रिक टन रही, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही के 24,855 मीट्रिक टन के मुकाबले 28.86 फीसदी अधिक है। कंपनी ने मौजूदा ऋणदाता के साथ बातचीत कर ब्याज दर में करीब 450 बेसिस पॉइंट की कमी हासिल की है।

जीएसटी परिषद में हुए फैसले का कारोबारियों और उद्योग जगत ने किया स्वागत

बोले- फैसलों से कर संबंधी मुकदमेबाजी और अनावश्यक कार्रवाई में कमी आएगी तथा कारोबार करना आसान होगा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

जीएसटी परिषद की बैठक में लिए गए फैसलों का कारोबारियों और उद्योग जगत ने स्वागत किया है। कारोबारियों का कहना है कि कर अधिकारियों की गिरफ्तारी की शक्ति खत्म करने, अभियोजन की सीमा बढ़ाकर 5 करोड़ रुपए करने और छोटे कर मामलों में कार्रवाई सीमित करने से व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी। उनके मुताबिक, इन फैसलों से कर संबंधी मुकदमेबाजी और अनावश्यक कार्रवाई में कमी आएगी तथा कारोबार करना आसान होगा।

विशेषज्ञों के अनुसार, इन कदमों से जीएसटी व्यवस्था कम दंडात्मक और अधिक कारोबार-अनुकूल बनने की उम्मीद है। उन्होंने कहाकि जीएसटी परिषद के इन फैसलों से सरकार का जोर केवल राजस्व संग्रह पर नहीं, बल्कि कर प्रशासन को सरल बनाने, छोटे विवादों को कम करने और गंभीर कर अपराधों पर कार्रवाई को बड़े मामलों तक सीमित रखने की दिशा में दिखाई देता है।



छोटे कर मामलों में कार्रवाई का बोझ घटेगा

परिषद ने आपराधिक अभियोजन की न्यूनतम सीमा 1 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपए करने को मंजूरी दी है। वहीं, 10 हजार रुपए या उससे कम की कर राशि वाले नए मांग नोटिस जारी नहीं किए जाएंगे। इस सीमा से नीचे के लंबित नोटिस वापस लेने की भी सिफारिश की गई है। ई-कॉमर्स मंचों के माध्यम से सामान और सेवाएं बेचने वाले छोटे करदाताओं के लिए जीएसटी पंजीकरण प्रक्रिया सरल की जाएगी। करीब 9.5 लाख छोटे विक्रेताओं को हर राज्य में अलग से भौतिक प्रतिष्ठान बनाए बिना मंच के गोदाम को कारोबार के स्थान के रूप में पंजीकृत करने की सुविधा देने की सिफारिश की गई है। जीएसटी रिफंड दावों के निपटारे की समयसीमा 15 दिन से घटाकर 10 दिन करने का प्रस्ताव है। सरकार केंद्रीय जीएसटी में चेहराविहीन कर प्रशासन लागू करने की दिशा में भी आगे बढ़ रही है।

बैठक में हुए जीएसटी में बड़े बदलाव

कर अधिकारियों की गिरफ्तारी की शक्ति खत्म: जीएसटी कानून के तहत कर अधिकारियों को मिली गिरफ्तारी की शक्ति समाप्त करने का फैसला किया गया है।

10,000 रुपए तक के मामलों में नया कारण बताओ नोटिस नहीं: 10,000 रुपए या उससे कम के कर विवादों में नया कारण बताओ नोटिस जारी नहीं किया जाएगा। इस सीमा से कम के लंबित नोटिस भी वापस लिए जाएंगे।

अभियोजन की सीमा 5 करोड़ रुपए : अभियोजन शुरू करने की न्यूनतम सीमा 1 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपए कर दी गई है। यानी 5 करोड़ रुपए से कम के मामलों में आपराधिक अभियोजन नहीं चलाया जाएगा।

सामान्य जुर्माना घटा: जिन उल्लंघनों के लिए अलग से कोई जुर्माना निर्धारित नहीं है, उनमें सामान्य जुर्माना 25,000 रुपए से घटाकर 10,000 रुपए कर दिया गया है।

छोटे कारोबारियों और लघु उद्योगों को राहत

10,000 रुपए तक के मामलों में नए कारण बताओ नोटिस जारी नहीं करने का फैसला छोटे कारोबारियों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कारोबारियों का कहना है कि छोटी रकम के विवादों में नोटिस, जवाब दाखिल करने और अपील जैसी प्रक्रियाओं में लगने वाला समय और खर्च कई बार मूल कर विवाद से ज्यादा परेशानी पैदा करता है। ऐसे मामलों को सीमित करने से छोटे व्यापारियों और लघु एवं मध्यम उद्योगों पर अनुपालन का बोझ कम हो सकता है।



हिमांशु खरे, अध्यक्ष, फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री

उद्योग जगत में महत्वपूर्ण बदलाव माना जाएगा

अभियोजन की सीमा 1 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपए किए जाने को भी उद्योग जगत के लिए महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, इससे आपराधिक कार्रवाई मुख्य रूप से गंभीर कर चोरी और बड़े धोखाधड़ी वाले मामलों तक सीमित रखने में मदद मिलेगी। वहीं, छोटे विवादों को प्रशासनिक और कर निर्धारण की प्रक्रिया के माध्यम से निपटाया जा सकेगा।



समीर भार्गव
अध्यक्ष, अनाज, दलहन-तिलहन सिरोंज व्यापारी संघ

स्पष्ट कर व्यवस्था से भरोसा बढ़ेगा

उद्योग जगत का मानना है कि कम दंडात्मक और अधिक स्पष्ट कर व्यवस्था से कारोबारियों का भरोसा बढ़ सकता है। जीएसटी से जुड़े विशेषज्ञों के अनुसार, इन बदलावों से मुकदमेबाजी कम करने, करदाताओं को अधिक निश्चितता देने और कर अनुपालन की प्रक्रिया को सरल बनाने में मदद मिल सकती है।



विपिन गोयल
पूर्व अध्यक्ष, क्रेडाई भोपाल

कानूनी प्रक्रिया से राहत मिलेगी

जीएसटी परिषद के फैसले छोटे कारोबारियों के लिए राहत देने वाले हैं। 10,000 रुपए तक के मामलों में कारण बताओ नोटिस की व्यवस्था में बदलाव से छोटे व्यापारियों को अनावश्यक कागजी कार्रवाई और कानूनी प्रक्रिया से राहत मिलेगी। इससे कारोबार पर ध्यान देना आसान होगा।



मनोज पारख, अध्यक्ष, टैक्स लॉ बार एसोसिएशन भोपाल

'कर आतंक' की शिकायतों पर लगाम की उम्मीद

कारोबारी जगत लंबे समय से कर अधिकारियों की कार्रवाई और गिरफ्तारी के प्रावधान को लेकर चिंता जताता रहा है। अब जीएसटी अधिकारियों की गिरफ्तारी की शक्ति खत्म किए जाने से कारोबारियों में जांच और कार्रवाई को लेकर बनी आशंका कम होने की उम्मीद है। उद्योग विशेषज्ञों के मुताबिक, इससे कर निर्धारण और आपराधिक कार्रवाई के बीच स्पष्ट अंतर स्थापित करने में मदद मिलेगी।



मृदुल आर्य
पूर्व अध्यक्ष, टैक्स लॉ बार एसोसिएशन भोपाल

गंभीर कर अपराधों के बीच स्पष्ट अंतर किया जा सकेगा

"कर अधिकारियों की गिरफ्तारी की शक्ति खत्म करने का फैसला कारोबारियों में भरोसा बढ़ाने वाला है। इससे जांच और कर संबंधी विवादों में अधिक स्पष्टता आएगी तथा अधिकारियों की कार्रवाई को लेकर बनी आशंकाएं कम होंगी। अभियोजन की सीमा 5 करोड़ रुपए किए जाने से छोटे और मध्यम कारोबारियों को बड़ी राहत मिल सकती है। इससे छोटी कर संबंधी गलतियों और गंभीर कर अपराधों के बीच स्पष्ट अंतर किया जा सकेगा।



बृजेश शुक्ला, रीयल एस्टेट कारोबारी

कारोबार करना और आसान हो सकेगा

जीएसटी व्यवस्था में दंडात्मक कार्रवाई के बजाय कर अनुपालन को सरल और सहज बनाने पर जोर देना सकारात्मक बदलाव है। इससे कारोबारियों में कर व्यवस्था को लेकर भरोसा बढ़ेगा और देश में कारोबार करना और आसान हो सकता है।



राजेश जैन
वरिष्ठ कर सलाहकार , भोपाल

कारोबार का वातावरण बेहतर होने की उम्मीद

जीएसटी व्यवस्था को सरल बनाने की दिशा में ये महत्वपूर्ण कदम हैं। छोटे मामलों में मुकदमेबाजी कम होने से कारोबारियों का समय और पैसा बचेगा। इससे कर अनुपालन को बढ़ावा मिलने और कारोबार का वातावरण बेहतर होने की उम्मीद है।



शैलेंद्र गुप्ता
लोहा व्यापारी

जेईई की तैयारी के लिए छह स्तंभों पर आधारित नया परफॉर्मेंस सिस्टम

इंजी.विद्यार्थियों के लिए 'आकाश इनविक्टस इंजीनियरिंग 2.0' लांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आकाश एजुकेशन सर्विसेज लिमिटेड ने इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए 'आकाश इनविक्टस इंजीनियरिंग 2.0' लांच किया है। कंपनी के मुताबिक यह नया परफॉर्मेंस आधारित अकादमिक सिस्टम जेईई मेन, जेईई एडवांस्ड, बीआईटीएसएटी और विभिन्न राज्यों की इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी को अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर चंद्र शेखर रेड्डी गरिसा ने कहा कि इनविक्टस इंजीनियरिंग 2.0 को संस्थान के अनुभवी शिक्षकों और अकादमिक विशेषज्ञों ने तैयार किया है।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के तहत पाठ्यक्रम, स्टडी मटेरियल, किताबों और टेस्टिंग सिस्टम को नए सिरे से डिजाइन किया गया है। उन्होंने कहा कि इनविक्टस को पहले चुनिंदा केंद्रों पर लागू किया गया था और जेईई 2026 के परिणामों के बाद इसे देशभर में विस्तार देने का निर्णय लिया गया। अब यह सिस्टम भारत में आकाश की सभी शाखाओं के विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। इसकी शुरुआत मौजूदा विद्यार्थियों से होगी और इसके बाद नए विद्यार्थियों को भी इसमें शामिल किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर लांच के साथ आकाश इनविक्टस के तहत ऐस, अचीवर, एक्सेलेरेटर और एपेक्स नाम से चार विशेष बैच भी पेश किए गए हैं।

संस्थान के अनुभवी शिक्षकों और अकादमिक विशेषज्ञों ने तैयार किया



सभी आकाश शाखाओं में होगा रोलआउट

इनविक्टस इंजीनियरिंग 2.0 का रोलआउट देशभर में आकाश की सभी शाखाओं में तत्काल प्रभाव से शुरू किया जा रहा है। मौजूदा विद्यार्थियों को पहले इस सिस्टम में शामिल किया जाएगा, जबकि इसके बाद नए विद्यार्थियों को भी इनविक्टस इकोसिस्टम का हिस्सा बनाया जाएगा।कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थियों और अभिभावकों को जानकारी देने के लिए विभिन्न शाखाओं में ओरिएंटेशन सेशन भी आयोजित किए जा रहे हैं। कंपनी का लक्ष्य इस नए अकादमिक सिस्टम के माध्यम से जेईई और अन्य इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को अधिक संरचित तैयारी उपलब्ध कराना है।

छह प्रमुख स्तंभों पर आधारित तैयारी

परिणाम-केंद्रित अकादमिक दृष्टिकोण: कक्षाओं, प्रैक्टिस सेशन और रिवीजन को जेईई एडवांस्ड, जेईई मेन, बीआईटीएसएटी और अन्य इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन के लक्ष्य के साथ तैयार किया गया है।

रैंक-प्रमाणित फैकल्टी टीम: अनुभवी शिक्षकों की टीम ने कार्यक्रम के पाठ्यक्रम, स्टडी मटेरियल और टेस्टिंग सिस्टम को विकसित किया है।

शोध आधारित स्टडी मटेरियल: लर्निंग साइंस और परीक्षा पैटर्न पर किए गए शोध के आधार पर किताबों और अध्ययन सामग्री को नए सिरे से तैयार किया गया है। विद्यार्थियों को बेसिक कॉन्सेप्ट से लेकर कठिन स्तर के प्रश्नों तक क्रमबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया है।

स्मार्ट टेस्टिंग और विश्लेषण: टेस्ट की आवृत्ति और कठिनाई स्तर को नए तरीके से तैयार किया गया है। पविद्यार्थियों को उनकी ताकत, कमजोरियों और सुधार की जरूरत वाले क्षेत्रों का विश्लेषण उपलब्ध कराया जाएगा।

ट्रांसपेरेंट ग्रोथ मैप: विद्यार्थियों की मौजूदा स्थिति और लक्ष्य के बीच प्रगति को समझने के लिए स्पष्ट ग्रोथ मैप उपलब्ध कराया जाएगा।

कक्षा के बाहर मेंटरशिप: जोसा काउंसलिंग, डाउट सपोर्ट और अन्य शैक्षणिक मार्गदर्शन के जरिए विद्यार्थियों को कक्षा के बाहर भी लगातार सहायता देने की व्यवस्था की गई है।

विभिन्न मुद्दे और आवश्यक कार्रवाई पर हुआ विचार-विमर्श

व्यापारियों की मांगों और समस्याओं पर मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड आयुक्त पुरुषोत्तम से की चर्चा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

व्यापारियों की विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर व्यापार संघ के प्रतिनिधिमंडल ने आज मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम के साथ बैठक की। बैठक में व्यापारियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई और समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई पर विचार-विमर्श हुआ।

बैठक में व्यापार संघ की ओर से गोपाल दास अग्रवाल, मनोज काला, समीर भार्गव, दिलीप जैन, हरीश ज्ञानचंदानी और राधेश्याम माहेश्वरी सहित अन्य प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रतिनिधियों ने व्यापारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दे अधिकारियों के समक्ष रखे और उनके निराकरण की मांग की। बैठक में अधिकारियों ने व्यापारियों की ओर से रखे गए विषयों को सुना तथा संबंधित बिंदुओं पर आवश्यक कार्रवाई और समाधान को लेकर चर्चा की। व्यापार संघ प्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई कि बैठक में उठाए गए मुद्दों पर सकारात्मक कार्रवाई होगी और व्यापारियों को राहत मिलेगी। बैठक में कृषि विपणन बोर्ड के अपर प्रबंध संचालक अनुराग सक्सेना, अपर संचालक संगीता ढोके एवं अमन पस्तोर, संयुक्त संचालक एसके कुमरे एवं नितिन कोल्हे, उप संचालक अविनाश पाठे एवं अतुल निपाणे, चीफ प्रोग्रामर संजीव अग्निहोत्री, सहायक संचालक योगेश नागले एवं पीयूष शर्मा सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



मंडी बोर्ड एमडी कुमार पुरुषोत्तम से मुलाकात करता व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल

वी बिजनेस और हिंडाल्को की साझेदारी

एजेंसी ▶▶ ग्वालियर

वी की उद्यम शाखा वी बिजनेस ने एल्युमीनियम और तांबा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। इसके तहत ओडिशा के रायगढ़ा जिले में स्थित हिंडाल्को की बाफलीमाली बॉक्साइट खदान में निजी नेटवर्क स्थापित किया जाएगा। यह हिंडाल्को का पहला निजी नेटवर्क कार्यान्वयन होगा। यह नेटवर्क खदान में सुरक्षित और भरोसेमंद संपर्क व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ डिजिटल खनन को बढ़ावा देगा। इसमें स्पेक्ट्रम, मुख्य नेटवर्क, रेडियो एक्सेस नेटवर्क और प्रबंधित सेवाएं शामिल होंगी। वी बिजनेस के मुख्य उद्यम व्यवसाय अधिकारी एमपी सुनील कुमार ने कहा कि साझेदारी सुरक्षित और उच्च प्रदर्शन वाली संपर्क व्यवस्था के माध्यम से बुद्धिमान खनन को सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हिंडाल्को के एल्युमीनियम अपस्ट्रीम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश पांडे ने कहा कि निजी नेटवर्क कंपनी के सुरक्षित, स्मार्ट और अधिक कुशल खनन संचालन के दृष्टिकोण को मजबूत करेगा।

बिजनेस न्यूज

एमजी हेक्टर की स्टॉर्म श्रृंखला पेश कीमत 19.99 लाख

गुरुग्राम। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने हेक्टर की सीमित संस्करण स्टॉर्म श्रृंखला के तहत ब्लैकस्टॉर्म और स्नोस्टॉर्म मॉडल पेश किए हैं। दोनों मॉडलों की शुरुआती कीमत 19,99,800 रुपए (एक्स-शोरूम) रखी गई है। पांच सीटों वाली इन एसयूवी में 1.5 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन और सीवीटी गियर बॉक्स दिया गया है। फीचर्स में 14 इंच की एचडी पोर्ट्रेट मनोरंजन स्क्रीन, स्मार्ट बूस्ट तकनीक, उंगली के इशारे से नियंत्रण, डिजिटल ब्लूटूथ चाबी और 70 से अधिक जुड़ी हुई कार सुविधाएं शामिल हैं। सुरक्षा के लिए 360 डिग्री कैमरा, एबीएस, ईबीडी, इलेक्ट्रॉनिक स्थिरता कार्यक्रम और कर्षण नियंत्रण दिया गया है।



बिरला सीमेंट ने दिया स्वच्छ ग्राम अभियान में योगदान

भोपाल। बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड, सतना सीमेंट वर्क्स के सीएसआर सहयोग और जनपद पंचायत सोहावल के समन्वय से स्वच्छ ग्राम अभियान के तहत स्वच्छता कार्यक्रम, सामूहिक श्रमदान और जनजागरूकता रैली आयोजित की गई। कार्यक्रम यूनिट हेड कौशल मिश्रा के मार्गदर्शन एवं एचआर क्लस्टर हेड प्रदीप सिंह बघेल के नेतृत्व में हुआ। बिरला सीएसआर टीम के रंजीत कुमार प्रसाद व विजय चौबे तथा एनजीओ पार्टनर आसरा ने आयोजन में सहयोग किया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत सोहावल उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, जनपद सीईओ प्रतिपाल सिंह बागरी, एसबीएम विष्णु बागरी सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण शामिल हुए। ग्राम में प्रस्तावित कचरा संग्रहण वाहन, भंडारण स्थल और रख-रखाव व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। सीईओ प्रतिपाल सिंह बागरी ने प्रभावी कचरा प्रबंधन के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

'कोटक नियो' में निवेश-ट्रेडिंग और वेल्थ सर्विसेज एक साथ

मुंबई। कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड ने अपने रिटेल बिजनेस की कस्टमर फेसिंग पहचान बदलकर 'कोटक नियो' करने की घोषणा की है। कंपनी का उद्देश्य निवेश, ट्रेडिंग और वेल्थ मैनेजमेंट से जुड़ी सेवाओं को एक एकीकृत डिजिटल और रिलेशनशिप आधारित प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराना है।कोटक नियो के एमडी और सीईओ श्रीपाल शाह ने कहा कि निवेशक शेयर, म्यूचुअल फंड और डेरिवेटिव जैसे अलग-अलग उत्पादों के साथ अपनी संपत्ति बढ़ाने, पोर्टफोलियो में विविधता लाने और बाजार के अवसरों का लाभ उठाने पर भी ध्यान देते हैं। कंपनी का लक्ष्य इन जरूरतों को एक ही प्लेटफॉर्म पर पूरा करना है।



ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2026 शुरू

बेंगलुरु। अमेजन ने ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2026 की शुरुआत की घोषणा की है। इसमें ग्राहकों को स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, ब्यूटी, होम, किचन और रोजमर्रा के सामानों पर साल की सबसे कम कीमतों का लाभ मिलेगा। प्राइम मेंबर्स के लिए अतिरिक्त बचत के साथ बैंक ऑफर, नो-कॉस्ट ईएमआई, अमेजन पे लेटर और एक्सचेंज ऑफर भी उपलब्ध हैं।

रोबोटिक्स और औद्योगिक इंटरनेट भारत के विनिर्माण को मिलेगी रफ्तार: सीआईआई

औद्योगिक इंटरनेट ऑफ थिंग्स विनिर्माण क्षेत्र के विकास के अगले चरण के प्रमुख आधार बनेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के विनिर्माण क्षेत्र को अब केवल जोड़-घटाकर तैयार किए जाने वाले उत्पादन तक सीमित रहने के बजाय वैश्विक मूल्य श्रृंखला में अपनी भागीदारी और मजबूत करने की जरूरत है। उद्योग जगत के विशेषज्ञों का कहना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वचालन, रोबोटिक्स और औद्योगिक इंटरनेट ऑफ थिंग्स विनिर्माण क्षेत्र के विकास के अगले चरण के प्रमुख आधार बनेंगे। यह बात भारतीय उद्योग परिसंघ के उन्नत विनिर्माण पर राष्ट्रीय सम्मेलन में सामने आई। सम्मेलन में उद्योग, शिक्षा जगत और सरकार से जुड़े विशेषज्ञों ने उत्पादकता बढ़ाने, आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत एवं लचीला बनाने, नई तकनीकों को अपनाने तथा वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भारत की स्थिति मजबूत करने पर चर्चा की।

उन्नत विनिर्माण पर भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई)की विशेष कार्यबल के अध्यक्ष और मोग्लिक्स के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी राहुल गर्ग ने कहा कि वैश्विक खरीदार अब केवल कम लागत वाले उत्पादन को प्राथमिकता नहीं दे रहे हैं। वे विश्वसनीयता, उत्पाद एवं प्रक्रिया की निगरानी और आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती को भी समान महत्व दे रहे हैं। सम्मेलन में आरएसबी समूह के कार्यकारी निदेशक राजनिकांत बेहरा, एसकेएफ समूह के भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया एवं मध्य-पूर्व औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष मुकुंद वासुदेवन, ग्रीव्स कॉटन के प्रबंध निदेशक एवं समूह मुख्य कार्यकारी अधिकारी पराग सतपुते तथा फोर्ब्स मार्शल के निदेशक एवं मुख्य परिचालन अधिकारी दत्ता कुवलेकर ने भी अपने विचार रखे। एमआईटीआरए की संचालन परिषद के सदस्य दीपक करंजीकर ने पुणे में महाराष्ट्र सरकार की नई उन्नत विनिर्माण एवं अग्रणी प्रौद्योगिकी संस्थान पहल का उल्लेख किया।

वहीं भारतीय उद्योग परिसंघ पुणे क्षेत्रीय परिषद के उपाध्यक्ष और केनेस्ट मैन्युफैक्चरर्स के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक नितिन मित्तल ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए तकनीक को अधिक सुलभ बनाने और उन्हें मजबूत संस्थागत सहयोग उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर दिया।



नई होंडा एलिवेट पेश कई नए फीचर्स



इंदौर। होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड ने अपनी लोकप्रिय मिड-साइज एसयूवी होंडा एलिवेट का नया मॉडल पेश किया है। कंपनी ने इसे 'ऑल न्यू, ऑल बोल्ड' थीम के साथ विकसित किया है। नई एलिवेट में डिजाइन, कम्फर्ट, टेक्नोलॉजी और सुरक्षा के स्तर पर कई बदलाव किए गए हैं। एसयूवी के फ्रंट में नया बोल्ड मेश ग्रिल, ग्लॉस ब्लैक फिनिश और रग्ड ट्राई-बार एलईडी पोजिशन लाइट्स दी गई हैं। पीछे फुल-विड्थ कनेक्टेड एलईडी टेल लैंप दिया गया है। नए 17-इंच ड्युअल-टोन अलॉय व्हील भी इसके लुक को बेहतर बनाते हैं।
कंपनी ने इसमें नया नॉर्डिक फॉरेस्ट पर्ल रंग भी जोड़ा है। नई एलिवेट में 1.5-लीटर पेट्रोल इंजन के साथ 6-स्पीड मैनुअल और सीवीटी गियरबॉक्स का विकल्प मिलेगा।

चिंतन

डिजिटल सुरक्षा वैश्विक जरूरत



आर्थिकी
डॉ .जयंतीलाल भंडारी

डिजिटल तकनीक ने दुनिया को जितनी तेजी से जोड़ा है, उतनी ही तेजी से साइबर अपराध ने भी अपनी सीमाएं बढ़ाई हैं। आज मोबाइल फोन केवल बातचीत का माध्यम नहीं रह गया है। बैंकिंग, खरीदारी, सरकारी सेवाएं, पहचान, कारोबार और व्यक्तिगत सूचनाएं सब कुछ एक छोटे से उपकरण में सिमट गया है। ऐसे में डिजिटल व्यवस्था पर नागरिक का भरोसा उसकी सबसे बड़ी पूंजी है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साइबर धोखाधड़ी और डीपफेक से निपटने के लिए वैश्विक तंत्र बनाने का आह्वान समय की महत्वपूर्ण जरूरत को सामने रखता है। साइबर अपराध की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि इसका कोई निश्चित भौगोलिक क्षेत्र नहीं है। ठग एक देश में बैठकर दूसरे देश के नेटवर्क का इस्तेमाल कर तीसरे देश के नागरिक को निशाना बना सकता है। फर्जी कॉल, संदेश, लिंक और डिजिटल भुगतान के जरिए होने वाली ठगी अब किसी एक शहर या देश की कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं रही। इसके पीछे अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क, तकनीकी साधन और कई बार अलग-अलग देशों में मौजूद अपराधी काम करते हैं। डीपफेक ने इस खतरे को और गंभीर बना दिया है। एआई की मदद से किसी व्यक्ति की आवाज, चेहरा और वीडियो इस तरह तैयार किए जा सकते हैं कि वास्तविक और नकली में अंतर करना आम व्यक्ति के लिए बेहद कठिन हो जाए। आने वाले समय में यह चुनौती और बढ़ सकती है। इसलिए साइबर सुरक्षा को केवल अपराध होने के बाद कार्रवाई तक सीमित नहीं रखा जा सकता। असली जरूरत ऐसी व्यवस्था बनाने की है, जो संदिग्ध कॉल, संदेश, वेबसाइट, भुगतान या डिजिटल पहचान को नागरिक तक पहुंचने से पहले ही पहचान सके। इसके लिए सरकारों के साथ दूरसंचार कंपनियों, बैंकों, तकनीकी कंपनियों और डिजिटल मंचों को साझा जिम्मेदारी निभानी होगी। मोबाइल और इंटरनेट की गति बढ़ाना डिजिटल विकास का एक पहलू है, लेकिन सुरक्षित डिजिटल वातावरण बनाना उसका दूसरा और उतना ही महत्वपूर्ण पहलू है। 5जी और आने वाली 6जी तकनीक, एआई, डिजिटल भुगतान और इंटरनेट आधारित सेवाओं का विस्तार तभी सार्थक होगा, जब नागरिक को यह भरोसा हो कि उसकी निजी जानकारी सुरक्षित है और उसके नाम पर कोई धोखाधड़ी नहीं हो सकती। ऐसे में डिजिटल सुरक्षा वैश्विक जरूरत बना गई है। इसमें सभी देशों को अपनी भूमिका निभानी होगी। दुनिया ने जिस तरह आतंकवाद, मादक पदार्थों और संगठित अपराध के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय सहयोग की जरूरत को स्वीकार किया है, उसी तरह अब साइबर अपराध के खिलाफ भी साझा वैश्विक व्यवस्था बनानी होगी। देशों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान, अपराधियों की पहचान, डिजिटल साक्ष्यों की उपलब्धता और त्वरित कार्रवाई के लिए स्पष्ट व्यवस्था जरूरी है। डीपफेक जैसी तकनीक के दुरुपयोग को रोकने के लिए भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साझा मानक विकसित करने होंगे। डिजिटल क्रांति को रोकना समाधान नहीं है और न ही ऐसा होना चाहिए। तकनीक विकास, सुशासन और आर्थिक प्रगति का शक्तिशाली माध्यम है। लेकिन इसका उपयोग सही दिशा में हो, तभी यह सार्थक होगी। जरूरत केवल इतनी है कि इसकी रफ्तार के साथ सुरक्षा की रफ्तार भी बढ़े। डिजिटल दुनिया में भरोसा टूट गया तो तकनीकी प्रगति की चमक फीकी पड़ जाएगी। इसलिए डिजिटल सुरक्षा अब किसी एक देश, कंपनी या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की साझा जरूरत है।

बढ़ती विकास दर के सामने चुनौतियां

भारत की विकास दर के बारे में प्रकाशित हो रही वैश्विक और राष्ट्रीय रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत की बढ़ती विकास दर के सामने वैश्विक और घरेलू मुश्किलों की चुनौतियां बनी हुई हैं। इस समय कच्चे तेल के ऊंचे दाम, कमजोर मानसून और महंगाई देश की बड़ी चुनौतियां हैं। इन परिस्थितियों में देश के आर्थिक ढांचे को मजबूत बनाए रखने के लिए एक संतुलित और दूरदर्शी नीति की अत्यंत आवश्यकता है। विनिर्माण क्षेत्र की मजबूती से आपूर्ति श्रृंखला में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सकता है, जिससे दीर्घकालिक रूप से महंगाई को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। ऐसा होने पर ही आर्थिक और वित्तीय चुनौतियों के बीच भी अर्थव्यवस्था वृद्धि की राह पर आगे बढ़ सकेगी।

इन दिनों भारत की विकास दर के बारे में प्रकाशित हो रही वैश्विक और राष्ट्रीय रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत की बढ़ती विकास दर के सामने वैश्विक और घरेलू मुश्किलों की चुनौतियां बनी हुई हैं। 6 अक्टूबर को प्रकाशित विश्व बैंक की नई रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की विकास दर के पूर्व निर्धारित अनुमान 6.6 प्रतिशत को बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया गया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इस वित्त वर्ष में विकास दर बनाए रखने के लिए भारत को वैश्विक और घरेलू आर्थिक चुनौतियों का रणनीतिपूर्वक सामना करते हुए आगे बढ़ना होगा।

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि इस समय देश के सामने आर्थिक वृद्धि बरकरार रखने की चुनौतियां दिखाई दे रही हैं। 7 अक्टूबर को रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया ने रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की जो वृद्धि की है, उससे भी विकास की रफ्तार पर असर होगा। हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत- अमेरिका व्यापार वार्ता में गतिरोध आ गया है। अमेरिका ने भारत से निर्यात नियंत्रित करने के लिए टैरिफ को दबाव के साधन के रूप में इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। 18 सितंबर को अमेरिका में नए कानून के तहत राष्ट्रपति ट्रंप की मुट्ठी में भारत पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की नई शक्ति आ गई है। भारत के लिए सबसे बड़े निर्यात बाजार अमेरिका में निर्यात बढ़ाने की नई चुनौती भी आर्थिक वृद्धि की राह में बड़ी चुनौती दिखाई दे रही है। इस परिप्रेक्ष्य में हाल ही में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव-2 शक्तिकांत दास ने कौटिल्य इकोनामिक कॉन्क्लेव में कहा कि देश को अपनी आर्थिक वृद्धि की गति बनाए रखने के लिए और 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगातार सुधारों और अधिक आत्मनिर्भरता पर जोर देना होगा। गौरतलब है कि एक अक्टूबर को वित्त मंत्रालय ने सितंबर 2026 की अपनी मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा है कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, वैश्विक वित्तीय स्थितियों में कड़ाई, अमेरिकी व्यापार नीतियों से जुड़ी अनिश्चितताएं, महंगाई और देश में कमजोर मानसून से निर्मित परिस्थितियां इस समय देश की आर्थिक वृद्धि की गति को बनाए रखने में बड़ी चुनौतियां बन गई हैं। इस परिदृश्य के कारण भारत की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही यानी जुलाई से सितंबर में 7.3 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल कर सकती है। जबकि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत ने 7.8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की थी। ऐसे में भारत भू-राजनीतिक ध्रुवीकरण और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में बढ़ते व्यवधानों के कारण अपनी विकास दर को लेकर बेफिक्र नहीं रह सकता। देश के करीब एक तिहाई हिस्से में सूखे का संकट भी सामने दिखाई दे रहा है। भारत मौसम विभाग (आइएमडी) के मुताबिक अलनीनो के असर से इस बार मानसून के सीजन में करीब 12.6 प्रतिशत बारिश कम रही है और ऐसे में देश के 38 प्रतिशत हिस्से में सूखे का खतरा है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा प्रकाशित बुलेटिन 'स्टेट ऑफ द इकोनॉमी' के अनुसार देश की आर्थिक रफ्तार की राह पर वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताएं, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, ट्रंप टैरिफ और कमजोर मानसून की चुनौतियां मुश्किलों के रूप में दिखाई दे रही हैं। लेकिन इसके बावजूद मजबूत



घरेलू बुनियाद के दम पर देश की अर्थव्यवस्था दमदार बनी हुई है। 25 सितंबर 2026 तक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 747.6 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह चालू वित्त वर्ष की अप्रैल से जून तिमाही में 6 प्रतिशत बढ़कर 19.81 अरब डालर की ऊंचाई पर पहुंचकर पांच वर्षों के उच्चतम मासिक स्तर पर रहा है। वहीं, दूसरी ओर सरकार किसी भी प्रकार की घरेलू और वैश्विक चुनौतियों का मुकाबला करने और आर्थिक रफ्तार बनाए रखने के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ रही है। निसंदेह अब तक वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और अनिश्चितताओं के बीच पूरी दुनिया में जिस तरह भारत की आर्थिक साख बढ़ी है,अब उसे बनाए रखना एक चुनौती है। गत 23 सितंबर को एसएंडपी और फिच रेटिंग्स जैसी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने भारत की विकास दर के अनुमान को बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया है और कहा है कि इस प्रदर्शन के दम पर भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का पूर्वानुमान बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 6 प्रतिशत रहने का अनुमान था। इस रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक सुस्ती के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था में लचीलापन देखने को मिला है। भारत की जीडीपी वृद्धि अनुमान में बढ़ोतरी का मुख्य आधार मजबूत घरेलू मांग, निजी खपत में लगातार सुधार, और बुनियादी ढांचा क्षेत्र में सरकारी व निजी निवेश में आई तेजी है।मूडीज ने भारत की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग को 'बीएए 3' पर बनाए रखा है और देश के आर्थिक आउटलुक को 'स्थिर' रखा है। रिपोर्ट के अनुसार यद्यपि विकास की गति सकारात्मक है, लेकिन भविष्य की चुनौतियों की ओर भी ध्यान दिया जाना जरूरी है। कहा गया है कि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल और ऊर्जा की ऊंची कीमतें भारत के आयात बिल और चालू खाते के घाटे को प्रभावित कर सकती हैं। मौसम के प्रतिकूल प्रभावों जैसे अल नीनो के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि महंगाई और ग्रामीण खपत पर दबाव डाल सकती है। वस्तुतः मूडीज का यह संशोधित अनुमान दर्शाता है कि भारत वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है। दुनिया की प्रसिद्ध जापानी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी (जेसीआर) ने भारत की विदेशी और स्थानीय मुद्रा दीर्घकालिक जारीकर्ता रेटिंग के साथ-साथ कंट्री सीलिंग को एक पायदान ऊपर बढ़ा दिया है। उल्लेखनीय है कि जेसीआर के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था लगभग सात प्रतिशत की उच्च विकास दर बनाए रखने में सफल रही है। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) जैसे ढांचागत सुधारों ने अर्थव्यवस्था की नींव को मजबूत किया है। निसंदेह अब देश और दुनिया के बदलते माहौल के बीच भारत के लिए वृद्धि दर बनाए रखना भी एक कठिन काम है। भारत के सामने कई चुनौतियां उभर कर दिखाई दे रही हैं।

इस समय कच्चे तेल के ऊंचे दाम, कमजोर मानसून और महंगाई देश की बड़ी चुनौतियां हैं। इन परिस्थितियों में देश के आर्थिक ढांचे को मजबूत बनाए रखने के लिए एक संतुलित और दूरदर्शी नीति की अत्यंत आवश्यकता है। इसमें कोई दो मत नहीं कि विनिर्माण क्षेत्र की मजबूती से आपूर्ति श्रृंखला में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सकता है, जिससे दीर्घकालिक रूप से महंगाई को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। ऐसा किए जाने पर ही आर्थिक और वित्तीय चुनौतियों के बीच भी अर्थव्यवस्था वृद्धि की राह पर आगे बढ़ सकेगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

पर्यटन
सुशील देव



एक बार बस्तर का दशहरा भी देखें !

यह बेहद सुकुन देने वाली बात है कि छत्तीसगढ़ का बस्तर, जिसे आमतौर पर नक्सलवाद और लाल आतंक के नाम से जाना जाता था, पर्यटन के नक्शे पर उसकी पहचान अब संस्कृति और प्रकृति की अनुपम छटा वाले पर्यटन क्षेत्र के रूप में जाना जा रहा है। वास्तव में बस्तर का वन क्षेत्र बेहद निराला है। प्रकृति की हरियाली और स्वच्छता पर्यटकों को आकर्षित करता है। धीरे-धीरे बस्तर न केवल विकास की धारा से जुड़ रहा है बल्कि पयर्टन के हिसाब से भी तेजी से बदल रहा है। यहां का खूबसूरत इलाका अपनी अनोखी आदिवासी संस्कृति, घने जंगलों की छटा सबका ध्यान खींच रहा है। साथ ही, यहां के लोगों का भावपूर्ण और अतिथि सत्कार भी दुनिया भर के पर्यटकों को लुभा रहा है। बारिश का मौसम बीतने के बाद से ही यहां हरे-भरे जंगल, पहाड़ और उनके उफनते पर्यटकों का मन मोह रहे हैं। इसलिए आज की तारीख में बस्तर भी देश के बेहतरीन पर्यटन स्थलों में एक साबित हो रहा है। हालांकि बस्तर का दशहरा बहुत पहले से प्रसिद्ध है, लेकिन हाल के दिनों में इस अवसर पर जुटने वाले सैलानियों की संख्या में खासा इजाफा दर्ज किया गया है। इस वर्ष भी यहां का दशहरा देखने के लिए देश-विदेश से बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। नवरात्रि और दशहरा के अलावा यहां दीपावली पर भी दुनिया भर से भारी संख्या में सैलानी पहुंचते हैं। इस बार और अधिक सैलानियों की उम्मीद की जा रही है। निश्चित तौर से इससे वहां की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। वहां के लोगों को इस बहाने रोजगार के साधन मिलते हैं। चर्चा है कि इस बार 75 दिनों तक चलने वाले बस्तर के दशहरा में कुछ खास होने वाला है, जो यहां के सैलानियों को दिखेगा। गौरतलब है कि दशहरा यहां सिर्फ पूजा-पाठ का त्योहार नहीं, बल्कि नए बस्तर की नई पहचान के रूप में मनाया जाएगा। असल में बस्तर का दशहरा देश के बाकी हिस्सों से बहुत अलग और अनोखा होता है। ध्यान देने योग्य बात है कि बस्तर में रावण के पुतले का दहन नहीं होता। यानी यहां रावण दहन या राम-रावण युद्ध के किसी प्रसंग को दोहराने की परंपरा नहीं है। क्योंकि यहां देवी और प्रकृति की आराधना होती है। इसलिए बस्तर का यह प्रसिद्ध उत्सव भगवान राम की विजय या रावण वध से जुड़ा हुआ नहीं है। यह पूरी तरह से यहां की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी और क्षेत्र के स्थानीय देवी-देवताओं को समर्पित है। यहां रावण दहन के बजाय विशाल लकड़ी के रथ खींचने, देवी-देवताओं की डोलियों के मिलन और आदिवासी लोक-परंपराओं पर पूरा फोकस होता है। मान्यता है कि बस्तर प्राचीन काल में दंडकारण्य का हिस्सा माना जाता था, इसलिए यहां रावण के पुतले को जलाने के बजाय उसकी संस्कृति और स्थानीय आस्था से जुड़ी रस्में (जैसे भीतर रैनी, बाहर रैनी और रथ परिक्रमा) निभाई जाती हैं। इस बार दशहरा और भी खास होने वाला है, क्योंकि देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य मेहमान के तौर पर शामिल होने वाली हैं। देश की राष्ट्रपति के इसमें शामिल होने से इस आयोजन का महत्व और भी बढ़ गया है। खास बात यह भी है कि दशहरा देखने आ रहे सैलानी अब बस्तर के दूसरे गांवों और पर्यटन स्थलों तक भी पहुंच रहे हैं, जिससे यहां के स्थानीय लोगों की कमाई के रास्ते खुल गए हैं। होटल और होम-स्टे चलाने वालों ने पर्यटकों के स्वागत की पूरी तैयारी कर ली है। सैलानियों को सिर्फ प्राकृतिक नजारे ही नहीं, बल्कि पारंपरिक बस्तरिया पकवान खाने और यहां की लोक कलाओं को नजदीक से देखने का मौका भी मिलेगा। छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के प्रबंधन के मुताबिक वर्तमान राज्य सरकार बस्तर में इको-टूरिज्म, होम-स्टे और एडवेंचर टूरिज्म को तेजी से बढ़ावा दे रही है। सुरक्षा और आने-जाने के रास्तों में सुधार होने से पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। सरकार का मकसद सिर्फ सैलानी बढ़ाना नहीं, बल्कि पर्यटन को रोजगार से जोड़ना है। इससे स्थानीय युवाओं, महिलाओं, गाइडों, कारीगरों और छोटे कारोबारियों को सीधे फायदा मिल रहा है। इससे यह समझा जा सकता है कि अब बस्तर आने वाले लोग सिर्फ दशहरा देखकर नहीं लौट रहे, बल्कि चित्रकोट जलप्रपात, तीरथगढ़, कांगेर घाटी, कुटुमसर और कैलाश गुफा जैसी जगहों पर भी जा रहे हैं। बारिश के बाद यहां की हरियाली और झरने इन जगहों को और भी खूबसूरत बना देते हैं। कांगेर घाटी में पर्यटकों को घने जंगलों के साथ आदिवासी जीवन को करीब से देखने का मौका मिल रहा है। स्पष्ट है कि पर्यटकों के यहां आने से बस्तर की ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। होम-स्टे, स्थानीय खाना, महुआ से बने उत्पाद, हस्तशिल्प और सुंदर कलाकृतियां पर्यटकों को बहुत पसंद आ रही हैं। इससे वाहन चालकों, छोटे दुकानदारों, कलाकारों और महिला समूहों की कमाई बढ़ रही है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है

संकलित
दर्शन

जिस प्रकार संपूर्ण जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है, उसी प्रकार मनुष्यों का विकास भी प्रारंभिक मानवीय प्रतिभाओं से आरंभ होकर विकास की उच्चतर अवस्थाओं तक होता है। उनकी क्षमता एक जन्म के बाद दूसरे जन्म में निरंतर और अधिकाधिक विकसित होती रहती है। संपूर्ण मानव जाति विकास एवं प्रतिविकास के चक्रों से गुजरती रहती है, जिन्हें शास्त्रों में युगों के नाम से संबोधित किया जाता है। उनका आरोहण और अवरोहण होता रहता है। इस समय हम एक ऐसे युग में हैं, जो आरोहण की अवस्था में है। दूसरे शब्दों में, वर्तमान काल में जन्म लेने वाले आत्माएं अपने दादा-दादी और परदादा-परदादी की अपेक्षा विकास की उच्चतर अवस्था में हैं।- आज के बच्चों को देखें, उनके अंदर स्वाभाविक रूप से यह भावना है-, 'नहीं, केवल किसी की त्वचा के रंग के कारण मेरे हृदय में उनके प्रति घृणा उत्पन्न नहीं होगी,' और इन बच्चों के हृदयों में एक अन्य प्रकार की मानवीय अज्ञानता के प्रति एक स्वाभाविक अस्वीकृति है, जिसमें संपूर्ण विश्व के सभी देशों में पुरानी पीढ़ियां दृढ़तापूर्वक विश्वास करती थीं। यह लगभग ऐसा है कि जैसे वे पहले से ही थोड़ी-बहुत तैयारी करके आते हैं। मेरे विचार से, जब आपकी आयु मेरी वर्तमान आयु के बराबर होगी, तो संभवतः आप और भी बहुत अधिक विकास को देखेंगे। तब आप पीछे मुड़कर देखेंगे और कहेंगे, 'ओह, उन पिछली पीढ़ियों के लोग ऐसे कैसे हो सकते थे?'

सफलता के लिए योजना बनाकर काम करें



संकलित
प्रेरणा

जब भगवान विष्णु श्रीकृष्ण रूप में अवतार लेने वाले थे। देवकी और वसुदेव कंस की कैद में थे। कंस ने देवकी-वसुदेव की 6 संतानों का वध कर दिया था। सातवीं संतान के रूप में बलराम देवकी के गर्भ में आए तो भगवान विष्णु ने योगमाया से कहा था कि आप इस सातवीं संतान को देवकी के गर्भ से निकाल कर वसुदेव जी की दूसरी पत्नी रोहिणी के गर्भ में स्थापित कर दो। इसके बाद कंस को ये सूचना दी जाएगी कि सातवां गर्भ गिर गया है। योगमाया ने ऐसा ही किया। इसके बाद जब आठवीं संतान के जन्म का समय आया तो भगवान ने योगमाया से कहा कि अब मेरे अवतार लेने का समय आ गया है। जब मेरे अवतार का जन्म होगा, ठीक उसी समय आप गोकुल में यशोदा के गर्भ से जन्म लेना। वसुदेव जी कंस के कारागर से निकालकर मुझे गोकुल पहुंचाएंगे और आपको लेकर कंस के कारागार में आ जाएंगे। जब कंस आठवीं संतान को मारने के लिए आएगा तब आप मुक्त हो जाना। भगवान ने जो योजना बनाई थी, उसी के अनुसार श्रीकृष्ण का अवतार हो गया। इस कथा में भगवान ने संदेश दिया है कि जब भी कोई काम करना हो तो उसकी योजना जरूर बनाएं। योजना अच्छी होगी तो सफलता जरूर मिलेगी।

सटाका



आज की पाती

तेल की कीमतों का झटका और भारत में बढ़ती महंगाई

महंगाई केवल बाजार में वस्तुओं की कीमत बढ़ने का नाम नहीं है, बल्कि इसके पीछे कई घरेलू और वैश्विक कारण काम करते हैं। जब किसी देश में विदेशों से आयात की जाने वाली वस्तुओं या कच्चे माल की कीमत बढ़ती है और उसका असर घरेलू बाजार की कीमतों पर पड़ता है, तो इसे आयातित महंगाई कहा जाता है। भारत जैसे देश के लिए यह चुनौती अधिक गंभीर है क्योंकि हमारी अर्थव्यवस्था ऊर्जा की आवश्यकताओं के लिए काफी हद तक आयातित कच्चे तेल पर निर्भर है। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में होने वाला उतार-चढ़ाव इसलिए केवल पेट्रोल और डीजल की कीमतों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसका असर परिवहन, उद्योग, कृषि, खाद्य पदार्थों और अंततः आम आदमी की जेब तक पहुंचता है। - नवरत्न, दादरी

करंट अफेयर

यूएन में भारत ने पाकिस्तान के दोहरे रवैये को उजागर किया



भारत ने आतंकवाद पर पाकिस्तान के दोहरे रवैये को संयुक्त राष्ट्र में उजागर करते हुए जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर पर इनाम की घोषणा करके आतंकवाद को दिए जा रहे सरकारी समर्थन को छिपाने के इस्लामाबाद के प्रयासों की आलोचना की और कहा कि दुनिया 9/11, 26/11 और पहलगाम हमलों को नहीं भूली है। भारत ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा की छठी समिति में "अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद को खत्म करने के उपाय" विषय पर पाकिस्तान के प्रतिनिधि के बयान पर जवाब देने के अपने अधिकार का इस्तेमाल किया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में प्रथम सचिव रघु पुरी ने कहा, "पाकिस्तान आतंकवाद से निपटने की बात करता है, जबकि वह उस सवाल को छिपाने की कोशिश कर रहा है जिसका सामना इस समिति को करना चाहिए, जब आतंकवादियों को किसी देश की जमीन से वित्तपोषण, मदद, प्रशिक्षण, पनाह या समर्थन दिया जाता है तो क्या होता है?" उन्होंने कहा कि भारत इस मुद्दे पर लगातार अपना रुख स्पष्ट करता रहा है और इस बात पर जोर देता रहा है कि आतंकवाद को केवल घोषणाओं के जरिए नहीं हराया जा सकता बल्कि इसके लिए अपराधियों, साजिशकर्ताओं, वित्तपोषकों और प्रायोजकों के खिलाफ कार्रवाई जरूरी है।

ऑफ बीट

फिटनेस ट्रैकिंग के छिपे खतरे विशेषज्ञों ने किया सावधान



मोबाइल ऐप, स्मार्टवॉच और अन्य पहनने योग्य फिटनेस उपकरणों का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि ये उपकरण लोगों को अधिक सक्रिय जीवनशैली अपनाने में मदद करते हैं, लेकिन इन पर अत्यधिक निर्भरता मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह भी हो सकती है। शोधकर्ताओं के अनुसार, फिटनेस ट्रैकर केवल शारीरिक गतिविधियों का रिकॉर्ड नहीं रखते, बल्कि लक्ष्य, अलर्ट, बैज, 'स्ट्रीक' और स्वचालित फीडबैक के जरिए लोगों के व्यवहार को भी प्रभावित करते हैं। जहां ये कुछ लोगों को अधिक सक्रिय बनने के लिए प्रेरित करते हैं, वहीं कई लोगों में चिंता, अपराधबोध, तनाव और खान-पान संबंधी अस्वास्थ्यकर व्यवहार भी देखने को मिला है। पिछले एक दशक से इस विषय पर शोध कर रहे विशेषज्ञ ने फिटनेस ट्रैकिंग से जुड़े पांच प्रमुख जोखिमों की पहचान की है। विशेषज्ञ के अनुसार, पहला खतरा प्रतिदिन 10,000 कदम चलने के लक्ष्य को लेकर है। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य 1960 के दशक में जापान में एक पेडोमीटर के प्रचार अभियान से जुड़ा था और इसे सभी लोगों के लिए वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित मानक नहीं माना जाता। कई शोध बताते हैं कि अधिकतर वयस्कों के लिए लगभग 7,000 कदम भी पर्याप्त और अधिक व्यावहारिक हो सकते हैं।

ट्रेंड

आत्मविश्वास और संकल्प



हमने जो भी प्रगति देखी है, वह इसलिए संभव हो पाई क्योंकि करोड़ों भारतीयों ने पूरे आत्मविश्वास और संकल्प के साथ देश के बदलाव में हिस्सा लिया। यह देखना विशेष रूप से सुखद है कि यह बदलाव लोगों के रोजमर्रा के जीवन में भी दिखाई दे रहा है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

67933 गांव टीबी-मुक्त



आज यह बहुत खुशी की बात है कि 67,933 ग्राम पंचायतों को टीबी-मुक्त घोषित किया गया है। इस उपलब्धि के लिए हमारे चुने हुए प्रतिनिधियों, स्वयंसेवकों और समुदाय के सदस्यों को बधाई।
- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री

पाटेकर का निधन दुःखद



मशहूर अभिनेता नाना पाटेकर के निधन की खबर बेहद दुःखद है। अपनी एक्टिंग और किरदारों के ज़रिए उन्होंने भारतीय सिनेमा और दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी है। दुख की इस घड़ी में, मेरी गहरी संवेदनाएं उनके परिवार, दोस्तों और चाहने वालों के साथ हैं।
-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

देशद्रोही वामपंथी



देशद्रोही वामपंथी, जो सैद्धांतिक रूप से लोकतंत्र पर अविश्वास करते हैं और हिंसक क्रांति में भरोसा रखते हैं, साथ ही राष्ट्रवाद का पुरजोर विरोध करते हैं, उनका संस्थानों की छवि खराब करने का एक लंबा इतिहास रहा है।
- केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, यूपी

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

42 पूर्व जजों ने चुनाव आयोग के समर्थन में लिखा पत्र, जताई चिंता

चुनाव कराने वाले निष्पक्ष अधिकारियों को खुलेआम डराया-धमकाया जा रहा कार्रवाई की धमकियां दी जा रहीं, हलफनामा मांगा तो क्यों नहीं दिया जा रहा?

मंचों से सांविधानिक संस्थाओं को खुलेआम चोर, कठपुतली और समझौतावादी कहना बेहद खतरनाक है। बिना किसी कानूनी सबूत के प्रेस कॉन्फ्रेंस में वोट चोरी के मनगढ़ंत आरोप लगाए जा रहे हैं, जबकि अदालत में कोई सबूत पेश नहीं किया जाता।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में सांविधानिक संस्थाओं की साख और उनकी स्वायत्तता को लेकर एक बड़ी बहस छिड़ गई है। इसी बीच 42 पूर्व जजों और सेवानिवृत्त सांविधानिक अधिकारियों ने भारत के नागरिकों के नाम एक खुला पत्र लिखा। जजों ने स्पष्ट किया है कि वे किसी भी राजनीतिक दल के पक्षधर नहीं हैं, लेकिन आज के दौर में साधे रखी गई चुप्पी निष्पक्षता नहीं हो सकती। जब देश की बुनियादी संस्थाओं को लगातार निशाना बनाया जा रहा हो, तब सामने आकर सच बोलना बेहद जरूरी हो जाता है। इस खुले पत्र में चुनाव आयोग, न्यायपालिका और अन्य सांविधानिक निकायों पर हो रहे सुनियोजित हमलों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि संस्थाओं की स्वस्थ आलोचना करना एक लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन दुर्भावना से उन्हें बदनाम करना लोकतंत्र के खिलाफ है। मंचों से सांविधानिक संस्थाओं को खुलेआम चोर, कठपुतली और समझौतावादी कहना बेहद खतरनाक है। बिना किसी कानूनी सबूत के प्रेस कॉन्फ्रेंस में वोट चोरी के मनगढ़ंत आरोप लगाए जा रहे हैं, जबकि अदालत में कोई सबूत पेश नहीं किया जाता।

आलोचना का अधिकार बदनाम करने का नहीं

बिना सबूत 'वोट चोरी' के आरोप लगाए, वे बेबुनियाद

पत्र में तीखा सवाल उठाते हुए कहा है कि चुनाव कराने वाले निष्पक्ष अधिकारियों को खुलेआम डराया-धमकाया जा रहा है और सत्ता बदलने पर बदले की कार्रवाई की धमकियां दी जा रही हैं। किसी भी अदालत ने इन आरोपों को कभी सही नहीं पाया है। जब चुनाव आयोग हलफनामा मांगता है, तब कोई आगे नहीं आता। केवल हार के बाद ईवीएम पर दोष मढ़ा जाता है, जबकि उन्हीं मशीनों से



मिली जीत पर कोई सवाल नहीं उठाता। दशकों तक राज करने वाले दल अब उसी चुनावी व्यवस्था को धांधली वाला बता रहे हैं, जिसने उन्हें सत्ता दी थी।

तथ्यों को दरकिनार कर भ्रम फैलाया जा रहा

पूर्व जजों ने समझाया कि भारत का चुनाव आयोग संविधान के अनुच्छेद 324 से अपनी शक्ति लेता है। संविधान निर्माताओं ने जानबूझकर मतदाता सूची को कार्यपालिका की पहुंच से दूर एक स्वतंत्र आयोग को सौंपा था। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 21(3) के तहत एसआईआर एक सामान्य कानूनी प्रक्रिया है, जो पहले आम चुनाव के समय से ही नियमित रूप से होती आई है। इसका उद्देश्य मृत लोगों के नाम हटाना, दोहरी प्रविष्टियां खत्म करना और छूटे हुए पात्र नागरिकों को जोड़ना है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस प्रक्रिया को पूरी तरह वैध और निष्पक्ष माना है, फिर भी तथ्यों को दरकिनार कर भ्रम फैलाया जा रहा है।

पूर्व जजों ने ये अपीलें की

- **राजनीतिक दलों से अपील**... चुनाव पूरी मजबूती से लड़ें, लेकिन चुनावी व्यवस्था को अवैध साबित करने की कोशिश न करें; अपनी शिकायतें सबूतों के साथ आयोग और अदालतों में ले जाएं।
- **मीडिया से अपील**... बिना जांच-पड़ताल और पुख्ता सत्यापन के केवल अनुमानों व अटकलों को तूल न दें; कोई भी हेडलाइन सबूत नहीं होती और दोहराने से झूठ सच नहीं बन जाता।
- **सांविधानिक संस्थाओं से अपील**... अपने काम पर अडिग रहें, पूर्ण पारदर्शिता बरतें, जायज सवालों का स्पष्ट समाधान करें और राजनीतिक खींचतान से हमेशा ऊपर रहें।
- **देश के नागरिकों से अपील**... किसी भी दावे को स्वीकार करने या आगे बढ़ाने से पहले तथ्यों की पुष्टि करें; अपने वोट को कभी बेकार न समझें क्योंकि आपका वोट ही आपकी असली ताकत है।

कुछ अराजक और सीमांत तत्व फायदा उठा रहे

पूर्व जजों ने साफ चेतावनी दी है कि जनता का विश्वास ही लोकतंत्र की असली ताकत है। अगर नागरिकों को लगातार यह समझाया जाएगा कि उनके वोट का कोई मोल नहीं है, तो वे मतदान व्यवस्था पर भरोसा करना छोड़ देंगे। जब मतपेटी अपनी अहमियत खो देती है, तब सड़कों पर अराजकता शुरू हो जाती है। कुछ अराजक और सीमांत तत्व इस खाली जगह का फायदा उठाते हैं, जिनमें से कुछ देश के भीतर से और कुछ सीमाओं के पार से निर्देश लेते हैं।

राजनीतिक दल शिकायतें कानूनी प्रक्रिया और साक्ष्यों के आधार पर ही उठाएं

संविधान और लोकतंत्र की मर्यादा बनाए रखने की जिम्मेदारी साझी है। सांविधानिक संस्थाएं जनता के भरोसे और पूर्ण पारदर्शिता से अपनी साख बनाती हैं। राजनीतिक दलों को चाहिए कि वे अपनी शिकायतें कानूनी प्रक्रिया और साक्ष्यों के आधार पर ही उठाएं। वहीं मीडिया को भी कल्पना और सत्यापित तथ्यों के बीच का अंतर जनता तक स्पष्ट रूप से पहुंचाना चाहिए। जनता का विश्वास ही शासन की वास्तविक रीढ़ होता है।

सांविधानिक संस्थाओं का बचाव करें सभी नागरिक

सांविधानिक संस्थाएं किसी सरकार की निजी संपत्ति नहीं हैं, बल्कि वे भारत के 140 करोड़ नागरिकों की हैं। इनकी विश्वसनीयता पर हमला सीधे तौर पर उन संस्थाओं पर हमला है जो नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा करती हैं। हर नागरिक से संविधान और इन लोकतांत्रिक संस्थाओं के बचाव में मजबूती से खड़े होने का आह्वान किया है।

खबर संक्षेप

सीबीएसई प्राइवेट परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

नई दिल्ली। सीबीएसई ने 2026-27 के लिए 10वीं और 12वीं के प्राइवेट छात्रों की बोर्ड परीक्षा के आवेदन फॉर्म जारी कर दिए हैं। प्रक्रिया 8 अक्टूबर से शुरू हो गई है।बिना लेट फीस के आवेदन करने की अंतिम तारीख 23 अक्तूबर है। इसके बाद उम्मीदवार 24 से 30 अक्टूबर 2026 तक लेट फीस के साथ आवेदन कर सकेंगे।

नामेरी बाघ अभयारण्य को वैश्विक मान्यता

गुवाहाटी। असम के नामेरी बाघ अभयारण्य को बाघ संरक्षण और संरक्षित वन क्षेत्र के प्रबंधन के लिए वैश्विक मान्यता मिली है। क्षेत्र निदेशक पिराइसूदन बी. ने बताया कि बाघ संरक्षण और संरक्षित क्षेत्र प्रबंधन के निर्धारित मानकों को पूरा करने के बाद 'कंजर्वेशन एश्योर्ड टाइगर स्टैंडर्ड्स' के तहत मान्य किया।



मुंबई की टाटा कॉलोनी के लेबर कैंप में आग

मुंबई। महाराष्ट्र के मुंबई के मुलुंड ईस्ट स्थित टाटा कॉलोनी में लेबर कैंप में गुरुवार को भीषण आग लग गई। यह लेबर कैंप धारावी से विस्थापित परिवारों के पुनर्वास के लिए बनाए गए प्रोजेक्ट परिसर में स्थित है। कैंप का निर्माण जी प्लस1 ढांचे में किया गया है। मजदूर जान बचाकर बाहर भागे।



कोलकाता एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

कोलकाता। कोलकाता एयरपोर्ट को गुरुवार को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया। एयरपोर्ट प्रशासन को दोपहर करीब 2 बजे एक धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें एयरपोर्ट परिसर में विस्फोटक लगाने का दावा किया गया और पूरी सुविधा को उड़ाने की धमकी दी गई। यहां से ममता बेनर्जी दिल्ली आने वाली हैं।



प्रधानमंत्री ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस के 10वें संस्करण की शुरुआत की

जिनकी मुफ्त की कमाई बंद हो गई, वे मोदी से प्यार करेंगे क्या? राशि का दुरुपयोग थमा

- 5 लाख करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बचे
- 50 लाख करोड़ रुपए लाभार्थियों के खातों में पहुंचे
- तकनीक और सरकारी योजनाओं का जिक्र किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस के 10वें संस्करण में डिजिटल तकनीक और सरकारी योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज मोबाइल फोन सिर्फ बातचीत का जरिया नहीं रहा, यह सुशासन का बड़ा माध्यम बन चुका है। इसी दौरान उन्होंने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर यानी डीबीटी का भी जिक्र किया। पीएम ने कहा कि डीबीटी के जरिए 50 लाख करोड़ रुपए लाभार्थियों के बैंक खातों तक पहुंचे। इससे करीब 5 लाख करोड़ की बचत हुई है। उन्होंने कहा कि इस वजह से जिनकी मुफ्त की कमाई बंद हो चुकी है, वे मोदी से प्यार करेंगे क्या? पीएम मोदी ने कहा कि सरकार की डिजिटल व्यवस्था से सरकारी मदद सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंच रही है। मोबाइल से जुड़े बैंक खातों के जरिए लोगों तक सरकारी सहायता पहुंची है। इससे व्यवस्था में होने वाली लीकेज को रोकने में मदद मिली है। पीएम ने कहा कि यह कोई छोटी रकम नहीं है। उनके अनुसार यह पैसा गलत हाथों में जाने से बचा है।



मोबाइल फोन सुशासन का बड़ा माध्यम बना



डिजिटल इंडिया कार्यक्रम से देश की स्थिति बदली

पीएम मोदी ने कहा कि मोबाइल टेक्नोलॉजी में भारत आगे बढ़ा है. इंडिया मोबाइल कांग्रेस भारत की प्रगति का मंच है। पीएम मोदी ने कहा कि डिजिटल इंडिया कार्यक्रम से स्थिति बदली है। एक दशक पहले तक डिजिटल डिवाइस चुनौती थी। पहले साधन संपन्न ही लाभ ले सकते थे। हमारा लक्ष्य हर सीमा से परे विस्तार का है। इंडिया मोबाइल कांग्रेस भारत के सपनों का मंच है। पीएम मोदी ने कहा कि बीते 10-12 वर्षों में मोबाइल फ़ोन आधुनिक संचार के माध्यम के साथ-साथ सुशासन का भी अहम टूल बनकर सामने आया है. ये डिजिटल इंडिया विजन के कोर में रहा है।

हम इसे पूरा करके रहेंगे

पीएम मोदी ने पूछा कि क्या उन्होंने सही काम किया या नहीं। पीएम ने कहा कि इस तरह की गड़बड़ियों को रोका जाना चाहिए या नहीं। उन्होंने कहा कि विरोध और आलोचना के बावजूद वह इस काम को जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि वह इसे पूरा करके रहेंगे।

गेमिंग इकोसिस्टम में युवाओं की बढ़ी भूमिका

पीएम मोदी ने भारत के गेमिंग इकोसिस्टम का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि देश में 50 करोड़ से ज्यादा लोग गेमिंग इकोसिस्टम का हिस्सा हैं। इसमें छोटे शहरों और कस्बों के युवाओं की भी बड़ी भूमिका है। इंडिया मोबाइल कांग्रेस के इस कार्यक्रम में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के अलावा देश और विदेश के कई उद्योगपति और टेक्नोलॉजी से जुड़े लोग शामिल हुए।

डिजिटल गवर्नेंस ने देश के हालात को बदल दिया

पीएम मोदी ने कहा कि मोबाइल और इंटरनेट की कनेक्टिविटी ने शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी सेवाओं को बिना बाधा चालू रखा। आज दूर-सुदूर गांव, गरीब के बच्चे भी गुणवत्तापूर्ण ज्ञान तक पहुंच पा रहे हैं। डिजिटल लर्निंग सबकी पहुंच में आ रही है। डिजिटल गवर्नेंस ने इन हालात को बदल दिया है। आज, सैकड़ों सरकारी सेवाएं मोबाइल फ़ोन पर उपलब्ध हैं। सरकारी मदद अब सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचती है।

डीपफेक और साइबर सुरक्षा पर भी की बात

प्रधानमंत्री ने डिजिटल सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने डेटा की सुरक्षा और साइबर धोखाधड़ी का मुद्दा उठाया। उन्होंने डीपफेक जैसी तकनीक से पैदा होने वाली चुनौतियों का भी जिक्र किया। पीएम ने कहा कि डिजिटल दुनिया में बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर एक मजबूत ढांचे की जरूरत है। उन्होंने डेटा और डिजिटल सुरक्षा को लेकर देशों के बीच सहयोग की जरूरत बताई।

डिजिटल व्यवस्था से लोगों का काम आसान

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 10 से 12 साल में मोबाइल फोन की भूमिका काफी बदल गई है। उन्होंने कहा कि आज सैकड़ों सरकारी सेवाएं मोबाइल फोन पर उपलब्ध हैं। लोगों को कई कामों के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। डिजिटल व्यवस्था ने सरकारी सेवाओं को लोगों तक पहुंचाने का तरीका बदला है.

नवीन ने कहा, प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत @ 2047' को साकार करने में युवाओं की भूमिका अहम

केरल ,कर्नाटक व तमिलनाडु में भी ईसी ने चुनाव कराया, राहुल गांधी इस्तीफा दें



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में 'युवा संवाद' कार्यक्रम को संबोधित किया और कहा कि आज की पीढ़ी परिवर्तन की वाहक है और उसकी बात सुनना आवश्यक है। नवीन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्टार्टअप, आईटी, एआई, सेमीकंडक्टर, मेडिकल शिक्षा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में नए अवसर बने हैं। नवीन ने 2047 तक भारत को विकसित और विश्व गुरु बनाने के लिए युवाओं से पूर्ण समर्पण के साथ योगदान देने का आह्वान किया। नवीन ने काशी में भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रार्थना की कि बाबा की कृपा समस्त देशवासियों पर सदैव बनी रहे।

नवीन ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता 24 गुणा 7 काम करता है। उसके लिए हर दिन चुनाव है। हम वे लोग नहीं हैं, जो केवल चुनाव के समय आते हैं। हमारे कार्यक्रम, हमारे काम और जनता के साथ हमारा संवाद पूरे साल चलता है। राहुल,विपक्ष अराजकतावादी मानसिकता के लोग हैं, जिन्हें केवल समाज में विष घोलना आता है। अगर ऐसा ही था, तो केरल में भी चुनाव इसी चुनाव आयोग ने कराया था। तमिलनाडु में, जहां ये पीछे से सत्ता में पहुंचे हैं, वहां का चुनाव भी इसी चुनाव आयोग ने कराया था। अगर हिम्मत है, तो राहुल को पहले अपना इस्तीफा देना चाहिए। वे जिस प्रकार का खेल ये खेल रहे हैं, वो देश की जनता देख रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि घुसपैठियों को संरक्षण देने का काम नेता प्रतिपक्ष कर रहे हैं।

आज पंच वर्षीय नहीं, 50 वर्ष की योजनाएं बन रहीं

युवा संवाद को संबोधित करते हुए नवीन ने कहा कि आज की पीढ़ी परिवर्तन है, जिसे परिवार, समाज और सरकार चलाने वाले जनप्रतिनिधियों को भी समझना होगा। आज की नई पीढ़ी अपनी बात रखना चाहती है और हमें उन्हें सुनने की आवश्यकता है। आजादी के करीब 80 साल बाद भी हम विकसित भारत का सपना देख रहे हैं, क्योंकि पहले देश ने एक साथ सामूहिक स्वप्न नहीं देखा। हमारे यहां केवल 5 साल की पंचवर्षीय योजनाओं की आदत थी, लेकिन प्रधानमंत्री ने नीति आयोग का गठन किया, जो 50 साल की सोचता है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के मंत्र से 2047 तक हम जरूर विकसित भारत बनेंगे।

आयुष्मान भारत योजना

महिलाओं की भागीदारी 42 प्रतिशत से ज्यादा रही, आधे कार्ड इनके नाम दर्ज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज का लाभ उठाने वाले लाभार्थियों में महिलाओं की भागीदारी 42 प्रतिशत से अधिक रही है। इस योजना से जुड़ी हालिया और विस्तृत रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं की स्थिति सुदृढ़ है। कुल बनाए गए आयुष्मान कार्डों में से लगभग 49.31 प्रतिशत कार्ड महिलाओं के नाम पर हैं। अधिकृत अस्पताल दाखिलों में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 48 प्रतिशत है। देश भर में अब तक 42 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं। देश में कुल महिला कार्यबल भागीदारी दर भी बढ़कर 42 प्रतिशत हो गई है। आयुष सेवाओं के कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी 43 प्रतिशत के करीब है। इससे स्वास्थ्य सेवाएं बढ़ी हैं।



नड्डा ने जोश टीमों का किया शुभारंभ

क्षय रोग उन्मूलन अभियान को युवाओं की ताकत से मिलेगी नई गति और दिशा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने गुरुवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में राष्ट्रीय कार्यक्रम में क्षय रोग मुक्त भारत अभियान के तहत जोश (संयुक्त स्वास्थ्य दल) टीमों का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य युवाओं की ऊर्जा, पहुंच और प्रतिबद्धता का उपयोग करते हुए क्षय रोग की रोकथाम, शीघ्र निदान, समय पर उपचार और बीमारी से जुड़े कलंक को कम करने का संदेश देशभर के समुदायों तक पहुंचाना है। नड्डा ने कहा कि युवा नेतृत्व वाली सामुदायिक कार्रवाई के जरिए भारत के क्षय रोग उन्मूलन अभियान को नई गति मिलेगी। नड्डा ने जोश टीमों के शुभारंभ को क्षय रोग के खिलाफ भारत की सामूहिक लड़ाई में अहम उपलब्धि बताया।



राष्ट्रपति ने लाहौल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत देखी

विधायक ने राष्ट्रपति को भेंट की लाहौल की पारंपरिक थांका पेंटिंग

संस्कृति की अनमोल निशानी बनी खास याद

एजेंसी ▶▶ लाहौल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल पहुंचने पर लाहौल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की खास झलक देखने को मिली। जनजातीय विधानसभा क्षेत्र की विधायक अनुराधा राणा ने राष्ट्रपति को क्षेत्र की पारंपरिक कला का प्रतीक थांका पेंटिंग भेंट की। विधायक ने पारंपरिक वेशभूषा में



राष्ट्रपति का स्वागत करते हुए उन्हें यह पेंटिंग प्रदान की। थांका पेंटिंग बौद्ध परंपरा और आध्यात्मिक विरासत से गहराई से जुड़ी हुई है।

यह सिर्फ चित्र नहीं आस्था और ज्ञान की अभिव्यक्ति

थांका पेंटिंग को केवल पारंपरिक चित्रकला के तौर पर नहीं देखा जाता। इसमें बौद्ध धर्म की धार्मिक मान्यताओं, ध्यान, आध्यात्मिक चिंतन और ज्ञान की परंपरा को चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त किया जाता है।

एआई पर सख्ती: वैष्णव ने 'वर्ल्ड डेवलपमेंट रिपोर्ट' जारी की

जल्द लाएंगे नए नियम, लोगों की सुरक्षा तय होगी, जिंदगी बदलेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को नई दिल्ली में 'वर्ल्ड डेवलपमेंट रिपोर्ट 2026' जारी की। इस बीच उन्होंने कहा कि भारत से कुछ ऐसे उदाहरण है जो असल में दिखाते हैं कि टेक्नोलॉजी कैसे आम लोगों की जिंदगी में बदलाव ला सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार एक महीने के अंदर एआई रेगुलेशन पर एक कंसल्टेशन पेपर जारी करेगी। एआई पर वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट से जुड़े एक कार्यक्रम में कहा कि यह कंसल्टेशन पेपर एआई रेगुलेशन का आधार बनेगा।



डीपफेक से समाज में दिक्कतें पैदा होंगी

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने तेलंगाना के मेडचल-मलकाजगिरी जिले की अदालत में पेंडिंग मामलों को खारिज करते हुए कहा कि रिकॉर्ड में ऐसा कोई सबूत या सामग्री नहीं मिली, जिससे यह साबित हो सके कि आरोपियों ने महिला को आत्महत्या के लिए मजबूर या उकसाया था। उन्होंने कहा कि जो बदलाव हुए हैं, उनमें मानवता सबसे अहम हिस्सा होनी चाहिए।

बेंगलुरू में एसआईआर के खिलाफ सीजेपी का प्रदर्शन

एसआईआर खत्म हो, सीईसी पर कानूनी कार्रवाई करें

दीपके ने बेंगलुरु के फ्रीडम पार्क में रैली में कहा

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

यहां एसआईआर के खिलाफ आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर 'लोकतंत्र की हत्या' और 'वोट चोरी' करने का आरोप लगाया। फ्रीडम पार्क में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए दीपके ने कहा कि आंदोलन का उद्देश्य केवल मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा लेना नहीं है। अगर वे हटते भी हैं, तो उनकी जगह किसी और की नियुक्ति हो जाएगी। हमारी मुख्य मांग एसआईआर प्रक्रिया को समाप्त करना है। ज्ञानेश की भूमिका की जांच हो और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।



फ्रीडम पार्क में प्रदर्शन के दौरान 'एसआईआर रद्द करो' और 'ज्ञानेश कुमार गद्दी छोड़ो' जैसे नारे सुनाई दिए। कार्यक्रम में अभिनेता प्रकाश राज, यूट्यूबर ध्रुव राठी और अभिजीत दीपके समेत कई लोग मौजूद रहे।

चुनाव आयोग पर बरसे प्रकाश राज

सीजेपी की 'जन-अदालत' में अभिनेता प्रकाश राज ने एसआईआर के तहत मतदाता सत्यापन की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सीजेपी से लेकर आईसा तक कई संगठन इसी चिंता के चलते एक मंच पर आए हैं।

सीजेपी प्रदर्शन के दौरान हिंसा, 2874 पर केस

नई दिल्ली। जुलाई में सीजेपी के विरोध प्रदर्शन के दौरान उपद्रव करने और पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला करने वालों पर केस दर्ज किया है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने करीब तीन माह बाद 2874 अपराधियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

भारत ने की निंदा, कहा- नागरिक ठिकानों को निशाना बनाना अस्वीकार्य

सऊदी एयरपोर्ट पर हूतियों का हमला, 3 की मौत, 36 घायल जवाब में सऊदी ने की यमन के 80 ठिकानों पर एयरस्ट्राइक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

आभा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और रियाद के किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट को 6 और 7 अक्टूबर को निशाना बनाया गया। हूती विद्रोहियों ने दोनों हमलों की जिम्मेदारी ली है

सऊदी अरब के दो एयरपोर्ट्स पर हूती विद्रोहियों ने ड्रोन और मिसाइल से हमले किए। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई है। साथ ही 36 लोग घायल हुए हैं। सऊदी अरब की जनरल अथॉरिटी ऑफ सिविल एविएशन (जीएसीए) ने बुधवार को यह जानकारी दी। आभा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और रियाद के किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट को 6 और 7 अक्टूबर को निशाना बनाया गया। हूती विद्रोहियों ने दोनों हमलों की जिम्मेदारी ली है। वहीं, यमन में सऊदी के नेतृत्व वाले गठबंधन ने कहा कि उसने हूतियों के 80 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई की है।

हूतियों ने यमन में 11 मिसाइलें दागीं, 30 की मौत का दावा



सऊदी अरब के रियाद में किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हूतियों का हमला

भारत ने सऊदी के साथ खड़े होने का दिया भरोसा

भारत ने गुरुवार को सऊदी अरब के अबहा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और रियाद के किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पिछले कुछ दिनों में हुए हमलों की कड़ी निंदा की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत अबहा और किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट को निशाना बनाकर किए गए हमलों की निंदा करता है। मंत्रालय के मुताबिक, इन हमलों में नागरिकों की जान गई और कई लोग घायल हुए। आम लोगों के इस्तेमाल वाले बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

विदेशी नागरिकों ने हमले में जान गंवाई

आभा एयरपोर्ट पर हमले में मोरक्को और अल्जीरिया की दो महिला नागरिकों की मौत हुई। साथ ही यहां 28 लोग घायल हुए। इनमें सऊदी, बांग्लादेशी और फिलीपींस के नागरिक शामिल हैं। वहीं, किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक सूडानी नागरिक की मौत हुई। यहां 8 लोग घायल हुए, जिनमें 5 सऊदी नागरिक, 2 मिस्र के निवासी और एक पाकिस्तानी निवासी शामिल हैं। जीएसीए ने बताया कि सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। साथ ही अधिकारी सुविधाओं की सुरक्षा की जांच कर रहे हैं और यात्रियों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठा रहे हैं।

सऊदी ने यमन में मिसाइल ठिकाना नष्ट किया

इस बीच, यमन में सऊदी अरब के नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन ने दावा किया कि उसने रियाद पर हमले के लिए इस्तेमाल किए गए एक बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च प्लेटफॉर्म को नष्ट कर दिया है। गठबंधन के प्रवक्ता कर्नल तुर्की अल-मालिकी ने कहा कि यह कार्रवाई यमन की राजधानी सना में की गई। उनके मुताबिक, वहां सऊदी अरब पर एक और हमले की तैयारी चल रही थी और हमला जल्द किया जा सकता था।

बाब अल-मंदेब के पास प्रमुख रास्तों पर निशाना बनाया

हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरी ने दावा किया कि पिछले 24 घंटे में संगठन ने यमन में सरकारी बलों के 11 ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमले किए। सरी के मुताबिक, यमनी सरकार के बलों को बाब अल-मंदेब के पास प्रमुख रास्तों पर निशाना बनाया गया। उन्होंने दावा किया कि इन हमलों में दर्जनों लोग हताहत हुए, जिनमें सैन्य कमांडर भी शामिल थे। कई गाड़ियां भी नष्ट हो गईं। हूती प्रवक्ता ने अलग से दावा किया कि संगठन ने सऊदी अरब के समर्थन वाले जायंट्स ब्रिगेड पर भी बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। उसके मुताबिक, इस हमले में 30 से ज्यादा लोग मारे गए या घायल हुए।

यमन में हूतियों के खिलाफ सैन्य अभियान जारी

यमन सरकार हूती विद्रोहियों के खिलाफ सैन्य अभियान चला रही है। इसका मकसद यमन और बाब अल-मंदेब स्ट्रेट के पास कब्जाए इलाकों को वापस पाना है। 5 अक्टूबर को सऊदी समर्थित यमनी सेना ने हूतियों के खिलाफ बड़ा जवाबी अभियान शुरू किया।

जीआईसी बोला यह व्यवस्थित अपराध

खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के महासचिव जसीम मोहम्मद अल-बुदैवी ने भी हूती हमलों की निंदा की। उन्होंने इन्हें नागरिकों को निशाना बनाने वाले 'व्यवस्थित अपराध' बताया। नागरिक एयरपोर्ट पर हमले और यात्रियों, कर्मचारियों तथा आम लोगों की जान को खतरे में डालना तनाव को बेहद खतरनाक स्तर तक बढ़ाने वाला कदम है। हमले अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खुला उल्लंघन हैं।

खबर संक्षेप

रूस का यूक्रेन पर हमला, 30 की मौत

कीव। यूक्रेन में रूसी हमलों का सिलसिला तेज होता जा रहा है। पूर्वी यूक्रेन में रूसी हमलों में 30 लोगों की मौत हो गई, जबकि कम से कम 18 लोग घायल हुए हैं। इन हमलों में एक बस को भी निशाना बनाया गया। इस बीच राजधानी कीव में बिजली का संकट और गहरा गया है। यूक्रेन में सर्दियों से पहले रूस के हमले लगातार तेज हो रहे हैं। डोनेत्स्क इलाके के सैन्य प्रशासन प्रमुख वादिम फिलाश्किन ने बताया कि क्रामाटोर्स्क और उसके पड़ोसी शहर स्लोवियांस्क में सुरक्षा हालात तेजी से बिगड़ने के कारण पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोक दिया गया है।



पुंछ में मिली लैंडमाइन सुरक्षित ढंग से नष्ट की

पुंछ। भारतीय सेना ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के मेंढर सब डिविजन में लाइन ऑफ कंट्रोल के पास एक लैंडमाइन का पता लगाया, जिसे बाद में सुरक्षित रूप से नष्ट कर दिया गया। बालाकोट के फॉरवर्ड एरिया में रूटीन पेट्रोलिंग के दौरान इस लैंडमाइन का पता चला और बाद में बम डिस्पोजल टीम ने इसे नष्ट कर दिया। घुसपैठ रोकने के सिस्टम के तहत फॉरवर्ड एरिया में कई जगहों पर लैंडमाइन बिछाई जाती हैं। कभी-कभी बारिश में ये बह जाती हैं और बाद में किसी भी अनहोनी घटना से बचने के लिए इन्हें ढूंढकर नष्ट कर दिया जाता है।



भारतीय वायुसेना की 94वीं स्थापना वर्षगांठ पर वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल सिंह बोले

किसी भी चुनौती से निपटने को तैयार वायुसेना 'ऑपरेशन सिंदूर' ने प्रस्तुत किया बड़ा उदाहरण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

एपी सिंह ने कहा कि वायुसेना की ताकत या क्षमता का आकलन इस बात से नहीं होता कि वो कितने प्रकार के आधुनिक और मारक अस्त्र-शस्त्रों से लैस है। बल्कि इसका साफ अंदाजा इस बात से लगता है कि वह युद्ध के लिए कितनी तैयार है व आवश्यकता पड़ने पर कितनी तेजी, आत्मविश्वास के साथ दुश्मन पर धावा बोल सकती है

राष्ट्रीय राजधानी से सटे गाजियाबाद स्थित हिंडन वायुसैन्य अड्डे पर गुरुवार को भारतीय वायुसेना ने अपनी स्थापना की 94वीं वर्षगांठ (थीमः अचूक, अभेद्य और सटीक) का जश्न धूमधाम से मनाया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल एपी सिंह ने देशवासियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि वायुसेना पूरी सतर्कता, प्रतिबद्धता के साथ किसी भी आपातकालीन परिस्थिति का मुकाबला करने के लिए तैयार है।

इसकी एक झलक पिछले साल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान के खिलाफ किए गए ऑपरेशन सिंदूर अभियान में भी साफ तौर पर देखने को मिली है। यह एक ऐसा अभियान था जिसमें देश के हवाई रक्षा बल ने अपनी अचूक मारक क्षमताओं के साथ-साथ सैन्य अभियानों के दौरान तीव्र गति के साथ प्रतिक्रिया करने की अपनी ताकत का भी बखूबी प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि किसी भी देश के राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने के लिए वायुसेना एक प्राथमिक साधन के रूप में मौजूद है।

उन्होंने कहा कि बतौर वायुसेना प्रमुख के रूप में राष्ट्र सेवा करना मेरे लिए बेहद सौभाग्य की बात रही है और आज का यह दिन मुझे गर्व की अनुभूति कराता है।

- एआई, सैटेलाइट ड्रोन तकनीक का उपयोग कर रहे
- तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण काफी मददगार
- 25 अक्टूबर को वाराणसी में होगा फ्लाईपास्ट


1960 के दशक की विंटेज कार में समारोह स्थल पर पहुंचे वायुसेना प्रमुख


महिला योद्धाओं की 'टीम शक्ति' राइफल संग


सुखोई-30 एमकेआई विमान को देखते लोग


ब्रिटिशकालीन 'टाइगर मॉथ' ने अद्भुत करतब दिखाए

राष्ट्र की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे

एयरचीफ मार्शल सिंह ने कहा कि आज के दौर में वायुसेना की रणनीतिक और परिचालन क्षमताएं सही दिशा में आगे बढ़ रही हैं। हम अपेक्षाओं पर शत-प्रतिशत खरा उतरने और उनसे भी आगे निकलने के लिए कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि वायुसेना की ताकत या क्षमता का आकलन इस बात से नहीं होता कि वो कितने प्रकार के आधुनिक और मारक अस्त्र-शस्त्रों से लैस है।

गगनयान मिशन, एकीकरण में रही भूमिका

एपी सिंह ने कहा वायुसेना रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के अलावा अंतरिक्ष क्षेत्र की घरेलू एजेंसियों के साथ भी अपने सहयोग को और अधिक प्रगाढ़ बनाने में लगी है। हमने गगनयान मिशन में भी भूमिका निभाई है। फिलहाल कोशिश वायुमंडल के बाहर अपनी क्षमताओं का विस्तार करने की है। एचएडीआर अभियानों में वायुसेना ने वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए बढ़ चढ़कर मदद पहुंचाई है।

वायु योद्धाओं की भव्य परेड हुई

स्थापना दिवस समारोह की शुरुआत वायु योद्धाओं की भव्य परेड से हुई। एयरबेस के टारमैक क्षेत्र में वायुसेना के सुखोई-30 एमकेआई, राफेल, तेजस, जगुआर जैसे लड़ाकू विमानों, डोर्नियर विमान, रोहिणी रडार प्रणाली और ब्रह्मोस, आकाश मिसाइल के अलावा हल्के युद्धक हेलीकॉप्टर प्रचंड, ध्रुव स्थिर प्रदर्शनी का हिस्सा बनें।

एलन मस्क को सरकार की दो टूक

दूरसंचार सेवाओं में निष्पक्ष व भेदभावरहित मंजूरी व्यवस्था लागू

मस्क का आरोप- स्टारलिंक को 'कुछ बड़े कारोबारी समूहों' द्वारा रोका जा रहा


एलन मस्क

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने अरबपति एलन मस्क के उस सोशल मीडिया पोस्ट को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि भारत में सैटेलाइट संचार सेवाओं के लिए नियामकीय ढांचे को 'भेदभावपूर्ण तरीके' से लागू किया जा रहा है।

संचार मंत्रालय ने स्पेसएक्स के संस्थापक और सीईओ एलन मस्क के इस दावे को 'बेबुनियाद और गलत धारणा पर आधारित' बताया कि भारत में स्टारलिंक को 'कुछ बड़े कारोबारी समूहों' द्वारा रोका जा रहा है। मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने सैटेलाइट संचार सेवाओं समेत सभी दूरसंचार सेवाओं के लिए निष्पक्ष और भेदभावरहित मंजूरी व्यवस्था लागू की है।

सुरक्षा आकलन की प्रक्रिया जारी

मंत्रालय के अनुसार, इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि उपलब्ध कराई जा रही सेवाएं उपयोगकर्ताओं और उनके डेटा की सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करें। तीनों लाइसेंसधारियों के मामले में सुरक्षा आकलन की प्रक्रिया फिलहाल जारी है। सरकार ने स्पष्ट किया कि किसी लाइसेंसधारी का सुरक्षा आकलन पूरा होने के बाद वह स्पेक्ट्रम आवंटन के अगले चरण के लिए आवेदन कर सकता है।

बांग्लादेश में स्टारलिंक मोबाइल सेवा शुरू

एलन मस्क की सैटेलाइट इंटरनेट कंपनी स्टारलिंक ने बांग्लादेश में अपनी मोबाइल सर्विस शुरू कर दी है। बांग्लादेश में स्टारलिंक मोबाइल को स्थानीय टेलीकॉम कंपनी बांग्लालिंक के साथ मिलकर लॉन्च किया गया है। इस सर्विस के लिए अलग सैटेलाइट डिश की जरूरत नहीं होगी। 4जी फोन सीधे स्टारलिंक के सैटेलाइट से जुड़कर मोबाइल टावर की पहुंच से बाहर भी कनेक्टेड रह सकेंगे। कंपनी का कहना है कि इससे लाखों यूजर्स ऐसे इलाकों में भी मैसेज भेज सकेंगे और लोकेशन शेयर कर सकेंगे।

पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भारत ने गिनाई उपलब्धियां

लक्ष्य से पांच साल पहले हासिल की 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन स्त्रोत क्षमता

एजेंसी ▶▶ मनीला

केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक ने गुरुवार को फिलीपींस की राजधानी मनीला में आयोजित 20वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) की ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने क्षेत्रीय ऊर्जा सहयोग, ऊर्जा सुरक्षा और सुरक्षित, सशक्त, किफायती तथा टिकाऊ ऊर्जा भविष्य के निर्माण के प्रति भारत की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि भारत ने अपने 2030 के राष्ट्रीय स्तर


श्रीपद येसो नाइक संबोधित करते हुए

पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) के लक्ष्य से पांच साल पहले ही जून 2025 में गैर-जीवाश्म ईंधन स्त्रोतों से संचयी स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता का 50% हासिल कर लिया था। उन्होंने इसे स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण की दिशा में देश की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

आसियान के साथ ऊर्जा साझेदारी

नाइक ने भारत की एक्ट ईस्ट नीति और आसियान के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी का उल्लेख करते हुए ऊर्जा सहयोग के लिए आसियान कार्य योजना 2026-2030 का स्वागत किया। उन्होंने आसियान पावर ग्रिड, क्षेत्रीय विद्युत पारेषण, बहुपक्षीय बिजली व्यापार, स्वच्छ ऊर्जा और ऊर्जा सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। पीएम मोदी ने 400 पेशेवरों को प्रशिक्षित करने के माध्यम से आसियान पावर ग्रिड पहल को समर्थन देने की घोषणा की थी।

आईसीजी का सारेक्स-2026 आयोजन

30 देशों के साथ समुद्री बचाव अभियान और क्षमता का प्रदर्शन


अभ्यास करते भारतीय तटरक्षक बल

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

भारतीय तटरक्षक बल ने गुरुवार को ओडिशा के पारादीप के पास राष्ट्रीय समुद्री खोज एवं बचाव बोर्ड (एनएमएसएआरबी) की देखरेख में 12वें राष्ट्रीय समुद्री खोज एवं बचाव अभ्यास (सारेक्स-2026) का आयोजन किया। 'खोज एवं बचाव तैयारियों तथा समुद्री सुरक्षा को विस्तृत करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग' विषय पर आयोजित इस अभ्यास में समुद्री और हवाई एजेंसियों ने भाग लिया।

इसका उद्देश्य समुद्र में बड़े पैमाने पर बचाव अभियानों के लिए परिचालन तैयारियों, आपसी समन्वय और संयुक्त कार्रवाई क्षमता का प्रदर्शन करना था। इस अभ्यास का अवलोकन भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक परमेश शिवमणि ने किया।

शिंजो आबे की पत्नी से पीएम मोदी की मुलाकात



शिंजो प्रिय मित्र और दूरदर्शी नेता थे : मोदी

नई दिल्ली। *पीएम मोदी ने जापान के पूर्व पीएम शिंजो आबे की पत्नी अकी आबे से मुलाकात की और उनके साथ अपने संबंधों को लेकर बात कही। उन्होंने कहा कि अकी आबे का भारत के साथ जुड़ाव लगातार बना हुआ है। पीएम मोदी ने शिंजो आबे को अपना प्रिय मित्र और दूरदर्शी नेता बताया। पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें अकी आबे से मिलकर खुशी हुई। उन्होंने शिंजो आबे को याद करते हुए कहा कि वह भारत के प्रिय मित्र थे और उन्होंने भारत-जापान संबंधों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पीएम मोदी ने शिंजो आबे को एक दूरदर्शी नेता बताया। उन्होंने कहा कि भारत और जापान के संबंधों को मजबूत करने में आबे की भूमिका निर्णायक रही। उनके अनुसार, आबे ने दोनों देशों के बीच रिश्तों को एक नई दिशा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पीएम मोदी ने अपने संदेश में शिंजो आबे के साथ अपनी मित्रता को भी याद किया और उनके योगदान को भारत-जापान दोस्ती से जोड़कर देखा।*

सीआईआई पार्टनरशिप समिट में गोयल बोले

एफटीए में अपने हितों का रखा ध्यान, निर्यात के अवसर खोले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को यहां 31वें सीआईआई पार्टनरशिप समिट के पूर्वावलोकन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत द्वारा किए गए प्रत्येक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और अन्य समझौते संवेदनशील क्षेत्रों, विशेष रूप से भारतीय कृषि, मत्स्य पालन और लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की रक्षा करते हैं। साथ ही कृषि उत्पादों, मत्स्य पालन और समुद्री उत्पादों, उच्च परिशुद्धता वाली वस्तुओं, इंजीनियरिंग उत्पादों



पीयूष गोयल और सीएम नायडू

और एमएसएमई द्वारा निर्मित इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्यात के अवसर खोलते हैं।

ये समझौते देशों और कंपनियों के लिए भारत में निवेश करने और विश्व के सबसे बड़े बाजार के विकास में भाग लेने के अवसर भी खोलते हैं।

अमेरिका में कई बड़ी आईटी कंपनियों पर ट्रंप प्रशासन ने दिखाई सख्ती

ग्रीन कार्ड से जुड़े परमानेंट लेबर सर्टिफिकेशन प्रोग्राम किए सस्पेंड

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका ने कई बड़ी आईटी कंपनियों को लेकर बड़ा कदम उठाया है। इनमें कॉग्निजेंट, इंफोसिस, टाटा, विप्रो, एचसीएल, कैपजेमिनी, माइक्रोसॉफ्ट और एडोबी जैसी कंपनियां शामिल हैं। इन सभी को इस कार्यक्रम से सस्पेंड किया गया है। अमेरिकी श्रम विभाग ने इन्हें ग्रीन कार्ड से जुड़े परमानेंट लेबर सर्टिफिकेशन प्रोग्राम से सस्पेंड कर दिया है। अमेरिकी अधिकारियों ने इन कंपनियों पर ग्रीन कार्ड प्रोग्राम का दुरुपयोग का आरोप लगाया गया है।

दरअसल, अमेरिका में स्थायी नौकरी के आधार पर ग्रीन कार्ड लेने की प्रक्रिया में परमानेंट लेबर सर्टिफिकेशन प्रोग्राम अहम


अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

भूमिका निभाता है। इसके तहत अमेरिकी श्रम विभाग से मंजूरी मिलने के बाद कोई भी कंपनी किसी विदेशी कर्मचारी को अमेरिका में ग्रीन कार्ड के लिए स्पॉन्सर कर सकती है। इस प्रक्रिया में कंपनी को यह बताना होता है कि संबंधित पद के लिए योग्य अमेरिकी कर्मचारी उपलब्ध नहीं है।

अमेरिकी कर्मचारियों की जगह विदेशियों से भरी जगह

माइक्रोसॉफ्ट पर लगाए गंभीर आरोप

जेडी वेंस ने लगाए गंभीर आरोप अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने माइक्रोसॉफ्ट पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट ने 2025 में करीब 6,000 अमेरिकी कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था। उस समय यह प्रमाणित किया था कि उसे इन पदों के लिए योग्य अमेरिकी कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। इसके बावजूद माइक्रोसॉफ्ट को 6,000 से ज्यादा एच-1बी वीजा मंजूर हुए और कंपनी ने 3,682 ग्रीन कार्ड के आवेदन दिए। उन्होंने दावा किया कि इनमें करीब 1,000 आवेदन उन्हीं पदों के लिए थे, जिनसे अमेरिकी कर्मचारियों को नौकरी से हटाया गया था। एच-1बी वीजा व्यवस्था का मकसद उन पदों के लिए विदेश से बेहद योग्य लोगों को लाना था, जिन्हें अमेरिकी कर्मचारियों से नहीं भरा जा सकता। लेकिन उन्होंने आरोप लगाया कि यह व्यवस्था अब बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी और गड़बड़ी से प्रभावित हो गई है।

9 यूनिवर्सिटी भी जांच के घेरे में

अमेरिकी श्रम विभाग ने 9 यूनिवर्सिटी को भी जांच के दायरे में लिया है। इनमें हार्वर्ड, येल और स्टैनफोर्ड जैसी बड़ी यूनिवर्सिटी शामिल हैं। अमेरिकी अधिकारियों का आरोप है कि इन यूनिवर्सिटी ने अमेरिकी कर्मचारियों की सैलरी कम करने के लिए अंतरराष्ट्रीय छात्रों को काम पर रखने की कोशिश की। श्रम विभाग के महानिरीक्षक एंथनी डी' एस्पोसिटो ने बताया कि इन मामलों में संबंधित संस्थानों को समन भी भेजे जा चुके हैं।

पढ़ाई के बाद नौकरी के लिए देना होंगे 68 लाख रुपएः अमेरिका में पढ़ने वाले विदेशी छात्रों के लिए पढ़ाई के बाद नौकरी करना महंगा हो सकता है। ट्रंप ने हर नए छात्र के लिए 70 हजार डॉलर यानी करीब 68 लाख फीस लगाने का प्रस्ताव रखा है। यह फीस ऑप्शनल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के लिए रखी गई है। इसके तहत विदेशी छात्रों को पढ़ाई पूरी करने के बाद अमेरिका में नौकरी करने की अनुमति मिलती है। फीस उसके कॉलेज/ यूनिवर्सिटी को देनी होगी।

मुंबई में 7 देशों के काउंसिल जनरल एवं राजनयिक प्रतिनिधियों के साथ राउंडटेबल बैठक

ठोस परियोजनाओं से मजबूत होगी प्रदेश की वैश्विक साझेदारी: सीएम डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जनवरी 2027 में भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का नौवाँ संस्करण आयोजित होगा। साझेदार देश (पार्टनर कंट्री) के रूप में आने वाले देशों के प्रतिनिधिमंडलों के साथ वे स्वयं बैठक करेंगे। प्रतिनिधिमंडल उनके साथ भोज में भी शामिल होंगे।

उनकी रुचि के अनुरूप पीथमपुर की औद्योगिक संभावनाओं से लेकर साँची की सांस्कृतिक विरासत तक प्रदेश के विविध पहलुओं से परिचित कराया जाएगा। यह बात गुरूवार को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुंबई में 7 देशों के काउंसल जनरल एवं राजनयिक प्रतिनिधियों के साथ राउंडटेबल बैठक को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि वर्ष 2025 की ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद से मध्यप्रदेश में 8.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश धरातल पर उतर चुका है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 की ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भी यही सुनिश्चित करने पर जोर होगा कि जो कहा जाए, वह धरातल पर उतरे।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुंबई में 7 देशों के काउंसल जनरल एवं राजनयिक प्रतिनिधियों के साथ राउंड टेबल बैठक की।

50 करोड़ की परियोजना का निवेश विदेश से होगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ब्रिटेन की कंपनी हेलियॉन के निवेश निर्णय का उल्लेख करते हुए बताया कि कंपनी ने जून में पीथमपुर में लगभग 2,000 करोड़ रुपये के निवेश से कारखाना स्थापित करने का निर्णय लिया। परियोजना के लिए 40 एकड़ से अधिक भूमि का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि कंपनी के वैश्विक मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्वयं मध्यप्रदेश आए थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विभिन्न विकल्पों के बीच पीथमपुर का चयन प्रदेश के प्रति कंपनी के भरोसे को दर्शाता है।

780 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव रखा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कोरिया की ई.सी.डी.एस. के प्रस्ताव का उल्लेख करते हुए बताया कि कंपनी ने भारत में अपनी पहली इकाई के लिए उज्जैन में लगभग 780 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव रखा है। इस इकाई में कैंसर की जाँच के किट बनाए जाएंगे।

राजनयिक प्रतिनिधियों को सिंहस्थ में निमंत्रण

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधियों को मध्यप्रदेश आने का आत्मीय निमंत्रण देते हुए कहा कि वे प्रदेश के अतिथि होंगे। उन्होंने कहा, "मध्यप्रदेश भारत का हृदय प्रदेश है। और हृदय का स्वभाव है, सबको जोड़ना। हम आपके देशों से इसी भाव से जुड़ना चाहते हैं।

चुनाव आयोग पर सवाल, सीएम की प्रतिक्रिया

कांग्रेस लगातार हो रही हार का आत्ममंथन करेः मुख्यमंत्री

कांग्रेस द्वारा चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर लगातार सवाल उठाए जाने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रतिक्रिया दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस को चुनावी हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ने के बजाय आत्ममंथन करना चाहिए। कांग्रेस को यह विचार करना चाहिए कि जिस चुनाव आयोग की संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से कई राज्यों में सरकार बनाने का अवसर मिला, उसी चुनाव आयोग पर आज लगातार सवाल क्यों उठाए जा रहे हैं। यदि कांग्रेस को चुनाव आयोग की प्रक्रिया पर ही अविश्वास है, तो फिर केरल में कांग्रेस की जीत का क्या अर्थ है? हिमाचल प्रदेश में भी कांग्रेस की सरकार इसी लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक प्रक्रिया के तहत हुए चुनाव के बाद बनी है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि हार के समय चुनाव आयोग पर सवाल और जीत के समय उसी आयोग की प्रक्रिया को स्वीकार करना, यह दोहरा मापदंड क्यों है?

कांग्रेस अपने कमजोर होते जनाधार का कारण तलाशे

सीएम ने कहा कि लगातार चुनावों में कांग्रेस की पराजय के लिए चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है। कांग्रेस को अपने प्रदर्शन की समीक्षा करना चाहिए कि तमिलनाडु में वह लंबे समय से कमजोर क्यों है, पश्चिम बंगाल में दशकों से सत्ता से बाहर क्यों है तथा उत्तरप्रदेश और बिहार सहित देश के अनेक राज्यों में उसका जनाधार लगातार क्यों कमजोर हुआ है।

संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाना गलत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चुनावी पराजय को स्वीकार करने के बजाय संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जीत और हार दोनों को स्वीकार करना राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी है।

कांग्रेसियों ने की केस दर्ज करने की मांग

रैगिंग से पीड़ित छात्र को न्याय दिलाने किया विरोध-प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बिलखिरिया स्थित एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज और लक्ष्मी हॉस्पिटल पर एफआईआर करने की मांग को लेकर गुरुवार को पीड़ित छात्र ने परिजनों और कांग्रेस नेताओं के साथ कॉलेज के गेट पर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। कांग्रेस नेता और पीड़ित छात्र के परिजनों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही कॉलेज और हॉस्पिटल पर मामला दर्ज नहीं हुआ तो मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से शिकायत कर कॉलेज और अस्पताल की मान्यता निरस्त करने की मांग करेंगे। बतादें कि करणी सेना के राष्ट्रीय महामंत्री बलराज सिंह के 19 वर्षीय बेटा उदयवीर सिंह एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज से पढ़ाई कर रहा है। उदयवीर के साथ कॉलेज में पढ़ने वाले सीनियर छात्रों ने रेगिंग लेने के साथ जमकर मारपीट की थी।

संबंधित संस्थानों पर हो कार्रवाई

इसके बाद भी पुलिस ने अब तक ना तो सीनियर छात्रों पर कोई मामला दर्ज किया और ना ही कॉलेज प्रबंधन पर। कांग्रेस नेता राहुल सिंह राठौर ने बताया कि छात्र का इलाज करने से मना करने वाले लक्ष्मी हॉस्पिटल पर भी कार्रवाई की जानी चाहिए। क्योंकि अस्पताल के डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज कराने के बाद भी छात्र को भर्ती करने से मना किया। जबकि छात्र से सिर से लगातार ब्लड बह रहा था। इतना ही नहीं अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस को भी सूचना नहीं दी। गुरूवार को कॉलेज और हॉस्पिटल पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग को लेकर छात्र के परिजनों के साथ कांग्रेस नेताओं ने कॉलेज गेट पर प्रदर्शन कर मामला दर्ज कर करने की मांग की। प्रदर्शन में कांग्रेस मप्र झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ठाकुर निकेश ईश्वर सिंह चौहान, अखिलेश जैन, अनिकेत द्विवेदी, शाहिद हुसैन, नीलेश तिवारी, विशाल, अजय ठाकुर, पीड़ित छात्र के साथी समेत परिजन शामिल हुए।



पितृ प्रदोष पर काले तिल और दूध से हुआ बाबा बटेश्वर का अभिषेक

भोपाल। श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा गुरुवार को कनागत के पित्र प्रदोष के अवसर पर भगवान बाबा बटेश्वर का काले तिल एवं कच्चे दूध से बाबा बटेश्वर का रुद्राभिषेक किया गया। समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि पितृदोष की शांति और पूर्वजों के निमित्त किया गया अभिषेक अत्यंत फलदाई होता है। रात्रि 9 बजे पांच प्रकार के पांच कुंटल मोगरा, गुलाब एवं सेवंती के फूलों से दिव्य श्रृंगार कर भगवान बाबा बटेश्वर की महाआरती की गई। भजन संध्या के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर शिशिर मित्तल, आकाश अग्रवाल, अभिषेक लाला, अन्नू सोनी प्रकाश मालवीय सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

जमीनों के लैंडयूज में बदलाव, खेती की जमीन को आवासीय दर्जा देने की मांग

भोपाल। राजधानी में 26 सितंबर को जारी हुए मास्टर प्लान के ड्राफ्ट पर शहर के लोगों ने रिकार्ड आपत्तियां दर्ज कराई हैं। पिछले 12 दिनों के दौरान अब तक 623 आपत्तियां दर्ज की गई हैं। एक अक्टूबर तक यह आंकड़ा 245 था, जो अब दोगुने से अधिक हो गया है। टीएंडसीपी आफलाइन मिलने वाली शिकायतों को भी सीधे आनलाइन पोर्टल पर दर्ज कर रहा है। सबसे ज्यादा आपत्तियां जमीन के लैंडयूज में बदलाव को लेकर हैं।

- लैंडयूज बदलाव की सबसे ज्यादा मांग

लोगों ने बीआइजेड-2 श्रेणी को हटाकर आवासीय और व्यावसायिक उपयोग की अनुमति देने की मांग की है। इसके अलावा 18 मीटर चौड़ी सड़कों के अलाइनमेंट में बदलाव, ग्रीन बेल्ट व कृषि भूमि को आवासीय दर्जा देने और कालापानी क्षेत्र को संवेदनशील जोन से बाहर करने की मांग उठाई गई है। पर्यावरण और डूब क्षेत्र को लेकर भी विरोध देखा जा रहा है। लहारपुर में पिछले 30 वर्षों से खेती वाली 643 एकड़ जमीन को डूब क्षेत्र से बाहर करने और बाघ मूवमेंट वाले इलाकों से प्रस्तावित सड़कों को हटाने की मांग प्रमुखता से की गई है। बावड़िया कला और बाग मुगालिया समेत कई इलाकों के रहवासियों ने पश्चिमी बायपास से सड़कों के जुड़ाव को लेकर भी अपने सुझाव व आपत्तियां दर्ज कराई हैं।

पतंजलि गाय का घी निकला अनसेफ, दो सुपर मार्केट से लिए सैंपल



भोपाल। छिंदवाड़ा के देलाखारी तामिया की एक किराना दुकान से लिया गया पतंजलि के गाय घी का सैंपल अनसेफ मिला है, जिससे आम लोगों के स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है। पिछले दिनों छिंदवाड़ा से सैंपल राज्य लेबोरेटरी भेजा गया था, जिसकी जांच करोंद स्थित निजी लैब में कराई गई। जांच में इसका सैंपल अनसेफ मिला है। जिसके बाद अप्रैल-2026 बैच के घी को दुकानों से हटाने की हिदायत दी गई है। पतंजलि के घी में मिलावट मिलने के बाद भोपाल में टीम ने नयापुरा लालघाटी स्थित अग्रवाल सुपर मार्केट और बैरागढ़ के साईं सुपर मार्केट से पतंजलि घी के दो सैंपल लिए हैं।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावक ने बताया कि पतंजलि के घी का सैंपल अनसेफ मिलने के बाद उसकी बिक्री नहीं की जा सकेगी। जिसको देखते हुए गुरुवार को जांच कर सैंपलिंग की गई है।

ढाबे पर देसी क्वार्टर, घर में मिली बीयर की बोतलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ढाबे, होटल और घरों से शराब की तस्करी जारी है। आबकारी ने झागरिया स्थित सूर्या ढाबे से 28 क्वार्टर देसी शराब जब्त की है, जबकि एक मकान से 15 बोतल बियर की जब्त की हैं। टीम ने 243 क्वार्टर देसी शराब जब्त की है। झागरिया स्थित सूर्या ढाबे से 38 पाव देसी शराब और एक घर से 15 बीयर जब्त की गईं। बैरसिया क्षेत्र में एक घर से 15 पाव और सेमरा की किराना दुकान से 75 पाव देसी शराब पकड़ी गई।

कार्रवाई जारी रहेगी

अभय यादव को 100 पाव देसी शराब का अवैध परिवहन करते वाहन सहित पकड़ा गया। एमपी नगर और 11 मील क्षेत्र के होटल, की भी जांच की गई। आबकारी कंट्रोलर वर्षा उइके का कहना है कि अवैध शराब के खिलाफ दबिश और निगरानी लगातार जारी रहेगी।

हिंदू संगठनों ने गरबा में पार्टनर पैकेज पर जताई आपत्ति

कार्रवाई की मांग को लेकर हिंदू उत्सव समिति ने पुलिस कमिश्नर संजय को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गरबा आयोजनों में युवाओं को पार्टनर उपलब्ध कराने के नाम पर सोशल मीडिया पर चल रहे कथित पैकेजों को लेकर हिंदू उत्सव समिति और संस्कृति बचाओ मंच ने आपत्ति जताई है। समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने गुरुवार को पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन सौंपकर संबंधित संस्था/लोगों की जांच और कार्रवाई की मांग की। तिवारी ने कहा कि सोशल मीडिया पर 500 रुपए से लेकर 6500 रुपए तक के पैकेज के जरिए गरबा के लिए लड़का या लड़की पार्टनर उपलब्ध कराने का प्रचार किया जा रहा है। समिति का आरोप है कि इन पार्टनरों की पुलिस वेरिफिकेशन और संस्था के रजिस्ट्रेशन को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है।

पदाधिकारियों ने कहा- यह जांच का गंभीर विषय

चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि सोशल मीडिया पर प्रचारित पैकेज में 6500 के पैकेज के साथ माथे पर चुंबन लेने जैसी सुविधा का भी दावा किया गया है। समिति ने पुलिस से जांच कर यह पता लगाने की मांग की है कि पैकेज का प्रचार कौन कर रहा है और इसके पीछे कौन लोग हैं।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं सुनील कुमार सिंह आत्मज दयानंद सिंह आयु 57 वर्ष निवासी मकान नं -348, गोपाल नगर, खजूरी कला रोड नियर SOS बाल ग्राम पिपलानी तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. यह कि मेरे पासपोर्ट में मेरी पत्नी का नाम गलती से तेजिन्दर कोर दर्ज हो गया हैं जबकि सही नाम तेजिन्दर सिंह हैं अतः भविष्य में तेजिन्दर सिंह के नाम से जाना व पहचाना जावे सही नाम सुनील कुमार सिंह पत्नी तेजिन्दर सिंह

नाम / उपनाम परिवर्तन सूचना

मैं, Paisnee Sunil Kumar Panday (पैसनी सुनील कुमार पांडे) पति सुनील कुमार पांडे, पदस्थः केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड, उत्तर मध्य क्षेत्र, भोपाल, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, ब्लॉक-1, चतुर्थ तल, पर्यावास भवन, जेल रोड, भोपाल-462011, मध्य प्रदेश। यह कि मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम पैसनी सुनील कुमार पांडे अंकित है। यह कि मैंने अपने पूर्व उपनाम Patel का पूर्ण रूप से त्याग कर दिया है और उसके स्थान पर नया उपनाम धारण कर लिया है। यह कि भविष्य में मुझे मेरे पूर्व नाम Paisnee Patel के स्थान पर मेरे परिवर्तित नाम Paisnee Sunil Kumar Panday के नाम से ही जाना, लिखा व पहचाना जावे। दिनांकः 8.10.2026 स्थानः भोपाल (मध्य प्रदेश)

परिशिष्ट B संख्यांक 13

जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खंड, भोपाल

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

आरसीएसए/748/2026

श्रीमती शहनाज खातून- अनामिका वर्मा

बनाम सर्वसाधारण

NEXT DATE: 11-11-2026

प्रेषिती- सर्वसाधारण, पता - सर्वसाधारण

यह कि प्रार्थी श्रीमती शहनाज खातून अनामिका वर्मा ने आपके विरूद्ध आरसीएस ए/748/2026 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 10-09-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायाधीश जयदीप मौर्य
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खंड भोपाल (म. प्र.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी

म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल

// आम सूचना //

हाऊसिंग बोर्ड, सहयाद्रि एन्कलेव, भदभदा रोड, भोपाल में स्थित फ्लेट क्रमांक जूनियर एच.आई.जी./जे.एच.- 57 (द्वितीय तल) ब्लाक नं. 16 मण्डल द्वारा श्रीमती सुधा गुप्ता पत्नी स्व. श्री आर. सी. गुप्ता के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 16/05/2006 को पंजीकृत है। श्रीमती सुधा गुप्ता पत्नी स्व. श्री आर. सी. गुप्ता द्वारा उक्त सपत्ति श्रीमती पदमजा दुबे पत्नी स्व. श्री सुनील भूषण दुबे को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 22/06/2026 को निष्पादित करा दिया है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति श्रीमती पदमजा दुबे पत्नी स्व. श्री सुनील भूषण दुबे के नाम हस्तांतरण हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये है। उक्त दस्तावेजों एवं विक्रय विलेख के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1, भोपाल

कार्यालय तहसीलदार तहसील-हुजूर जिला भोपाल

प्रकरण क्रमांक/अ-20(3) /2026-27
मौजा- फंदाकलां
तहसील हुजूर, भोपाल

विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम फंदाकलां तहसील हुजूर जिला भोपाल की शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 644/1 के अंश भाग में से रकबा 2.630हे. खेल और युवा कल्याण विभाग के पक्ष में आवंटन किये जाने के लिये आवेदन पत्र विचारार्थ लिया गया है। उक्त आवंटन में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस इश्तेहार जारी होने के दिनांक से प्रकरण में नियत आगामी दिनांक 22.10.2026 के पूर्व अथवा उक्त दिनांक को अपनी आपत्ति ऑनलाइन अथवा लिखित रूप से न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि पश्चात् प्रस्तुत आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीदार
तहसील- हुजूर भोपाल

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गोविन्दपुरा वृत्त भोपाल (म.प्र.)

Email :- sdogovindpura@gmail.com

:: विज्ञप्ति ::

कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी, जिला भोपाल के पत्र क्रमांक 432/जि.खे.यू.क./2025-26 भोपाल, दिनांक 13/03/2026 के द्वारा आवेदन पत्र क्रमांक 022802022017001 - APP - 2775843 के द्वारा ग्राम सेमरा कला स्थित भूमि खसरा क्रमांक 232 रकबा 1.5980 हे. में से रकबा 0.7365 है. भूमि जो मौके पर रिक्त होकर वर्तमान राजस्व अभिलेख में अन्य कारखाना म.प्र. शासन के नाम दर्ज है। उक्त भूमि का आवंटन खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा खेल परिसर/स्टेडियम निर्माण हेतु मध्यप्रदेश नजूल भूमि निर्वतन निर्देश 2020 के अनुसार आवंटन आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर मेरे न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गोविन्दपुरा वृत्त भोपाल कार्यालय- पुराना आर.टी.ओ. करबला रोड कोहेफिजा भोपाल में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। वाद मियाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी
गोविन्दपुरा वृत्त भोपाल

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी, तहसील कोलार, जिला भोपाल म.प्र.

// इश्तहार //

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री राम सपना अपार्टमेंट समिति, अध्यक्ष श्री संजीव कुमार सिंह द्वारा ग्राम- दामखेड़ा वीरान प्लाट न. एच-10-11 पर स्थित नेताजी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित कोलार भोपाल म.प्र. पर बनी बहुमंजिला भवन के निवासियों की रहवासी समिति के पंजीयन किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस उद्घोषणा के जारी होने के पश्चात आगामी 15 दिवस तक इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयवधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी
तहसील-कोलार, भोपाल

बिहार सरकार

कार्यालय, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, झंझारपुर

(राजस्व शाखा)

आम सूचना

एतद द्वारा निम्नलिखित वाहनों के मालिक को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिशेध एवं उत्पाद अधिनियम–2016 के अन्तर्गत पुलिस/उत्पाद विभाग द्वारा अबैध शराब के परिवहन के आरोप में जब्त वाहनों के अधिहरण (Confiscation) हेतु प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में निम्नलिखित अधिहरण वाद संधारित है। बिहार मद्यनिशेध और उत्पाद (संशोधन) नियमावली–2022 के नियम–12 (क) के आलोक में राशि भुगतान पर वाहनों को छोड़ने का प्रावधान है।

अतः आप स्वयं या अपनी अधिवक्ता के माध्यम से विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिनों के अन्दर अपना पक्ष रखने हेतु प्रपत्र–4 में वाहन विमुक्ति का आवेदन प्रस्तुत करें अन्यथा इन वाहनों को अधिहरित कर नीलामी हेतु आदेश पारित कर दिया जाएगा।

क्र0	उत्पाद अधिहरण वाद सं0	वाहन सं0	वाहन का प्रकार	चेचिस नं0	इंजन नं0	थाना/कांड सं0	वाहन मालिक का नाम एवं पता
1.	21/25-26	MP13ZB1799	मोटर साईकिल Glamour	MBLJAW219NGG09535	JA07AFNGG10446	मधेपुर थाना कांड सं0–38/25	Suphla Vishwakarma, S/o-Prem Vishwakarma, R/o-79, Marmat Bhawan, Ashok Nagar, Freeganj, Ujjain-456001

PR. No. 013298 (Revenue) 2026-27

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
झंझारपुर

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

अगर मन में हो एच.आई.वी. अथवा यौन जनित रोग से जुड़े सवाल तो तुरन्त 1097 पर करें कॉल।

कार्यालय हल्का नं- 82, राजस्व निरीक्षक वृत्त-10) बैरागढ़ कलां, संतहिरदाराम नगर नजूल (बैरागढ़) वृत्त तहसील

क्रमांक Q/प.ह.नं.82/2026 भोपाल, दिनांक 6/10/2026
प्रकरण क्रमांक 0046/अ-27/2025-26

बटान/बटवारा बावत सूचना पत्र

प्रति, 1. छाया देवी मोदी पत्नी अक्षय कुमार मोदी पता 78 सी बी डी ए कॉलोनी कोहेफिजा भोपाल (आवेदिका) 2. नन्हेलाल त्रिपाठी पुत्र श्री विवेकानंद त्रिपाठी गंगोत्री त्रिपाठी नाबा लिग पुत्री नन्हेलाल त्रिपाठी वली वसंरक्षक पिता स्वयं नन्हेलाल त्रिपाठी पुत्र श्री विवेकानंद त्रिपाठी पता ई 6/2 इन्द्र बिहार तिलक सोसायटी भोपाल मध्य प्रदेश 3. श्रीमति लता बनवारी पत्नी अनूप बनवारी पता पीपलनेर हुजूर भोपाल मध्य प्रदेश 4. ताजुद्दीन पुत्र उद्दीन अहमद पता पीपलनेर हुजूर भोपाल मध्य प्रदेश 5. कुलदीप इसरार आ किशन लाल इसरार श्रीमति पवित्रा पत्नी कुलदीप इसरार पता पीपलनेर हुजूर भोपाल मध्य प्रदेश 6. जुवेरअलीसहलीम पुत्र वाजिद हुसैन पता पीपलनेर हुजूर भोपाल मध्य प्रदेश 7. श्रीमतिशाहिदमहबूब पत्नी महबूब उल हसन पता पीपलनेर हुजूर भोपाल मध्य प्रदेश 8. सै आफ्ताफ पुत्र कबीद उद्दीन श्रीमति शाहिदा इकबाल पुत्री इंतास उद्दीम पता पीपलनेर हुजूर भोपाल 9. साईनशिक्षासमिति द्वारासचिव श्रीमति अंजुमबानो पत्नी अब्दुल माजिद पता पीपलनेर हुजूर भोपाल मध्य प्रदेश 10. श्रीमति स्मिताबायपर पत्नी देवदास बायपर पता पीपलनेर हुजूर भोपाल मध्य प्रदेश 11. श्रीमति आसमाचुताई पुत्री एस ए चुकताई पता पीपलनेर हुजूर भोपाल मध्य प्रदेश 12. अफरोज शाहखान पुत्र अहमद शाहखान श्रीमति रूबीना पत्नी अफरोज शाह खान पता पीपलनेर हुजूर भोपाल मध्य प्रदेश 13. श्रीमति तसनीन अहमद पत्नी एच यू अहमद पता पीपलनेर हुजूर भोपाल मध्य प्रदेश 14. समस्त हितबद्ध मेढ पड़ोसी कास्तकार

उपरोक्त बटान/बटवारा प्रकरण के संबंध में माननीय न्यायलय तहसीलदार संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़)-वृत्त के आदेश पत्रिका दिनांक 01/06/2026 के अनुसार मुझे को छाया देवी मोदी पत्नी अक्षय कुमार मोदी पता 78 सी बी डी ए कॉलोनी कोहेफिजा (आवेदिका) की भूमि स्वामी खसरा क्रमांक 332/253/1/2/1/1/1/1 रकबा 1.5146 हेक्टेयर मे से हिस्सा स्थित ग्राम पीपलनेर पटवारी हल्का नं-82 राजस्व निरीक्षक वृत्त-10 बैरागढ़ कलां, संत हिरदाराम नगर बैरागढ़-वृत्त तह हुजूर जिला भोपाल का बटान कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया है। उक्त आदेश के परिपालन में मेरे द्वारा दिनांक 10.10.2026 को समय 4.00 बजे से बटान/ बटवारा हेतु मौका स्थल निरीक्षण एवं मौका उठाने का कार्य किया जायेगा, तत्पश्चात बटान बनायी जाएगी। आपको पडोसी कृषक/हितबद्ध पक्षकार होने के कारण सूचित किया जाता है कि आप भी बटान/बटवारा बनाने की कार्यवाही के समय भूमि स्वामित्व सम्बंधित दस्तावेजों के साथ अपना पक्ष रख सकते हैं। आवेदक मौके पर मूल विक्रय पत्र एवं अन्य भूमि स्वामित्व सम्बंधित दस्तावेजों (मूल प्रति) के साथ उपस्थित रहें। आपकी अनुपस्थिति की दशा में बटान की कार्यवाही स्थगित नहीं की जायेगी।

पटवारी हल्का नं- 82, राजस्व निरीक्षक वृत्त-10 बैरागढ़ कलां, संतहिरदाराम नगर नजूल (बैरागढ़) वृत्त-तहसील



खबर संक्षेप

मां राजराजेश्वरी का एक करोड़ कुंकुमार्चन 26 को



भोपाल। शरद पूर्णिमा पर 26 अक्टूबर को लाल परेड ग्राउंड में मां राजराजेश्वरी हरिद्रा कोटि कुंकुमार्चन एक करोड़ अर्चन का विराट आयोजन होगा। रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट के आयोजन में श्री रविशंकर महाराज रावतपुरा सरकार का मंगल सानिध्य रहेगा। शाम 7 बजे शुरू होने वाले अनुष्ठान में करीब 50 हजार श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। देशभर से 1100 वैदिक आचार्य विधि-विधान से पूजन संपन्न कराएंगे। आयोजन के लिए विभिन्न राज्यों से पूजन सामग्री जुटाई जा रही है, जबकि नेपाल से रुद्राक्ष और भगवान शालिग्राम विशेष रूप से लाए जाएंगे। पं. आशुतोष पटेल और सोहनलाल मालवीय ने बताया कि मां राजराजेश्वरी का कुंकुमार्चन सनातन परंपरा में विशेष महत्व रखता है।

अस्थाई कनेक्शन लेकर ही करें पंडाल की सज्जा

भोपाल। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने धार्मिक उत्सव समितियों और बिजली उपभोक्ताओं से रामलीला, दुर्गोत्सव, डांडिया एवं गरबा उत्सव के दौरान धार्मिक पंडालों एवं झांकियों में बिजली साज-सज्जा कंपनी से नियमानुसार मीटर्ड अस्थायी कनेक्शन आवश्यक रूप से निर्धारित राशि जमा करने के उपरांत ही लें। कंपनी ने नवरात्रि त्योहार तथा गरबा पंडालों को अस्थायी कनेक्शन देने के लिए नजदीकी वितरण केंद्र/जोन कार्यालय के साथ ही ऑनलाइन भी प्रबंध किए गए हैं। प्रदेश की सभी धर्म की धार्मिक उत्सव समितियों से विद्युत क्षेत्र की सभी कंपनियों ने अपील की है कि वे धार्मिक आयोजन पूरे उल्लास, तन्मयता और परम्परानुसार मनाएं साथ ही पंडाल और उसके बाहर मैदान, सड़क पर लगाई जाने वाली बिजली में कम से कम 25 प्रतिशत की बचत कर ऊर्जा संरक्षण में अपना योगदान दें।

ट्रिपल आईटी में पुरस्कार वितरण समारोह



भोपाल। राजधानी स्थित ट्रिपल आईटी (भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान) में 1 से 30 सितंबर तक आयोजित हिंदी माह का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। इस दौरान विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह के मुख्य अतिथि कवि संदीप द्विवेदी ने उद्बोधन के साथ कविता गायन कर हिंदी के प्रति रुचि का वातावरण बनाया। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में संस्थान के कुलसचिव मनीष जोकरकर, उपकुलसचिव डॉ. समीर कुमार, शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में राजभाषा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

एक हजार एंबुलेंस का दिल्ली कूच टला, एनएबीएच पर भी आश्वासन

सरकार ने निजी अस्पताल संचालकों को आश्वासन दिया, एक लाख से ज्यादा क्लेम दो महीने में निपटेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गुरुवार को आयुष्मान मरीजों की भर्ती रोकने और एक हजार एंबुलेंस के साथ दिल्ली कूच की तैयारी कर रहे निजी अस्पताल संचालकों ने सरकार से बातचीत के बाद आंदोलन फिलहाल स्थगित कर दिया। टीएमएस-2 के एक लाख से ज्यादा लंबित क्लेम दो महीने में निपटाने का आश्वासन मिला है, जबकि टीएमएस-1 के पुराने भुगतान के लिए नेशनल हेल्थ अथॉरिटी से बातचीत शुरू की गई है। यूनाइटेड प्राइवेट हॉस्पिटल्स डायरेक्टर्स एसोसिएशन (यूपीएचडीए) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विशाल सिंह बघेल, उपाध्यक्ष डॉ. धनंजय मिश्रा, एडवायजरी चेयरमैन डॉ. जीशान अहमद और डॉ. धनजय मिश्रा के नेतृत्व में सरकार और प्रशासन के साथ बातचीत जारी है। संगठन ने स्पष्ट किया है कि आंदोलन समाप्त नहीं हुआ है।

दो महीने में टीएमएस-2 के लंबित क्लेम निपटाने का भरोसा, पुराने भुगतान पर एनएचए से बातचीत



आंदोलन को लेकर दिल्ली कूच के लिए खड़ी की गई एंबुलेंस।

आंदोलन के दौरान मरीजों का इलाज होगा

बातचीत के नतीजे और सरकार की ओर से मांगों पर लिए जाने वाले निर्णय के आधार पर आगे की रणनीति तय की जाएगी। आंदोलन को अस्थायी रूप से स्थगित करने के साथ ही अस्पतालों में आने वाले गंभीर मरीजों को परेशानी से बचाने के लिए उनकी भर्ती और इलाज जारी रखने का निर्णय लिया गया है। यानी आंदोलन के दौरान मरीजों के इलाज पर रोक नहीं रहेगी। डॉ. धनंजय मिश्रा ने बताया कि सरकार ने अस्पताल संचालकों की बात ध्यान से सुनी और टीएमएस-1 तथा टीएमएस-2 पोर्टल के लंबित भुगतान को जारी करने पर सहमति जताई है।

आयुष्मान योजना से इलाज नहीं करने की दी थी चेतावनी

निजी अस्पताल संचालकों ने लंबित आयुष्मान भुगतान के विरोध में गुरुवार आठ अक्टूबर से योजना के तहत नए मरीजों की भर्ती स्थगित करने की घोषणा की थी। इसी दिन आंदोलन को और बड़ा करते हुए एक एंबुलेंस के साथ दिल्ली कूच करने की भी तैयारी थी, लेकिन सरकार के साथ हुई बातचीत में भुगतान सहित अन्य मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा होने के बाद संगठन ने फिलहाल अपनी दोनों मुहिम स्थगित कर दी हैं।

एनएबीएच वाले अस्पतालों को भी राहत

डॉ. धनंजय मिश्रा ने कहा कि एनएबीएच प्रमाण-पत्र के कारण योजना से निलंबित किए गए अस्पतालों को भी राहत देने पर सहमति बनी है। जिन अस्पतालों का प्री-एंट्री लेवल एनएबीएच निरीक्षण पूरा हो चुका है, लेकिन प्रमाणपत्र अभी नहीं मिला है, वे निरीक्षण पूरा होने का ऑनलाइन प्रमाण आयुष्मान विभाग में जमा कर सकेंगे।

नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, जाति और ईडब्ल्यूएस में पटवारियों ने नहीं लगाई रिपोर्ट

तहसील दफ्तरों में पसरा सन्नाटा पटवारियों की कुर्सियां रहीं खाली

नौ जिलों में कार्रवाई पर पटवारियों का विरोध, पीआरसी दफ्तर में आज फिर होगी बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वामित्व योजना के तहत गांवों में रहने वाले परिवारों के मकानों की रजिस्ट्री कराने की योजना को लेकर अब सरकार और पटवारी आमने-सामने आ गए हैं। पिछले 21 दिन से रजिस्ट्र नहीं करने के बाद नौ जिलों में कई पटवारियों को बर्खास्त कर नोटिस जारी किए गए हैं। इधर कार्रवाई के विरोध में प्रदेश भर के पटवारियों ने गुरुवार से रविवार का सामूहिक अवकाश ले लिया है। जिसकी वजह से गुरुवार को तहसील दफ्तरों में सन्नाटा पसरा रहा। आम लोगों को लोक सेवा गारंटी के कामों को कराने के लिए वापस लौटना पड़ा।

योजना की शुरुआत के साथ ही पटवारी और अफसरों के बीच बातचीत चल रही है, लेकिन अब तक इसका हल नहीं निकल सका है, दरअसल पटवारी रजिस्ट्री में खुद को निष्पादक के रूप में दर्ज करने का विरोध कर रहे हैं। प्रदेश के देवास, आगर मालवा, गुना, नीमच, खरगोन, रतलाम, निवाड़ी, शाजापुर और सतना में पटवारियों की बर्खास्तगी और निलंबन की कार्रवाई की गई है। मप्र पटवारी संघ के पदाधिकारी उमेश शर्मा ने बताया कि गुरुवार को प्रमुख राजस्व आयुक्त कार्यालय में बैठक के लिए बुलाया गया है।



तहसील कार्यालय में कुछ इस तरह पसरा रहा सन्नाटा।

प्रोवेशनरी पटवारी को अल्टीमेटम, पटवारियों का कटेगा वेतन

स्वामित्व योजना का काम नहीं करने वाले पटवारियों का वेतन काटा जाएगा। इधर प्रदेश भर में सो प्रोवेशनरी पटवारियों को 24 घंटे के अंदर काम करने का अल्टीमेटम दिया गया है। अवकाश के लिए प्रत्येक कर्मचारी द्वारा व्यक्तिगत रूप से आवेदन पेश किया जाना जरूरी होता है, जिसका पालन नहीं किया गया है।

इन कामों के लिए परेशान हुए आम लोग

तहसील दफ्तरों में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, बंटान, जाति प्रमाण पत्र, ईडब्ल्यूएस, अतिक्रमण, फसल बीमा समेत लोक सेवा गारंटी से जुड़ी दर्जनों योजनाओं में रिपोर्ट लगाई जाती है। गुरुवार को हुजूर, बैरागढ़, शहर, एमपी नगर, टीटी नगर, कोलार और बैरसिया तहसील के पटवारियों ने काम नहीं किया। अब शुक्रवार को भी पटवारी अवकाश पर ही रहेंगे। ऐसे में सोमवार को पटवारियों की वापसी हो सकती है।

हमीदिया अस्पताल का उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने किया निरीक्षण

उपमुख्यमंत्री ने डीन से पूछा: एक दिन में कितनी हो रहीं एमआरआई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने गुरुवार को हमीदिया अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। गांधी मेडिकल कॉलेज से जुड़े अस्पताल में उन्होंने सबसे पहले रेडिएशन यूनिट के बंकर को देखा। बंकर की स्थिति और सुरक्षा मानकों की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने विवादित ओल्ड एमआरआई मशीन की जानकारी जीएमसी डीन डॉ. कविता एन सिंह से ली।

उपमुख्यमंत्री ने पूछा एक दिन में मशीन से कितनी जांच रिपोर्ट निकल रही है, मेंटेनेंस की स्थिति क्या है, इसको लेकर डाक्टरों से चर्चा की। वहीं, निमार्णाधीन नई ओपीडी ब्लाक के कामों की समीक्षा की। निर्माण एजेंसी को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। नया ब्लाक 316 करोड़ की लागत से बनना है, जो दिसंबर 2025 तक पूरा होना था, लेकिन निजी सीटी-एमआरआई सेंटर की जगह खाली न होने से काम अटका है। निरीक्षण के बाद शुक्ल गांधी मेडिकल कॉलेज सभागार पहुंचे। यहां टीबी उन्मूलन के लिए जोश-ज्वाइंट स्क्वाड फार हेल्थ टीम का शुभारंभ किया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने दिल्ली से वर्चुअली राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम लांच किया। मंच पर स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, आयुक्त एस धनराजू, एनएचएम एमडी डॉ. सलोनी सिडाना, जीएमसी डीन डॉ. कविता एन सिंह मौजूद रही।



टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में सम्मानित पंचायतों के प्रतिनिधियों और स्वास्थ्यकर्मियों के साथ उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल।

सीएमएचओ डॉ. शर्मा सम्मानित



उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि सघन स्क्रीनिंग से प्रदेश में अब तक 1.12 लाख टीबी मरीज चिन्हित हुए हैं। पहले यह आंकड़ा 25 से 30 हजार ही था। जोश में माय भारत स्वयंसेवक और एनसीसी कैडेट्स ब्लाक स्तर पर घर-घर स्क्रीनिंग में मदद करेंगे। कार्यक्रम में आठ टीबी मुक्त पंचायतों-बांदरुआ, उनीदा, उमरिया, मणिखेड़ी, रानी खजूरी, निपनिया सूखा, खामखेड़ा, कोडिया को सम्मानित किया गया। तीन निक्षय मित्र डॉ. मनोज निगम, डॉ. प्रेमलता गोयल, मोनिका रोबोट और सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा, डीटीओ डॉ. अनिमेश सिंह सहित पांच स्वास्थ्यकर्मियों को पुरस्कार दिया गया।

हेवु-बीएमएस की प्रतिनिधि यूनियन के कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

इंसेंटिव इनसैलरी, एसआईपी बोनस और अनुकंपा नियुक्ति की मांगों को लेकर शुरू हुआ आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



भेल भोपाल की हेवु भारतीय मजदूर संघ यूनियन ने कर्मचारियों के लंबित पड़े इंसेंटिव इनसैलरी, एसआईपी बोनस और अनुकंपा नियुक्ति की मांगों को लेकर आंदोलन की शुरुआत की।

गुरुवार को आंदोलन के प्रथम चरण में पूरे सप्ताह भर कर्मचारियों को बैच लगाकर शुरुआत कर पोस्टर जारी किया। विभाग प्रमुख कमलेश नागपुरे, अध्यक्ष संजय चौधरी ने बताया कि तीन मांगों को लेकर यूनियन कर्मचारियों के बीच हर ब्लॉकों में गई, जहां पर कार्यकताओं और कर्मचारियों ने आंदोलन व इन मांगों की सराहना की। इंसेंटिव की कमेटी बने हुए एक साल हो गए हैं, लेकिन प्रबंधन कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है। इन्हीं मांगों को लेकर इन्सेंटिव की राशि दस से तेरह हजार करने साथ ही उनमें त्रुटियों को सुधार करने व इंसलरी की राशि को बढ़ाने के लिए भारतीय मजदूर संघ प्रयासरत है। वर्ष 2019 से बंद पड़ी इस स्कीम को भारतीय मजदूर संघ ने अपने प्रयासों से प्रारंभ करवाया, स्कीम की कमियां में सुधार के लिए भारतीय मजदूर संघ लगातार सतत प्रयासरत है। अनुकंपा नियुक्ति के लिए भारतीय मजदूर संघ उच्च प्रबंधन से भी मुलाकात कर अनुकंपा नियुक्ति के लिए प्रबंधन के साथ भी लगातार चर्चा कर है, ताकि कर्मचारियों के परिवारों को समुचित सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जा सके। वहीं, एसआईपी बोनस की मीटिंग बुलाने के लिए कारखाने के अंदर कर्मचारियों की आवाज उठ रही है, जिसे लेकर भारतीय मजदूर संघ ने अपने आंदोलन की शुरुआत की है। हर ब्लॉक में कर्मचारियों का स्वागत करते हुए, अपने काले बैच लगाकर और अपनी मांगों को प्रबंधन के समक्ष रखकर, प्रबंधन को कुंभकर्णी नींद से जगाने का अपना कार्य भारतीय मजदूर संघ ने प्रारंभ कर दिया है।



जेके में लेप्रोस्कोपिक विधि से डायफ्रामेटिक हर्निया की सर्जरी

भोपाल। एलएन मेडिकल कॉलेज के जेके हॉस्पिटल में 50 वर्षीय मरीज के जटिल डायफ्रामेटिक हर्निया का पहली बार लैप्रोस्कोपिक तकनीक से सफल ऑपरेशन किया गया। मरीज पिछले पांच-छह महीने से सांस फूलने, चलने पर सांस लेने में तकलीफ और सूखी खांसी से परेशान था। जांच में दाहिनी ओर डायफ्रामेटिक हर्निया का पता चला। जनरल सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णानंद, डॉ. अमित तिवारी, डॉ. अक्षरा राठौर तथा एनेस्थीसिया विभाग के डॉ. मनीष शिवानी और टीम ने सर्जरी की। ऑपरेशन के बाद मरीज की सांस संबंधी तकलीफ में सुधार हुआ और तीसरे दिन उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

दीपावली में कार्य बहिष्कार की चेतावनी

नियमितीकरण में देरी पर बिजली संविदा कर्मियों का 22 को प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में बिजली विभाग के संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण में हो रही देरी के विरोध में यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एम्पलाईज एवं इंजीनियर्स ने आंदोलन का ऐलान किया है। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष आरएस कुशवाहा के अनुसार विभागीय परीक्षा के जरिए करीब पांच हजार संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया लंबित है। इससे कर्मचारियों में असंतोष और भविष्य को लेकर चिंता बढ़ रही है। ऊर्जा विभाग ने 24 जुलाई को जारी परिपत्र में 31 अक्टूबर तक विभागीय परीक्षा कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन अब तक परीक्षा का नोटिफिकेशन या भर्ती विज्ञप्ति जारी नहीं हुई है।संगठन की मीडिया प्रभारी लोकेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि मांगों के समर्थन में प्रदेश के विभिन्न जिलों में सांसदों, विधायकों और कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपे गए हैं। भोपाल में सांसद आलोक शर्मा तथा विधायक रामेश्वर शर्मा और भगवानदास सबनानी को भी मांगपत्र दिया गया। परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी कर प्रक्रिया समयबद्ध करने की मांग को लेकर 22 अक्टूबर को भोपाल में एकदिवसीय विरोध प्रदर्शन होगा।

मेमू ट्रेन की खिड़कियों पर लगेंगे रोलर सनस्क्रीन धूप से मिलेगी राहत

भोपाल। दिन में मेमू से सफर करने वाले यात्रियों को खिड़की से आने वाली तेज धूप से राहत मिलने वाली है। भोपाल मंडल की थ्री-फेज मेमू ट्रेनों में रेलवे 100 स्प्रिंग टाइप रोलर सन स्क्रीन लगाएगा। इसके लिए खरीद प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। खिड़कियों पर लगने वाले इन पर्दों को यात्री जरूरत के अनुसार नीचे कर सकेंगे। धूप कम होने पर इन्हें ऊपर रोल किया जा सकेगा। इससे खिड़की वाली सीट पर बैठे यात्रियों को सीधे पड़ने वाली धूप और चकाचौंध से राहत मिलेगी। रोलर सिस्टम के कारण सन स्क्रीन को इस्तेमाल करना आसान होगा। धूप होने पर इसे नीचे कर खिड़की को ढका जा सकेगा, जबकि जरूरत नहीं होने पर ऊपर रोल कर दिया जाएगा। इससे खिड़की स्थायी रूप से ढकी नहीं रहेगी।

- भोपाल मंडल की थ्री-फेज मेमू में 100 स्क्रीन लगाने की तैयारी, 30 महीने की वारंटी

पीपी सर की जयंती पर याद किए गए उनके विचार और पत्रकारिता के संस्कार

पीपी सर के विराट व्यक्तित्व की तुलना करना आसान नहीं: पीआईबी डायरेक्टर गौतम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मीडिया गुरु और वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय पुष्पेंद्र पाल सिंह 'पीपी सर' के विराट व्यक्तित्व की तुलना आसान नहीं है। मीडिया, जनसंपर्क और पत्रकारिता को केवल पेशा नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी मानने वाले पीपी सर के अद्वितीय व्यक्तित्व में सूर्य के समान के समान तेज और चंद्रमा के समान शीतलता नजर आती है। वे सबकी बेहतरी के लिए काम करते थे। पीपी सर के व्यक्तित्व पर कहीं कोई दाग नजर नहीं आता। वे आकाशवाणी और दूरदर्शन के कार्यक्रमों में शासन की नीतियों और जटिल से जटिल विषयों को तथ्यों के साथ बड़ी सहजता से सामने रखते थे।

यह बात पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), भोपाल के डायरेक्टर मनीष गौतम ने पीपी सर की जयंती के अवसर पर आयोजित 'एक स्मृति... एक विरासत... एक आगाज' कार्यक्रम में कही। गुरुवार को दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय में पीपी सर के व्यक्तित्व, विचारों और पत्रकारिता में उनके योगदान का पुण्य स्मरण किया गया। इस अवसर पर पुष्पेंद्र पाल सिंह फाउंडेशन, भोपाल की औपचारिक शुरुआत और वेबसाइट का अनावरण भी किया गया। इस दौरान सभी ने पीपी सर की विरासत को पत्रकारों की नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

'एक स्मृति... एक विरासत... एक आगाज' कार्यक्रम में क्षेत्रीय मीडिया के भविष्य पर मंथन

पुष्पेंद्र पाल सिंह फाउंडेशन की औपचारिक शुरुआत और वेबसाइट का अनावरण





पीपी सर की जयंती पर आयोजित 'एक स्मृति... एक विरासत... एक आगाज' कार्यक्रम में संबोधित करते अतिथि।

पूरी पीढ़ी को पत्रकारिता के संस्कार दिए: गौतम

डायरेक्टर मनीष गौतम ने पीपी सर के व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पीपी सर का प्रभाव केवल उनके लिखे शब्दों तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने अपने साथ काम करने और सीखने वाली पूरी पीढ़ी को पत्रकारिता के संस्कार दिए।

पीपी सर के पास हर मुश्किल परिस्थिति का हल

विशेष संस्मरण सत्र में मप्र जनसंपर्क विभाग की पूर्व सहायक संचालक करुणा राजुरकर ने कहा कि पीपी सर के पास हर मुश्किल परिस्थिति का हल था। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित समाजसेवी पूनम श्रोती ने कहा कि पीपी सर हर समस्या के समाधान के लिए हमेशा तैयार रहते थे।

पीपी सर की विचारधारा पत्रकारिता के मूल्यों को आगे बढ़ाना

फाउंडेशन की अध्यक्ष शानू सिंह ने बताया कि फाउंडेशन का उद्देश्य पीपी सर की विचारधारा, पत्रकारिता के मूल्यों और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि पीपी सर की स्मृति को केवल आयोजन तक सीमित न रखते हुए इसे रचनात्मक गतिविधियों और नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शन के जरिए आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम में पीपी सर के पूर्व विद्यार्थी, पत्रकारिता, सामाजिक क्षेत्र और पीपी सर से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

मिश्रा ने विद्यार्थियों की सफलता पर कहा

एससीवीटी परीक्षा में श्रमोदय मॉडल आईटीआई के तीन विद्यार्थी टॉप में



अजित यादव



सुरांश शर्मा



नितिन मेहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

संचालक, कौशल विकास द्वारा घोषित एससीवीटी परीक्षा 2026 की राज्य स्तरीय मेरिट सूची में श्रमोदय मॉडल आई.टी.आई, भोपाल के तीन विद्यार्थियों ने टॉप-10 में स्थान प्राप्त किया है।

श्रमोदय मॉडल आई.टी.आई. का संचालन एवं प्रबंधन क्रिस्प द्वारा किया जा रहा है। मेरिट सूची में इलेक्ट्रिशियन ट्रेड के सुरांश शर्मा ने 96.42 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान, सिविल इंजीनियरिंग असिस्टेंट ट्रेड के अजित यादव ने 95.17 प्रतिशत अंकों के साथ 5वां स्थान और मेकाट्रॉनिक्स ट्रेड के नितिन मेहरा ने 94.50 प्रतिशत अंकों के साथ 9वां स्थान प्राप्त किया।

खबर संक्षेप



चोला धारकों का मानस मंडल ने किया सम्मान

औबेदुल्लागंज। मानस मंडल द्वारा महावीर चोला धारकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मानस मंडल के पंकज शर्मा ने को फूलमाला पहनाकर एवं तिलक लगाकर सम्मान किया। चोला धारक हेमंत गुप्ता, छोटू नंदवंशी, सागर वासवानी, कपिल कालेन, शिवम राय, अनूप मालवीय दशहरे पर भगवान हनुमान का चोला धारण करेंगे। इस अवसर पर मानस मंडल के सदस्य संतोष गुप्ता, अरविंद राय, रामकुमार माहेश्वरी, तेज सिंह नागर, दिलीप मेघानी, संदीप माहेश्वरी, कमलेश मेघानी सूरजमल गौर, संतोष सेन तामोट आदि सदस्य उपस्थित रहे।

गली-मोहल्लों में सजने लगे नवरात्रि के पंडाल

औबेदुल्लागंज। शारदीय नवरात्रि को लेकर नगर में तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। गली-मोहल्लों में दुर्गा पंडालों का निर्माण किया जा रहा है। हिरनिया स्थित प्रसिद्ध प्राचीन खेड़ापति माता मंदिर में भी नवरात्रि को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। नवरात्रि के दौरान यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। रेहटी रोड स्थित प्रसिद्ध माता काली मंदिर में भी नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। नवरात्रि पर्व को लेकर नगर में धार्मिक उत्साह का माहौल नजर आने लगा है और विभिन्न स्थानों पर पंडालों को आकर्षक रूप देने की तैयारियां जारी है

स्कूल में चोरी, भूसे में छिपा दिया सामान

भोपाल। नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित डोंगरगांव शासकीय स्कूल में बदमाश ताला तोड़कर गेहूं की कट्टी समेत स्कूल का सामान चुराकर ले गए। पुलिस ने गांव के ही एक युवक को गिरफ्तार कर चोरी का पूरा सामान उसके घर के पीछे भूसे के ढेर से बरामद कर लिया। बरामद माल की कीमत करीब 20 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार, ग्राम रुनाहा निवासी हीरा गिरी गोस्वामी ने 7 अक्टूबर को नजीराबाद थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि डोंगरगांव स्थित शासकीय स्कूल का ताला टूटा हुआ है और अंदर रखा सामान चोरी हो गया है। स्कूल में भोजन के लिए रखी गेहूं की बोरी भी गायब थी। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने स्कूल के आसपास की जानकारी जुटाने के साथ संदिग्धों से पूछताछ की। संदेह के आधार पर ग्राम डोंगरगांव निवासी लाला बना उर्फ राजवर्धन सिंह राजपूत (32) को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

नवविवाहिता ने दी जान पति को 10 वर्ष की जेल

भोपाल। दहेज प्रताड़ना से तंग आकर नवविवाहिता द्वारा विवाह के दो वर्ष की अवधि के अंदर ही फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में दसवें अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के न्यायालय ने अभियुक्त पति सुनील रजक आयु 26 वर्ष निवासी बैरागढ़ कलां भोपाल मप्र को बीएनएस की धारा-85, 80(2) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा -3 व 4 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 2000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक राजेश सिंह द्वारा पैरवी की गई थी। अभियोजन के अनुसार मृतका वर्षा रजक का विवाह 2 दिसंबर 2022 को आरोपी सुनील रजक के साथ हुआ था। 30 जनवरी 2025 को दोपहर 2 बजे वर्षा रजक ने बैरागढ़ कलां भोपाल स्थित अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

शुभांक

कल्याण:	1235		
दिन:	---	--	---
रात:	---	--	---
तारा:			
दिन:	---	--	---
रात:	---	--	---

राजधानी में जगह-जगह खुली हैं अवैध फर्जी नोटरी की दुकानें

नोटरी का अवैध और फर्जी काम करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में जगह-जगह दुकानें खोलकर अवैध रूप से फर्जी नोटरी का काम करने वाले स्टांप वेंडरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

स्टांप वेंडरों द्वारा अपने स्टाम्प विक्रय स्थल पर स्टांप विक्रेता का बोर्ड न लगाकर उसके स्थान पर शपथ पत्र, दान पत्र, वसीयतनामा, किरायानामा, अनुबंध पत्र आदि दस्तावेज बनाए जाने का बोर्ड लगाकर जनता से धोखाधड़ी करने एवं कम स्टांप ड्यूटी लगाकर दस्तावेज तैयार कर राजस्व की हानि कर शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है। राजधानी में लगभग 135 पब्लिक नोटरी हैं, जो केंद्र सरकार और राज्य सरकार के नियम के अनुसार नोटरी का काम करते हैं। इसके विपरीत राजधानी के विभिन्न इलाकों में नोटरी का फर्जी और अवैध रुप से व्यवसाय करने हजारों लोग अपनी दुकानें खोलकर बैठे हैं। राजधानी में जगह-जगह स्टांप वैंडर्स, फोटो कॉपी, टाइपिंग सेंटरों एवं एमपी ऑन लॉईन की दुकानों पर नोटरी का बोर्ड लगाकर नोटरी का फर्जी और अवैध व्यवसाय किया जा रहा है। नियमानुसार जिस पब्लिक नोटरी ने अपना कार्यस्थल जिस स्थान पर

राजधानी में लगभग 135 पब्लिक नोटरी

अवैध रूप से व्यवसाय करने हजारों लोग अपनी दुकानें खोलकर बैठे



बताया है, उसे वहीं पर नोटरी का काम करते हुए दस्तावेजों को सत्यापित करना चाहिए। पब्लिक नोटरी का कार्यस्थल पुराने भोपाल में है और उसके नाम पर नए भोपाल और शहरी सीमा के पास अवैध नोटरी दुकानों पर दस्तावेज सत्यापन कर नोटरी किए जा रहे हैं।

बिना नोटरी टिकट, बिना रसीद नोटराइज नहीं करें

राजधानी के जिला नोटरी पब्लिक अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ सलाहकार रवीन्द्र स्थापक (रवि पण्डित) और जिला नोटरी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनोहर पाठक ने अवैध रूप से फर्जी नोटरी का काम करने वालों स्टांप वैंडरों और उन्हें कोरे कागज पर पब्लिक नोटरी की सील व हस्ताक्षर कर धोखाधड़ी में शामिल नोटरी अधिवक्ताओं को भी कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि वो किसी भी दस्तावेज को बिना नोटरी टिकट, बिना रसीद, बिना पर्याप्त स्टांप डयूटी के नोटरी रजिस्टर में दर्ज किए बगैर नोटराइज नहीं करें, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रावाई की जाएगी

धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कराया जाएगा

स्टांप वेंडरों द्वारा दुकानों में स्टांप विक्रेता का बोर्ड न लगाकर शपथ पत्र, दान पत्र, वसीयतनामा, किरायानामा, अनुबंध पत्र आदि दस्तावेज बनाए जाने का बोर्ड लगाकर जनता से धोखाधड़ी की जा रही है। अवैध रूप से फर्जी नोटरी का काम करने वाले स्टांप वेंडरों के खिलाफ अब धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कराया जाएगा।

रवींद्र स्थापक (रवि पंडित) अधिवक्ता
वरिष्ठ सलाहकार जिला नोटरी पब्लिक अधिवक्ता संघ

कड़ी कार्रवाई के लिए बाध्य होंगे

अवैध रूप से फर्जी नोटरी का काम करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने के लिए अब कठोर कदम उठाए जाएंगे। इस अवैध कार्य में कोई भी नोटरी अधिवक्ता संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई करने के लिए बाध्य होंगे।

प्रियनाथ पाठक अधिवक्ता अध्यक्ष, आम अधिवक्ता संघ

दो साल से चल रहा था मनोचिकित्सक के पास इलाज

दूसरी मंजिल की छत से कूदकर 12वीं की छात्रा ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित कैलाश नगर सीटीओ में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात बारहवीं कक्षा की छात्रा ने अपने मकान की दूसरी मंजिल से कूदकर जान दे दी। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन इंस्टाग्राम पर उसने एक स्टोरी जरूर पोस्ट की है। जिसमें उसने लिखा है कि दुनिया से थक चुकी हूं जीना नहीं चाहती। पुलिस इसे सुसाइड नोट मान रही है।

पुलिस के अनुसार चेष्टा शर्मा पिता दिनेश शर्मा (19) कैलाश नगर, सीटीओ बैरागढ़ में रहती थीं। चेष्टा के पिता दिनेश शर्मा मल्टी नेशनल कंपनी के एरिया मैनेजर है। दिनेश शर्मा ने पुलिस को बताया कि चेष्टा उनकी बड़ी बेटी थी, जबकि 11 साल का छोटा बेटा है। चेष्टा कान्वेंट स्कूल में बारहवीं कक्षा में पढ़ती थी और पढ़ने में होनहार थी, लेकिन छह साल से डिप्रेशन में थी। दो साल से वह कुछ ज्यादा ही तनाव में

रहने लगी थी। लिहाजा उसका मनौचिकित्सक के पास इलाज करा रहे थे। बुधवार शाम भी मनौचिकित्सक के पास से दवाइयां लेकर आए थे। घर आने के बाद चेष्टा ने परिजन से कहा कि अब वह जीना नहीं चाहती हैं। वह जिंदगी से परेशान हो चुकी है। परिजन ने उसे समझाइश दी और कहा भी सब ठीक हो जाएगा, लेकिन वह बार बार यह कहने लगी कि मुझे मरना है।

बैरागढ़ स्थित कैलाश नगर सीटीओ की घटना

इंस्टाग्राम पर पोस्ट की, थक चुकी हूं दुनिया से, जीना नहीं चाहती



चेष्टा ने इंस्टाग्राम पर लिखी स्टोरी

चेष्टा ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर एक स्टोरी पोस्ट की थी। जिसमें उसने लिखा था कि मैं दुनिया से थक चुकी है और जीना नहीं चाहती हूं। मुझे प्यार करने और सपोर्ट करने वाली सभी लोगों पर ईश्वर का अशीर्वाद सदैव बना रहे। इसके अलावा भी उसने काफी कुछ लिखा था। परिजन ने बताया कि रात में सभी ने खाना खाया और सो गए थे। इसी दौरान देर रात चेष्टा छत पर गई और नीचे छलांग लगा दी।

युवक ने जहर खाया, अस्पताल में मौत

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित कल्ला शाह का अहाता बरखेड़ी में 19 साल के युवक ने बुधवार रात जहर खा लिया। परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां करीब एक घंटे चले इलाज के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मरने से पूर्व उसके बयान नहीं हो सके थे। पुलिस ने उसका मोबाइल जब्त किया है। प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा नजर आ रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार कल्ला शाह का अहाता बरखेड़ी निवासी अरसान उर्फ अरफान खान पिता खालिद खान (19) अपने पिता के साथ सेंटरिंग ठेकेदारी का काम करता था। परिजन से पता चला कि अरसान एक युवती से प्रेम करता था। दोनों के बीच लगातार बातचीत होती थी। कुछ दिन पहले अरसान के परिवार ने युवती के घर शादी के लिए रिश्ता भेजा था, लेकिन वहां से कोई जवाब नहीं मिला।

- प्रेम प्रसंग में आत्महत्या की आशंका

लाउंड्री में रखा केमिकल पानी समझकर पीया, दस साल के बच्चे की मौत

कोलार थाना क्षेत्र स्थित दानिश कुंज में गुरुवार दोपहर लाउंड्री में रखा कपड़े का कैमिकल पीने से दस साल के बच्चे की मौत हो गई। दरअसल, बच्चे ने खाना खाया और पास ही रखा केमिकल पानी समझकर पी लिया। केमिकल पीते ही उसे उल्टियां हुई और अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस के अनुसार सिद्धार्थ पिता यशवंत भुजंग (10) ललिता नगर कोलार में रहता था और सेकंड क्लास में पढ़ता था। उसके पिता प्राइवेट काम करते हैं, जबकि मां दानिश कुंज की एक लाउंड्री में काम करती है। गुरुवार सुबह सिद्धार्थ स्कूल गया था। दोपहर में करीब दो बजे छुट्टी होने के बाद पिता ने उसे मां के पास लाउंड्री में छोड़ दिया और निकल गए। सिद्धार्थ ने लाउंड्री में खाना खाया और गलती से पानी की जगह कपड़े साफ करने वाला कैमिकल पी लिया। केमिकल पीते ही उसे उल्टियां होने लगी। मां उसे तत्काल निजी अस्पताल ले गई, वहां कुछ ही देर चले इलाज के बाद सिद्धार्थ की मौत हो गई।

बच्चों के मामूली विवाद का मामला, दो गिरफ्तार

फटकार लगाई व गाली देकर थप्पड़ मारा, 9 साल के बच्चे ने युवक के गले पर मारा चाकू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हनुमानगंज थाना क्षेत्र सपना लॉज के पास बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद के बाद एक युवक को बच्चे को थप्पड़ मारना और गाली देना महंगा पड़ गया।

थप्पड़ और गाली देने से नाराज साढ़े 9 साल का बच्चा अपने भाई और रिश्तेदार को लेकर पहुंच गया और विवाद के दौरान नाबालिग ने चाकू निकालकर युवक के गले और हाथ पर हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने नाबालिग समेत तीन के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। दो को गिरफ्तार करते हुए नाबालिग को हिरासत में लिया गया है।

पुलिस के अनुसार, प्रवीण चौहान उर्फ टोनों इब्राहिमगंज में ऑयल की दुकान चलाते हैं। बुधवार दोपहर सपना लॉज के पास दो बच्चे आपस में विवाद कर रहे थे। इसी दौरान प्रवीण ने बच्चों को फटकर लगाई और साढ़े 9 साल के बच्चे को थप्पड़ मारते हुए गाली दे दी। इससे नाराज बच्चा घर पहुंचा, वहां अपने भाई अहमद अली और रिश्तेदार गुलाम अब्बास को पूरी घटना बताई। इसके बाद तीनों प्रवीण के पास पहुंचे और बच्चे को पीटने व गाली देने की बात पर उससे बहस करने लगे। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और तीनों ने प्रवीण के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान नाबालिग ने अपने पास रखा चाकू निकालकर प्रवीण के गले व हाथ पर हमला कर दिया। हमले में प्रवीण लहूलुहान होकर घायल हो गए। इलाज के बाद प्रवीण ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

सीबीआई भोपाल की बड़ी कार्रवाई, कर्मचारी पर कसा शिकंजा

इटारसी में केंद्रीय विद्यालय-1 की प्राचार्य 3 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इटारसी के केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में सीबीआई भोपाल) की टीम ने बड़ी छापामार कार्रवाई करते हुए विद्यालय की प्राचार्य श्रद्धा पाठक को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से शिक्षा जगत और प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मच गया है।

प्राचार्य श्रद्धा पाठक पर बिल पास करने के एवज में 3 लाख रुपए की भारी-भरकम रिश्वत मांगने का आरोप है। सीबीआई की टीम ने प्राचार्य के साथ-साथ इस पूरे मामले



में संलिप्त विद्यालय के एक कर्मचारी सराठे पर भी शिकंजा कसा है।

बकाया बिलों के पेमेंट के लिए पीड़ित को चक्कर लगवाए

भोपाल की एक पीड़ित फर्म ने केंद्रीय विद्यालय 1 में अपनी सेवाएं-सामग्री दी थी, जिसके बकाया बिलों के भुगतान के लिए लंबे समय से चक्कर कटवाए जा रहे थे। बिल पास करने की एवज में प्राचार्य श्रद्धा पाठक द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही थी। परेशान होकर पीड़ित फर्म ने इसकी शिकायत सीबीआई (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, भोपाल) से की। शिकायत का सत्यापन करने के बाद, सीबीआई टीम ने जाल बिछाया व प्राचार्या को गिरफ्तार कर लिया।

वार्ड नंबर 4 में फर्जी रजिस्ट्री का मामला

टैक्स रसीद काटने वाला कर्मचारी आशीष सस्पेंड



हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

वार्ड नंबर 4 के कथित फर्जी रजिस्ट्री और नामांतरण मामले में जांच के दौरान नगर प्रशासन ने पहली बड़ी कार्रवाई की है। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर टैक्स रसीद काटने वाले कर्मचारी आशीष यादव को सीएमओ ने निलंबित कर दिया है।

बताया जा रहा है कि वार्ड नंबर 4 में शासकीय भूमि से जुड़े दस्तावेजों, रजिस्ट्री और टैक्स रसीदों को लेकर शिकायतें सामने आई थीं। मामले की जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि संबंधित भूमि के लिए टैक्स रसीद काटने की प्रक्रिया में कर्मचारी की भूमिका रही है, जिसके बाद सीएमओ ने कार्रवाई करते हुए आशीष यादव को सस्पेंड कर दिया। इस कार्रवाई के बाद अब लोगों की नजरें इस मामले से जुड़े अन्य लोगों पर टिक गई हैं। खासतौर पर विशाल सेन और कीर्ति सेन की भूमिका को लेकर भी जांच और आगे की कार्रवाई की मांग उठ रही है। वहीं कथित फर्जी रजिस्ट्री और दस्तावेजों से जुड़े मामले में संबंधित बाबू की भूमिका की भी जांच की जा रही है। कलेक्टर रायसेन अरुण विश्वकर्मा ने इस पूरे प्रकरण में प्रतिवेदन मांगा है, वहीं भोपाल मंत्रालय में भी इस प्रकरण की समस्त जानकारियां मांगी है।

नजीराबाद पुलिस ने किया दिनेश शर्मा को सम्मानित

नजीराबाद। नजीराबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रुनाहा के निवासी दिनेश शर्मा पुत्र श्यामलाल शर्मा को भोपाल देहात पुलिस अधीक्षक पंकज पांडे द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। गुरुवार को थाना नजीराबाद में थाना प्रभारी शाहबाज खान ने दिनेश शर्मा को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनको बधाई दी। थाना प्रभारी ने बताया कि दिनेश शर्मा ने उनके घर पर उच्च क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। इनकी मदद से 8 सितंबर को रुनाहा क्षेत्र में घटित हत्या के प्रयास के मामले को सुलझाया गया। उन्होंने बताया कि यह एक ब्लाइंड केस था, परंतु दिनेश शर्मा के यहां लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से उस मामले में अपराधियों की कार को देखा गया, जिसकी मदद से पूरा मामला पुलिस द्वारा सुलझाया गया। इस दौरान थाना प्रभारी ने क्षेत्र के समस्त व्यापारियों एवं आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि अपने-अपने व्यापारिक संस्थानों एवं भवनों पर सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाए, जिससे क्षेत्र में घटित होने वाली आपराधिक घटनाओं में कमी आ सके और घटित घटनाओं का खुलासा करने में पुलिस को मदद मिल सके और आपके स्वयं के प्रतिष्ठान एवं घर भी सुरक्षित रह सके।

आगामी त्योहारों को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

असामाजिक तत्वों, हुड़दंगियों और शराब पीकर उत्पात करने वालों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नजीराबाद

नजीराबाद थाना परिसर में आगामी पर्व एवं त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में कराने को लेकर गुरुवार को शाम 6 बजे शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी शहबाज खान एवं नजीराबाद पुलिस टीम के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। बैठक में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने को लेकर पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया। माहौल बिगाड़ने वालों पर होगी तत्काल कार्रवाई। असामाजिक तत्वों, हुड़दंगियों और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर उत्पात करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। त्योहारों के दौरान शांति भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्ती से कार्रवाई करेगी। थाना प्रभारी ने बताया कि सभी झांकियां पर प्रकाश की अत्यधिक व्यवस्था की जाए तथा गली चौराहे अंधेरे पर महिलाओं को आने-जाने के लिए प्रकाश व्यास व्यवस्था



सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक झांकी पंडाल पर समिति सदस्य रात्रि विश्राम करें तथा अपनी एक डेली डायरी बनाएं। प्रत्येक झांकियां पर पुलिस टीम के मोबाइल नंबर लिखे। किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। टीम प्रत्येक गांव एवं झांकियां का निरीक्षण करेंगे तथा प्रत्येक दुकानों पर जिनके सिटी भी कैमरे अंदर लगे हुए हैं वह भी एक कैमरा बाहर रूट की तरफ लगाने का अनुरोध किया, जिससे अपराधियों को पकड़ने में पुलिस को सुविधा होती है। शांति समिति की बैठक में नजीराबाद ताजुल मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष वसीम खान, पूर्व जनपद सदस्य सर्जन सिंह गौर, भाजपा के वरिष्ठ युवा नेता तेज सिंह राजपूत, विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष दीनबंधु महेश्वरी, नजीराबाद रविदास मंदिर समिति अध्यक्ष सर्जन सिंह, वरिष्ठ पत्रकार रामबाबू योगी, डॉ भगवती श्रीवास, महेश कुमार, रामनिवास, दिनेश देवड़ा, दिनेश मालवीय, सुरेश मालवीय, प्रेम कुशवाहा, नजीराबाद के समाजसेवी अमित पाल तोमर के साथ दुर्गा उत्सव समिति के सदस्य आदि मौजूद रहे।

साधकों ने सीखा स्वस्थ जीवन का तरीका

शिविर में तीन किलो वजन कम किया, माइग्रेन जोड़ों और कमर दर्द से मिली साधकों को राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

संत हिरदाराम योग एवं नेचर क्योर हॉस्पिटल आरोग्य केन्द्र में आयोजित दस दिवसीय रोग निवारण एवं प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न राज्यों से आए 65 साधकों ने प्राकृतिक चिकित्सा, योग, ध्यान और प्राकृतिक आहार के माध्यम से जीवनशैली में बदलाव का प्रशिक्षण लिया।

डॉ. गुलाब राय टेवानी ने बताया कि साधकों की खास बात रोगों से राहत के साथ स्वस्थ जीवनशैली सीखना रही। साधकों ने बताया कि उन्हें घुटनों, एसिडिटी, सर्वाइकल, कमर व पैरों के दर्द तथा मधुमेह और रक्तचाप जैसी समस्याओं में राहत मिली। एक साधक ने तीन किलो वजन कम होने का अनुभव साझा किया।



शिविर का उद्देश्य साधकों को स्वस्थ बनाना

शिविर में सिद्ध भाऊ ने कहा कि शिविर का उद्देश्य पैसा कमाना नहीं, बल्कि साधकों को स्वस्थ बनाना और उन्हें सही जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने प्राकृतिक आहार और स्वस्थ दिनचर्या को परिवार तक पहुंचाने का आह्वान किया। आगामी शिविर 9 से 18 अक्टूबर तक आयोजित होगा।

मरीजों का कहना है

शिविर में शामिल मरीजों ने अनुभव साझा करते हुए बताया कि दस दिनों में उन्हें अपनी स्वास्थ्य समस्याओं में राहत के साथ जीवनशैली सुधारने की महत्वपूर्ण जानकारी मिली। कोलकता की नीरू झारिया को घुटनों के दर्द, झालावाड़ की शीतल अग्रवाल को एसिडिटी, जबलपुर की रेखा गगनानी को सर्वाइकल और भोपाल की अंजु देवानी को कमर दर्द में आराम मिला। भोपाल के दीपक रामानी को मधुमेह और ओडिशा के अनिल अग्रवाल को रक्तचाप की समस्या में राहत का

दशहरा पर्व पर निकलेगी राम बारात, कबड्डी मैच भी होगा

इस बार आतिशबाजी के साथ रावण 51 और मेघनाद 45 फीट के पुतले दहन होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

उपनगर की प्रमुख शैक्षणिक व सामाजिक संस्था नव युवक सभा विगत 76 वर्षों से समाज एवं शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही है।

संस्था द्वारा दशहरा महोत्सव बीस अक्टूबर को हाई स्कूल ग्राउंड संत हिरदाराम नगर पर मनाया जाएगा। इस उत्सव में नगर के अलावा समीपस्थ ग्रामीण क्षेत्र के हजारों की संख्या में लोग सम्मिलित होते हैं। साथ ही विभिन्न स्कूलों के छात्रों को सम्मिलित कर कबड्डी मैच का आयोजन दोपहर 2.30 बजे से हाई स्कूल ग्राउंड पर किया जाता है। नव युवक सभा द्वारा जुलूस के रूप में राम-बारात एवं आकर्षक झांकियां, उपनगर के विभिन्न मार्गों से नि क ले गी , जिसका कई स्थानों पर स्वागत किया जाएगा। राम बारात दशहरा मैदान पहुंचेगी, जहां पर रावण (51 फीट), मेघनाद (45 फीट) के पुतलों का दहन शाम 7.30 बजे किया जाएगा। इससे पूर्व आकर्षक आतिशबाजी की जाएगी। दशहरा महोत्सव का आयोजन उपनगर एंव नगर निगम की आर्थिक सहायता एंव सहयोग से किया जाता रहा है। संस्था के अध्यक्ष वासुदेव वाधवानी, महेश दयारामानी, राजेश हिंगोरानी, सुरेश राजपाल, दिनेश वाधवानी, धर्मप्रकाश मोटवानी, कन्हैयालाल रामनानी और अन्य पदाधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल हो।

संतनगर के हाई स्कूल ग्राउंड पर होगा आयोजन



स्मृति शेष

भोपाल की गलियों से कीमा-कड़कनाथ लाए नाना, खुद पकाकर खिलाया

'राजनीति' की शूटिंग में ढाई महीने रहे नाना, कभी भेस बदलकर घूमे तो कभी किचन में पकाया खाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

'आ गए मेरी मौत का तमाशा देखने?' जैसे दमदार संवाद से देश-दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाने वाले प्रसिद्ध अभिनेता नाना पाटेकर का गुरुवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर से फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई तो वहीं भोपाल से भी नाना का गहरा नाता रहा है। भोपाल से नाना पाटेकर का रिश्ता सिर्फ फिल्मों की शूटिंग तक सीमित नहीं था। 'राजनीति' की शूटिंग के दौरान करीब ढाई महीने शहर में रहे नाना अपने सहज और बेबाक अंदाज से लोगों के बीच ऐसी यादें छोड़ गए, जो अब उनकी स्मृतियों का हिस्सा बन गई हैं। नाना के साथ काम करने वाले लोगों ने कहा कि नाना को खाना बनाने का भी खासा शौक था। कभी भेस बदलकर पुराने भोपाल की तंग गलियों में निकल पड़ते और वहां से नॉनवेज खरीद लाते और होटल के किचन में खुद पकाकर पूरी टीम को खिलाते।

पुराने भोपाल से कड़कनाथ लाए, खुद पकाया और सबको खिलाया

राजनीति फिल्म के लाइन प्रोड्यूसर रहे जुल्फिकार सिद्दीकी बताते हैं कि नाना बेहद खुले दिल के इंसान थे। एक बार नाना पुराने भोपाल की गलियों में अपनी पहचान छिपाकर घूमने निकल गए। वहां से वे कड़कनाथ लेकर आए और होटल लौटकर उसे खुद बनाया। इसके बाद उन्होंने फिल्म की पूरी टीम और स्टाफ को खाना खिलाया। उन्होंने कहा कि मैं उस दिन वहां मौजूद नहीं था तो नाना ने मेरे लिए खाना बचाकर रख दिया था।



इसी साल 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग के लिए आए थे भोपाल

नाना पाटेकर का मध्यप्रदेश और भोपाल से जुड़ाव बाद के वर्षों में भी बना रहा। वे इसी साल फरवरी में फिल्म 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग के सिलसिले में भोपाल आए थे। फिल्म के 2027 में रिलीज होने वाली है।

भांजे की शादी में भी पहुंचे, दो-तीन घंटे रुके



जुल्फिकार ने कहा कि नाना का मेरे बड़े बेटे जोहेब से भी काफी अच्छा संबंध था। जोहेब फिल्म की शूटिंग के दौरान बतौर असिस्टेंट काम कर रहे थे। एक बार शूटिंग के दौरान निर्देशक प्रकाश झा से नाना की कहासुनी हो गई तो उन्होंने जोहेब को फोन कर कहा कि, तू आ यार, मेरा दिल खराब हो गया है। जुल्फिकार बताते हैं कि मेरे भांजे जुबैर सिद्दीकी की शादी में भी नाना को आमंत्रित किया तो वो आए और करीब दो-तीन घंटे रुके।

नाना पाटेकर के जाने से पैदा हुआ खालीपन कभी नहीं भरा जा सकता



फिल्म निर्देशक प्रकाश झा ने नाना पाटेकर के जाने से पैदा हुआ खालीपन कभी नहीं भरा जा सकता। झा ने 'अपहरण', 'राजनीति' और वेब सीरीज 'संकल्प' जैसी परियोजनाओं में उनके काम को बेहद खास बताया है। झा ने यह भी साझा किया कि वह अगले साल उनके साथ 'राजनीति 2' शुरू करने वाले थे। झा ने यह भी बताया कि बिहार में बाढ़ राहत कार्य के दौरान नाना पाटेकर ने चुपचाप बड़ी वित्तीय मदद भेजी थी। हाल ही में दोनों ने संकल्प वेब सीरीज के लिए साथ काम किया था, जिसमें नाना ने कन्हैयालाल नामक एक गुरु की भूमिका निभाई थी।

जहांनुमा के किचन में बनाया कीमा-मटर और लेमनग्रास सूप

होटल जहांनुमा पैलेस के सीनियर मैनेजर विनोद सिंह ने नाना से जुड़ी अपनी यादें साझा करते हुए कहा कि नाना को खाना बनाने का बेहद शौक था। अनुमति लेकर वे अक्सर होटल के किचन में पहुंच जाते और अपने मन का कुछ न कुछ पकाते। एक रविवार नाना अपनी पहचान छिपाकर बाजार से कीमा खरीदकर लाए और होटल के किचन में खुद कीमा-मटर तैयार किया। इसके साथ उन्होंने लेमनग्रास सूप भी बनाया।



बेटे मल्हार से कहा-सीनियर मैनेजर के पैर छुओ

विनोद सिंह बताते हैं कि जब नाना के बेटे मल्हार होटल आए तो नाना ने उन्हें पूरे स्टाफ से मिलवाया। इसी दौरान उन्होंने अपने बेटे से होटल के सीनियर मैनेजर के पैर छूने को कहा। इसके बाद उन्होंने मल्हार की मुलाकात अपनी पूरी शिफ्ट के स्टाफ से कराई।

नेचर लवर नाना अपने शहर अभिनेता को हमेशा करते थे को-ऑपरेट



भोपाल के प्रसिद्ध रंगकर्मी व अभिनेता कमल जैन ने कहा कि राजनीति में मेरे नाना पाटेकर के साथ कई सीन हुए थे और इस दरमियान मैंने बस यही चीज अनुभव की कि वह अपने रोल को लेकर काफी सीरियस रहते थे। जब वह रोल कर रहे हैं तब उनसे कोई बात नहीं कर सकता, लेकिन अपने को आर्टिस्ट के लिए काफी कोऑपरेटिव भी रहे हैं और उन्हें नेचर से काफी प्यार था, इसीलिए उन्हें भोपाल में शूटिंग करना काफी पसंद आया।

सीएस बर्णवाल-केंद्रीय पर्यटन सचिव कुमार ने 'मप्र ट्रैवल मार्ट' का किया शुभारंभ

ट्रैवल मार्ट में दिखा मप्र का पर्यटन और आतिथ्य वैभव...

एग्जिबिशन का मुख्य आकर्षण रहे टूर ऑपरेटर्स, हॉस्पिटेलियर्स, आर्ट एंड क्राफ्ट, टेबल स्पेस और ग्रामीण पर्यटन....

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मप्र ट्रैवल मार्ट एक्जीबिशन का शुभारंभ करते केंद्रीय पर्यटन सचिव भुवनेश कुमार,मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल और मप्र पर्यटन एमडी इलैयाराजा टी।

मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल और केंद्रीय सचिव पर्यटन मंत्रालय भुवनेश कुमार ने कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर मे 'मध्य प्रदेश ट्रैवल मार्ट 2026' (सप्तम संस्करण) के दूसरे दिन एग्जिबिशन का शुभारंभ किया। जिसमें 177 ट्रैवल और हॉस्पिटैलिटी स्टॉल लगे, पर्यटन ग्राम पंचवटी में ग्रामीण होमस्टे की सुंदरता को दर्शाया गया।

इस अवसर पर मुख्य सचिव बर्णवाल ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन का निरंतर विकास हो रहा है और पर्यटकों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यापार को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है ताकि राज्य के आतिथ्य और पर्यटन अर्थव्यवस्था को वैश्विक पहचान मिल सके।

पर्यटन तकनीक और बेहतर संवाद के साथ आगे बढ़ेगा...

मध्यप्रदेश ईको-टूरिज्म विकास बोर्ड के सीईओ एल. कृष्णमूर्ति ने कहा कि आने वाले समय में पर्यटन तकनीक और बेहतर संवाद के साथ आगे बढ़ेगा। मप्र में कान्हा के साथ रातापानी, सतपुड़ा, संजय और वीरांगना दुर्गावती बाघ अभयारण्य जैसे क्षेत्रों को भी वन्यजीव पर्यटन के लिए विकसित किया जा रहा है।



स्थानीय समुदाय के साथ चलें और उनसे जुड़ें



इस अवसर पर 'भारत के वन्य क्षेत्रों का जीवंत परिदृश्य : मध्यप्रदेश में वन्यजीव, समुदाय और सतत पर्यटन' विषय पर पैनल चर्चा हुई। सत्र में केंद्रीय सचिव पर्यटन भुवनेश कुमार ने कहा कि वन्यजीव पर्यटन में स्थानीय समुदायों के साथ जुड़ाव बेहद महत्वपूर्ण है। स्थानीय समुदाय के साथ चलें और उनसे जुड़ें। उन्होंने कहा कि मप्र में मध्यप्रदेश में वन प्रबंधन और वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुआ है, और कूनो में हुआ चीता संरक्षण इसका महत्वपूर्ण उदाहरण है।

पारंपरिक हस्तशिल्प और हथकरघा की दिखी बेहतरीन झलक



मध्य प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करते हुए आर्ट एंड क्राफ्ट के विशेष स्टॉल भी लगाए गए हैं। इन स्टॉल्स पर मप्र की अनूठी कला, पारंपरिक हस्तशिल्प और हथकरघा (हैंडलूम) की बेहतरीन झलक देखने को मिलती है। इनमें बाघ प्रिंट, चंदेरी साड़ियां, भील आर्ट, भैरवा क्राफ्ट और बाटिक प्रिंट प्रमुख रूप से शामिल हैं।

पर्यटन ग्राम पंचवटी का किया अवलोकन

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा संचालित ग्रामीण पर्यटन कार्यक्रम से पर्यटकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से ट्रेवल मार्ट परिसर में एक विशेष प्रतिकृति पर्यटन ग्राम पंचवटी तैयार की गई है।



14वें करुणेश नाट्य समारोह में नाटक 'जंगली बूटी' का मंचन

प्रेम की चाह से अस्तित्व की तलाश तक अंगूरी का सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मंच पर छाई अमृता प्रीतम की कहानी

जिस उम्र में एक लड़की सपनों की दुनिया बुनती है, उसी उम्र में अंगूरी विवाह और सामाजिक बंधनों में जकड़ दी जाती है। प्रेम को समझने की उसकी अपनी एक मासूम दुनिया है, जहां 'जंगली बूटी' उसके लिए प्रेम पाने का जरिया बन जाती है। अमृता प्रीतम की कहानी 'जंगली बूटी' में प्रेम की चाह से निकलकर अपने अस्तित्व को पहचानने की ओर कदम बढ़ाती अंगूरी की कहानी को बखूबी प्रस्तुत किया 14वें करुणेश नाट्य समारोह में। रवींद्र भवन में मंचित इस नाटक में अंगूरी का किरदार दर्शकों को उसके सहज हास्य से लेकर भीतर छिपे अकेलेपन और अधूरे सपनों तक ले जाता है। नाटक ने ग्रामीण स्त्री-जीवन, अशिक्षा, अंधविश्वास और सामाजिक बंदिशों के बीच एक स्त्री के भीतर जागती चेतना को बेहद संवेदनशीलता से मंच पर उतारा।





वास्तविक औषधि मात्र नहीं, बल्कि प्रेम को समझने लोकविश्वास

कहानी का सबसे प्रभावशाली पक्ष जंगली बूटी का प्रतीक है। अंगूरी के लिए यह कोई वास्तविक औषधि मात्र नहीं, बल्कि प्रेम को समझने का उसका अपना लोक विश्वास है। वह मानती है कि किसी लड़की को जंगली बूटी खिलाने से वह उस व्यक्ति के प्रेम में पड़ जाती है। उसकी सखी के प्रसंग के माध्यम से यह विश्वास और भी गहरा दिखाई देता है। यहां अमृता प्रीतम एक महत्वपूर्ण सामाजिक प्रश्न उठाती हैं, जिस समाज में लड़कियों को प्रेम करने, अपनी पसंद से जीवन चुनने और यहां तक कि पढ़ने तक से रोका जाता है, वहां प्रेम को समझाने के लिए उनके पास कौन-सी भाषा बचती है।

कस्तूरी रॉयल पार्क में योग प्रशिक्षण शिविर 50 से अधिक महिलाओं ने सीखे आसन



भोपाल। 'करोगे योग तो रहोगे निरोग' के संदेश के साथ गोष्ठी फाउंडेशन ने कटारा हिल्स स्थित कस्तूरी रॉयल पार्क में योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 50 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। योग प्रशिक्षिका रूचिका सिंह बघेल ने महिलाओं को विभिन्न योगासनों और योगाभ्यास का प्रशिक्षण देते हुए नियमित योग को स्वस्थ जीवनशैली का महत्वपूर्ण आधार बताया।

निफ्ट में दो दिवसीय फिलाटेलिक प्रदर्शनी और कार्यशाला का आयोजन

डाक टिकटों में सिमटा इतिहास कला और संस्कृति का संसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी निफ्ट ने फिलाटेलिक सोसाइटी ऑफ भोपाल (पीएसबी) के सहयोग से दो दिवसीय फिलाटेलिक प्रदर्शनी और कार्यशाला का आयोजन किया। इस प्रदर्शनी में दुर्लभ डाक टिकटों, डाक कलाकृतियों और इतिहास, संस्कृति, कला, फैशन, वस्त्र, हथकरघा, हस्तशिल्प और खादी को उजागर करने वाले विषयगत प्रदर्शनों का एक विविध संग्रह प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एनआईएफटी भोपाल के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी प्रभाष कुमार झा ने किया।





डाक टिकट की लगी प्रदर्शनी

इन प्रदर्शनों के माध्यम से, आगंतुकों को यह समझने का अवसर मिला कि डाक टिकट किस प्रकार सभ्यताओं के लघु इतिहास के रूप में कार्य करते हैं, जो पीढ़ियों से सामाजिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक वृत्तांतों को संजोते हैं।प्रदर्शनी में भोपाल फिलैटेलिक सोसाइटी के संस्थापक आशीष भंडारी जैन के नेतृत्व में एक आकर्षक संवाद सत्र आयोजित किया गया।

खेत-खलिहान में गूंजेंगे कविता के बोल गीतों की धुन और रंगमंच की कहानियां

मुंबई से निकलकर भोपाल पहुंच रहा 'द सरगम प्रोजेक्ट', 24 अक्टूबर को भोपाल के निकट सुल्तानपुर में होगा 'द सिम्फनी ऑफ सॉइल'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



जब मंच की जगह खेत हों, छत की जगह खुला आसमान और दर्शकों के सामने शहर की दीवारों के बजाय हरियाली, मिट्टी और झील का विस्तार हो, तो कला का अनुभव भी कुछ अलग हो जाता है। संगीत, रंगमंच, कविता, नृत्य और कहानी कहने की विभिन्न विधाओं को एक साथ पिरोने वाला 'द सरगम प्रोजेक्ट' अपने 13वें संस्करण में इसी अनूठे अनुभव के साथ मुंबई से निकलकर भोपाल पहुंच रहा है।

24 अक्टूबर को भोपाल से करीब 70 किलोमीटर दूर सुल्तानपुर स्थित लीला फार्म स्टे में 'द सिम्फनी ऑफ सॉइल' का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन किसी ऑडिटोरियम या पारंपरिक मंच की चारदीवारी में नहीं, बल्कि खेतों, झील और खुले आसमान के बीच आकार लेगा। यहां कला और प्रकृति एक-दूसरे से संवाद करती नजर आएंगी। संगीत की धुनों के साथ मिट्टी की खुशबू, कविता के शब्दों के साथ ग्रामीण परिवेश और रंगमंच की कहानियों के साथ खेत-खलिहानों का दृश्य इस आयोजन को एक अलग ही रंग देगा।

रात को एक अलग सांस्कृतिक अनुभव में बदल देंगी प्रस्तुतियां

शाम ढलने के साथ जब आसमान पर अंधेरा गहराएगा, तब खेतों के बीच संगीत और थिएटर की प्रस्तुतियां रात को एक अलग सांस्कृतिक अनुभव में बदल देंगी। दर्शक केवल प्रस्तुतियां देखेंगे नहीं, बल्कि ग्रामीण जीवन की सादगी और प्रकृति के करीब रहकर कला को महसूस भी करेंगे।

शहर से गांव की ओर लौटने का मन हुआ

आयोजक यश देवानी कहते हैं, मैं किसान परिवार से आता हूं। खेत और मिट्टी मेरे लिए कोई नया अनुभव नहीं, बल्कि मेरा अपना घर हैं। 12 साल मुंबई में सरगम करने के बाद इस बार दिल ने कहा कि इसे किसी बड़ी मेट्रो सिटी में करने के बजाय अपने गांव ले चलें। जिस मिट्टी की खुशबू, खेत, खुले आसमान और गांव की सादगी को बचपन से देखा है, वहीं लोगों के साथ संगीत, कविता और रंगमंच बांटने का मन हुआ। द सिम्फनी ऑफ सॉइल के जरिए कला को मंच से निकालकर प्रकृति के बीच लाने की यह कोशिश सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि मिट्टी, स्मृतियों और कला के बीच दोबारा जुड़ने का प्रयास है।

नूतन कॉलेज में नृत्य, नाट्य और अभिनय से सुनाई महाकाव्यों की अनकही कहानियां

महाकाव्यों की गूंज में मंच पर जीवंत हुए कालजयी किरदार...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

महाकाव्य केवल बीते युग की कथाएं नहीं, बल्कि समय के पार आज भी मनुष्य के भीतर गूंजते सवालों, भावनाओं और जीवन-मूल्यों की आवाज हैं। इसी विचार को मंच पर साकार करते हुए नूतन कॉलेज में गुरुवार को अंग्रेजी विभाग एवं साहित्यिक सोसायटी के वार्षिक साहित्यिक उत्सव 'एथेना-2026' का भव्य शुभारंभ हुआ। 'एपिक ईकोजः जहां कहानियां गूंजती हैं, विरासतें जिंदा रहती हैं' थीम पर आयोजित दो दिवसीय उत्सव के पहले दिन साहित्य, नृत्य, संगीत और अभिनय के जरिए भारतीय महाकाव्यों के कालजयी पात्रों और उनकी कहानियों को नए दृष्टिकोण के साथ मंच पर उतारा गया।



महिला पात्रों की नजर से दिखे महाकाव्य



पहली प्रस्तुति भारतीय महाकाव्यों पर आधारित नृत्य नाटिका रही, जिसमें खास तौर पर महिला पात्रों और उनके दृष्टिकोण को केंद्र में रखा गया। छात्राओं ने नृत्य, संगीत और अभिनय के माध्यम से इन पात्रों की भावनाओं, संघर्षों, निर्णयों और जीवनानुभवों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रस्तुति में महाकाव्यों को केवल नायकों की कथा के रूप में देखने के बजाय उन स्त्री पात्रों की दृष्टि से समझने का प्रयास किया गया, जिनकी भावनाएं और निर्णय इन आख्यानों को नई गहराई देते हैं।

साहित्य और रंगमंच के बीच खूबसूरत सेतु बना 'साहित्यिक अवतार'

इसके बाद साहित्यिक अवतार ने साहित्य और रंगमंच के बीच एक खूबसूरत सेतु बनाया। विद्यार्थियों ने महाकाव्यों के चर्चित साहित्यिक पात्रों का रूप धारण कर उनके संवाद और भावनाएं मंच पर प्रस्तुत कीं। किताबों के पन्नों में पढ़े जाने वाले पात्र जब मंच पर अपने संवादों और भाव-भंगिमाओं के साथ सामने आए तो पूरा वातावरण जीवंत हो उठा ।

रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत बनाम वेस्टइंडीज: दूसरा टी-20 मैच

टीम इंडिया बढ़त बढ़ाने और वेस्टइंडीज बराबरी करने आज दिखाएगी दमखम

एजेंसी ▶▶ रांची

भारतीय क्रिकेट टीम ने पांच मैचों की सीरीज के पहले मैच को जीतकर बढ़त बनाई हुई है। अब सीरीज का दूसरा मैच 9 अक्टूबर को रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में मेजबान टीम दूसरे टी-20 को भी जीतकर सीरीज में अपनी बढ़त दोगुना करना चाहेगी। दूसरी तरफ शाई होप के नेतृत्व में कैरेबियाई टीम पलटवार के इरादे से उतरेगी।

संजू सैमसन को छोड़कर भारत के सभी बल्लेबाज फॉर्म में हैं। टीम प्रबंधन युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी को अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज करने के लिए भेज सकता है। भारतीय टीम यहां जीत हासिल करने पर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना लेगी, लेकिन उसके लिए सैमसन का खराब प्रदर्शन चिंता का विषय बना हुआ है।

वेस्टइंडीज पर भारत का पलड़ा रहा है भारी

अब तक दोनों देशों की भिड़ंत में भारतीय टीम का पलड़ा भारी रहा है। हाउस्टेट के मुताबिक, अब तक ये दोनों टीमें टी-20 प्रारूप में कुल 32 मैचों में आमने-सामने हुई है, इसमें से 21 में भारत को जीत मिली है और 10 मैच वेस्टइंडीज ने अपने नाम किए हैं। इस बीच एक मैच बेनतीजा भी रहा है। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछले 6 टी-20 में से 4 में जीत दर्ज की है।

मैच भारतीय समयानुसार रात 7 बजे से शुरू होगा



इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रहेगी नजर

भारत के लिए कप्तान अय्यर ने पहले टी-20 में शतक (102*) लगाया था। वह अपनी फॉर्म को बरकरार रखना चाहेंगे। लखनऊ में अपना टी-20 अंतरराष्ट्रीय डेब्यू करने वाले नमन धीर ने प्रभावशाली गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए थे। वह एक बार फिर कमाल करना चाहेंगे। वेस्टइंडीज के कप्तान होप इस समय जोरदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने पहले टी-20 में भी अर्धशतक (52*) लगाया है।

पिच का मिजाज

रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स की पिच आमतौर पर संतुलित होती है, लेकिन मैच आगे बढ़ने के साथ धीमी हो जाती है और ऐसे में स्पिन गेंदबाजों को अच्छी मदद मिलती है। हाउस्टेट के मुताबिक, इस मैदान पर अब तक 4 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जा चुके हैं, जिसमें पहले बल्लेबाजी करने वाली और बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने 2-2 मैच जीते हैं। यहां पर पहली पारी का औसत स्कोर 161 रन है।

ऐसा रहेगा रांची का मौसम

एक्यूवेदर के अनुसार, 9 अक्टूबर को रांची में बारिश की 55 प्रतिशत संभावना है। अधिकतम तापमान करीब 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है। ऐसे में मैच में बारिश का खलल देखने को मिल सकता है।

भारत की संभावित एकादश

अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन, श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा, शिवम दुबे, नमन धीर, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, और मयंक यादव।

अनुष्का के दो गोल से भारत ने सीरिया को हराया

सेलायंग (मलेशिया)। भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम ने एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप चीन 2027 क्वालीफायर के ग्रुप ई के अपने दूसरे मुकाबले में बृहस्पतिवार को सीरिया को 2-0 से हराकर अपने अभियान में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया। इराक के खिलाफ पहले मैच में भारत की रिकॉर्ड 14-0 की जीत में पांच गोल करने वाली अनुष्का (छठे और 54वें मिनट) ने दोनों हाफ में एक-एक गोल दागकर क्वालीफायर में अपने गोल की संख्या सात कर ली। इस जीत से भारत के दो मैच में छह अंक हो गए हैं। अब ग्रुप ई में उसका आखिरी मुकाबला 11 अक्टूबर को मेजबान मलेशिया से होगा। केवल ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीम ही एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप चीन 2027 के लिए क्वालीफाई करेगी।



आईपीएल से फिर टकराएगा पाकिस्तान सुपर लीग

2027 में एक ही समय पर होंगे दोनों टूर्नामेंट



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान सुपर लीग लगातार तीसरे साल इंडियन प्रीमियर लीग के साथ टकराएगी। लीग के 12वें संस्करण का आयोजन 18 मार्च से 2 मई 2027 तक किया जाएगा। 2016 से 2024 तक पीएसएल फरवरी और मार्च में खेली जाती थी। हालांकि, आईसीसी टूर्नामेंटों के कारण 2025 से इसे अप्रैल-मई की अवधि में आयोजित किया जाने लगा। 2025 में पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी और 2026 में भारत-श्रीलंका में टी-20 विश्व कप के कारण कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ा।

जनवरी-फरवरी में कड़ाके की ठंड बाधक

जनवरी-फरवरी में पीएसएल कराने की योजना को मुश्किल माना गया। इसकी बड़ी वजह पंजाब का मौसम है, जहां लीग के 4 पारंपरिक आयोजन स्थलों में से 3- लाहौर, मुल्तान और रावलपिंडी स्थित हैं। इन शहरों में जनवरी और फरवरी के दौरान कड़ाके की सर्दी पड़ती है। साथ ही घने कोहरे के कारण दृश्यता भी काफी कम होती है। ऐसे मौसम में मैचों के आयोजन और तय कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाना चुनौतीपूर्ण माना गया।

जनवरी-फरवरी में टूर्नामेंट होने की योजना आगे नहीं बढ़ी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और पीएसएल फ्रेंचाइजी ने पिछले महीने हुई संचालन परिषद की बैठक में 12वें संस्करण को जनवरी-फरवरी में कराने की संभावना पर चर्चा की थी। यह चर्चा वली टेक्नोलॉजीज की ओर से मौजूदा समय में प्रसारण से होने वाली कम आय पर चिंता जताए जाने के बाद हुई। वली टेक्नोलॉजीज के पास 2029 तक मीडिया अधिकार हैं और वह लीग की रावलपिंडिज की मालिक भी है। हालांकि, जनवरी-फरवरी में आयोजन की योजना आगे नहीं बढ़ सकी।

मोनांक का शतक अमेरिका ने जीती आईसीसी लीग 2



डलास। कप्तान मोनांक पटेल के शानदार शतक की मदद से अमेरिका ने नामीबिया को चार विकेट से हराकर आईसीसी क्रिकेट विश्व कप लीग 2 का खिताब जीता। ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में मोनांक पटेल ने 108 रन बनाए जिससे अमेरिका ने नामीबिया के नौ विकेट पर 298 रन के बड़े स्कोर को बौना साबित करते हुए सात गेंद शेष रहते जीत हासिल की। मोनांक पटेल के अलावा स्मित पटेल ने तेज 50 रन और शेहान जयसूर्या ने 74 रन का योगदान दिया। नामीबिया की तरफ से कप्तान गेरहार्ड इरास्मस (76) ने सर्वाधिक रन बनाए। अमेरिका ने इस जीत से दो और अंक हासिल किए जिससे उसकी शीर्ष पर जगह पक्की हो गई।अमेरिका ने वनडे विश्व कप क्वालीफायर में अपनी जगह पहले ही पक्की कर ली है, जहां वह अगले साल दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में होने वाले विश्व कप में जगह बनाने की कोशिश करेगा।

SGS COLLEGE OF EDUCATION
(Recognised by the NCTE, New Delhi and Affiliated to M.P.B.S.E, Bhopal)
Application are invited for the appointment for the following post for D.El.Ed Course
REQUIREMENT

Principal	01
Lecturer	
Perspectives in Education	02
Science	01
Mathematics	01
Fine Arts	01
Health and Physical Edu.	01
Language	01

Qualification & Experience As per NCTE norms & Regulation.
Salary : As per State Govt. Rules
The Application with complete details/bio data should reach by the following address by hand/ post or E-mail within 7 days
sgs_edubpl@yahoo.com
Administrative Officer
SGS COLLEGE OF EDUCATION Khasra No. 144, Village Hinotia Alam, Kolar Road, Bhopal
7611168888 9826092558

KOLAR SHIKSHA MAHAVIDHYALAYA
(Recognised by the NCTE, New Delhi and Affiliated to M.P.B.S.E, Bhopal)
Application are invited for the appointment for the following post for D.El.Ed Course
REQUIREMENT

Principal	01
Lecturer	
Perspectives in Education	02
Science	01
Mathematics	01
Fine Arts	01
Health and Physical Edu.	01
Language	01

Qualification & Experience As per NCTE norms & Regulation.
Salary : As per State Govt. Rules
The Application with complete details/bio data should reach by the following address by hand/ post or E-mail within 7 days
kolar_edubpl@yahoo.com
Administrative Officer :
KOLAR SHIKSHA MAHAVIDHYALAYA Khasra No. 203, 204, 205, 208, 209 and 210, Mansarovar Campus, Village Banjari, Kolar Road, Bhopal
0755-2492554 7611168888

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड नर्मदापुरम
दूरभाष क्रमांक 07574-253119
Email Address eephedhos@mp.nic.in
:: निविदा आमंत्रण सूचना ::
निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आनलाईन वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय एवं ऑनलाईन प्रस्तुत किये जायेंगे। ऑनलाईन वित्तीय ऑफर दिनांक 15.10.2026 शाम 17.00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

निविदा सूचना क्रमांक	ई-टेण्डर क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (PAC) (रु.मे)	धरोहर राशि (e-EMD) (रु. मे)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	रिमार्क
2026-27 Date 07-10-2026	2026_PHED_541663_1	SUPPLY OF NEW FURNITURE FOR NEW OFFICE BUILDING IN NARMADAPURAM	847300/-	16946/-	2000/-	15 दिवस (वर्षा काल रहित)	- -

जी - 19699/26 स्वच्छता ही सेवा
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड नर्मदापुरम

कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव, मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला विदिशा म.प्र.
प्ररूप-क
क्रमांक 0012/अ/82/2025-26/ (नियम 4 देखिए) विदिशा, दिनांक /09/2026
राज्य सरकार प्रभावित क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर, यथास्थिति संबंधित ग्राम पंचायत के परामर्श से निम्न भूमियों का अर्जन करना चाहती है और लोक प्रयोजन के लिए सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन करना चाहती है। अध्ययन का कार्य भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यास्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (क्रमांक 30 सन 2013) की धारा 4 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।

(1)	परियोजना विकासक का नाम	कार्यपालक निर्देशक (बीपीआरईपी) भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, बीना रिफाइनरी, बीना जिला सागर
(2)	भूमि के प्रस्तावित अर्जन का प्रयोजन	बीना रिफाइनरी बेतवा बैराज परियोजना के डूब क्षेत्र हेतु
(3)	अध्ययन का कार्य हाथ में लेने वाले सामाजिक समाघात निर्धारण दल के विवरण	1-श्री मोतीलाल अहिरवार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुविभाग, कुरवाई 2-श्री संदीप शर्मा तहसीलदार, तहसील कुरवाई 3-श्री आयुष अग्रवाल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरवाई 4-श्रीमति ममता महाराज सिंह दांगी जनपद अध्यक्ष, जनपद पंचायत विकासखंड कुरवाई 5- श्री संजय राठौर सरपंच, ग्राम पंचायत जरगुवां विकासखंड कुरवाई
(4)	भूमि का विवरण	
(क)	जिला	विदिशा
(ख)	तहसील	कुरवाई
(ग)	ग्राम	पीरोठा
(घ)	कुल प्रभावित क्षेत्र	3.375 हे.
(ङ)	अर्जित होने वाला क्षेत्र	3.375 हे
(5)	प्रस्तावित परियोजना का संक्षिप्त विवरण	बीना रिफाइनरी बेतवा बैराज परियोजना के डूब क्षेत्र हेतु
(6)	परियोजना क्षेत्र और प्रभावित क्षेत्र	3.375 हे.
(7)	क्या ग्रामसभाओं और / या भूमिधारकों की सहमति अपेक्षित है	नहीं
(8)	सामाजिक समाघात निर्धारण पूर्ण किए जाने की तारीख	अधिसूचना प्रकाशन से छः माह के भीतर

G-19675/26 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव मध्य प्रदेश शासन
राजस्व विभाग जिला-विदिशा (म.प्र.)

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
अंचल कार्यालय :
1/14 प्रशासनिक जोन, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011

आधिपत्य सूचना (स्थावर संपत्ति) नियम-8 (1)
जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन एवं प्रतिभूति-हित-का प्रवर्तन अधिनियम 2002 अन्तर्गत एवं धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूहित हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्न वर्णित दिनांक को मांग सूचना पत्र को जारी किया जिसमें निम्नवर्णित ऋणी एवं जमानतदार को नोटिस में निम्न वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चों सहित नोटिस प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। यह सूचना पत्र रजिस्टर्ड डाक एवं हैंड डिलेवरी द्वारा भेजा गया था।
ऋणी द्वारा राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी एवं आमजनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम के नियम 8 के अधीन निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित संपत्तियों का **कब्जा** निम्नवर्णित दिनांक को ले लिया गया है । ऋणी एवं जमानतदार को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई भी व्यवहार निम्न वर्णित राशि के लिए **बैंक ऑफ महाराष्ट्र, टिमरनी शाखा** के निमित्त प्रभार के अध्यधीन होगा। उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

उधारकर्ता एवं जमानतदार का नाम एवं पता	बंधक रखी संपत्ति के विवरण	बकाया राशि
टिमरनी शाखा, टिमरनी		
ऋणी: 1. **श्री अरुण सोनी पुत्र स्व. श्री उत्तमराव सोनी** 2. **श्रीमती अंचल सोनी पत्नि श्री अरुण सोनी** ऋणी एवं जमानतदार: **श्रीमती लताबाई पत्नि स्व. श्री उत्तमराव सोनी** सभी का पता:- वार्ड नंबर 13-जी. रेवापुरम कॉलोनी, सेक्टर जी, प्लॉट नंबर 20, टिमरनी, जिला- हरदा, म.प्र.- 461228	संपत्ति का समस्त भू भाग भूमि एवं निर्माण सहित खसरा नं. 174/1, 175/1, 174/2, 175/2, 174/3 एवं 175/3, कुल क्षेत्रफल- 925 वर्गफिट प्लाट नं. 20, रेवापुरम कॉलोनी, सेक्टर जी, वार्ड नंबर 13जी, तहसील टिमरनी, ज़िला हरदा, म.प्र. चर्तुसीमाएँ: उत्तर - विक्रेता का खाली प्लॉट, दक्षिण - प्लॉट नंबर 19, पूर्व - कॉलोनी का रास्ता, पश्चिम - विक्रेता का खाली प्लॉट। संपत्ति मालिक- स्वर्गीय श्री उत्तमराव सोनी के बेटे श्री अरुण सोनी की है	₹ 1,168,055.53/- +दिनांक 18/07/2026 से अप्रभारित ब्याज एवं पेनल खर्च मांग सूचना दिनांक 18/07/2026 कब्जा दिनांक 07/10/2026

दिनांक : 09.10.2026 (अमरीत कुमार मिश्रा)
स्थान: भोपाल मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी, आंचलिक कार्यालय, भोपाल

कार्यालय मुख्य अभियंता (भवन)
लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन, प्लाट नं.-27-28, अरेरा हिल्स, भोपाल
एनआईटी नं.- 27/2026/निविदा/सा/मु.अ.भ./ भोपाल दिनांक 30.09.2026
निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

स. क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रू.में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	2026_PWPIU_541218_1	गांधी चिकित्सालय महाविद्यालय भोपाल के अधीन शासकीय हमीदिया अस्पताल परिसर में पुराने ओ.पी.डी आदि को तोडने/ध्वस्त करने एवं मलबा सफाई का कार्य।	भोपाल	4.63	9262	2000	24 माह वर्षाकाल सहित

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 30.09.2026 समय 10.30 से दिनांक 15.10.2026 समय 05.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी - 19669/26 स्वच्छता ही सेवा
मुख्य अभियंता (भवन)
लोक निर्माण विभाग भोपाल

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
अंचल कार्यालय :
1/14 प्रशासनिक जोन, अरेरा हिल्स, भोपाल
फोन: 9098030663, E-mail : cmmarc_bho@mahabank.co.in

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस (परिशिष्ट - IV क)
प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस
आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार अर्थात बैंक ऑफ महाराष्ट्र के पास गिरवी/प्रभारित है, का **कब्जा बैंक ऑफ महाराष्ट्र** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नवर्णित तालिका में वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों से **बैंक ऑफ महाराष्ट्र** (प्रतिभूत लेनदार) की निम्नवर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **18 नवम्बर 2026** को बेचा जाएगा। अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण एवं उस पर भार, कब्जे का प्रकार, आरक्षित मूल्य, धरोहर राशि एवं बिड वृद्धि राशि निम्नानुसार है:-

क्र. सं.	उधारकर्ता एवं जमानतदार का नाम	दिनांक 08.10.2026 को बकाया राशि (लाख में)	अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण/भार का विवरण एवं कब्जे का प्रकार	आरक्षित मूल्य/ धरोहर राशि/ बिड बढ़ाने की राशि
1.	ऋणी: 1. **मेसर्स विष्णु इंटरप्राइजेज प्रोपराइटर- श्री विष्णु कांत कुशवाह पुत्र बी पी कुशवाह**	LB- ₹ 270.35 UAI+Penal Interest ₹ 22.13 Total ₹ 292.48 Lacs	(1) कमर्शियल दुकान नं. 14 जिसमें 1 रूम, क्षेत्रफल-20.90 वर्गमीटर [SBUA] अर्थात 18.16 वर्गमीटर (निर्मित क्षेत्रफल) भूतल पर टेरेस के सहित क्षेत्रफल- 0.00 वर्गमीटर एवं पार्किंग क्षेत्रफल- 0.00 वर्गमीटर, बिल्डिंग सरदार पटेल काम्पलेक्स, सागर ईडन प्रोजेक्ट में /सोसायटी निर्मित / भविष्य में निर्माण / निर्माणाधीन / भूमि का समस्त भू भाग भूमि क्षेत्रफल-20.90 वर्गमीटर स्थित एस नं. /गट नं. /सीटीएस नं. 10/1, 10/2, 10/3, 10/4, 42, 1/2/2/1/1, अमरावद खुर्द तहसील हुजूर, जिला- भोपाल उपपंजीयक भोपाल के अधीन। चर्तुसीमाएं- उत्तर-दुकान नं. 19, पूर्व- दुकान नं. 13, पश्चिम-दुकान नं. 15, दक्षिण- कॉरिडोर, संपत्ति मालिक- श्री विष्णुकांत कुशवाहा **Cersai Asset Id:- 200095139042** (2) कमर्शियल दुकान नं. 15 जिसमें 1 रूम, क्षेत्रफल-14.72 वर्गमीटर [SBUA] अर्थात 12.80 वर्गमीटर (निर्मित क्षेत्रफल) भूतल पर टेरेस के सहित क्षेत्रफल- 0.00 वर्गमीटर एवं पार्किंग क्षेत्रफल- 0.00 वर्गमीटर, बिल्डिंग सरदार पटेल काम्पलेक्स, सागर ईडन प्रोजेक्ट में /सोसायटी निर्मित / भविष्य में निर्माण / निर्माणाधीन / भूमि का समस्त भू भाग भूमि क्षेत्रफल-14.72 वर्गमीटर स्थित एस नं. /गट नं. /सीटीएस नं. 10/1, 10/2, 10/3, 10/4, 42, 1/2/2/1/1, अमरावद खुर्द तहसील हुजूर, जिला- भोपाल उपपंजीयक भोपाल के अधीन। चर्तुसीमाएं- उत्तर-दुकान नं. 17, पूर्व- दुकान नं. 14, पश्चिम-दुकान नं. 16, दक्षिण- कॉरिडोर, संपत्ति मालिक- श्री विष्णुकांत कुशवाहा **Cersai Asset Id:- 200095139042** (3) कमर्शियल दुकान नं. 19 जिसमें 1 रूम, क्षेत्रफल-13.32 वर्गमीटर [SBUA] अर्थात 11.59 वर्गमीटर (निर्मित क्षेत्रफल) भूतल पर टेरेस के सहित क्षेत्रफल- 0.00 वर्गमीटर एवं पार्किंग क्षेत्रफल- 0.00 वर्गमीटर, बिल्डिंग सरदार पटेल काम्पलेक्स, सागर ईडन प्रोजेक्ट में /सोसायटी निर्मित / भविष्य में निर्माण / निर्माणाधीन / भूमि का समस्त भू भाग भूमि क्षेत्रफल-13.32 वर्गमीटर स्थित एस नं. /गट नं. /सीटीएस नं. 10/1, 10/2, 10/3, 10/4, 42, 1/2/2/1/1, अमरावद खुर्द तहसील हुजूर, जिला- भोपाल उपपंजीयक भोपाल के अधीन। चर्तुसीमाएं- उत्तर-कॉरिडोर, पूर्व- दुकान नं. 20, पश्चिम-लिफ्ट, दक्षिण- दुकान नं. 13 एवं 14, संपत्ति मालिक- श्री विष्णुकांत कुशवाहा **Cersai Asset Id - 200095139042** सांकेतिक कब्जा **भार-ज्ञात नहीं** **ध्यान दें:- यहाँ बताया गया आरक्षित मूल्य तीनों संपत्तियों को मिलाकर तय किया गया आरक्षित मूल्य है। इन तीनों संपत्तियों को एक साथ (एक ही लॉट के तौर पर) ही बेचा जाएगा; इन्हें अलग-अलग या व्यक्तिगत रूप से नहीं बेचा जाएगा।**	₹ 52.07 लाख ₹ 05.20 लाख ₹ 10,000/-
			(1) कमर्शियल दुकान नं. 8 जिसमें 1 रूम, क्षेत्रफल-12.11 वर्गमीटर [SBUA] अर्थात 10.53 वर्गमीटर (निर्मित क्षेत्रफल) भूतल पर टेरेस के सहित क्षेत्रफल- 0.00 वर्गमीटर एवं पार्किंग क्षेत्रफल- 0.00 वर्गमीटर, बिल्डिंग सरदार पटेल काम्पलेक्स, सागर ईडन प्रोजेक्ट में /सोसायटी निर्मित / भविष्य में निर्माण / निर्माणाधीन / भूमि का समस्त भू भाग भूमि क्षेत्रफल-12.11 वर्गमीटर स्थित एस नं. /गट नं. /सीटीएस नं. 10/1, 10/2, 10/3, 10/4, 42, 1/2/2/1/1, अमरावद खुर्द तहसील हुजूर, जिला- भोपाल उपपंजीयक भोपाल के अधीन। चर्तुसीमाएं- उत्तर- दुकान नं. 25 एवं 26, पूर्व- दुकान नं. 7, पश्चिम- दुकान नं.9, दक्षिण- कॉरिडोर, संपत्ति मालिक- श्री विष्णुकांत कुशवाहा **Cersai Asset Id:- 200095139042** (2) कमर्शियल दुकान नं. 9 जिसमें 1 रूम, क्षेत्रफल-12.11 वर्गमीटर [SBUA] अर्थात 10.53 वर्गमीटर (निर्मित क्षेत्रफल) भूतल पर टेरेस के सहित क्षेत्रफल- 0.00 वर्गमीटर एवं पार्किंग क्षेत्रफल- 0.00 वर्गमीटर, बिल्डिंग सरदार पटेल काम्पलेक्स, सागर ईडन प्रोजेक्ट में /सोसायटी निर्मित / भविष्य में निर्माण / निर्माणाधीन / भूमि का समस्त भू भाग भूमि क्षेत्रफल-12.11 वर्गमीटर स्थित एस नं. /गट नं. /सीटीएस नं. 10/1, 10/2, 10/3, 10/4, 42, 1/2/2/1/1, अमरावद खुर्द तहसील हुजूर, जिला- भोपाल उपपंजीयक भोपाल के अधीन। चर्तुसीमाएं- उत्तर- दुकान नं. 24 एवं 25, पूर्व- दुकान नं. 8, पश्चिम- दुकान नं.10, दक्षिण- कॉरिडोर, संपत्ति मालिक- श्री विष्णुकांत कुशवाहा **Cersai Asset Id:- 200095139042** (3) कमर्शियल दुकान नं. 24 जिसमें 1 रूम, क्षेत्रफल-8.79 वर्गमीटर [SBUA] अर्थात 7.64 वर्गमीटर (निर्मित क्षेत्रफल) भूतल पर टेरेस के सहित क्षेत्रफल- 0.00 वर्गमीटर एवं पार्किंग क्षेत्रफल- 0.00 वर्गमीटर, बिल्डिंग सरदार पटेल काम्पलेक्स, सागर ईडन प्रोजेक्ट में /सोसायटी निर्मित / भविष्य में निर्माण / निर्माणाधीन / भूमि का समस्त भू भाग भूमि क्षेत्रफल-8.79 वर्गमीटर स्थित एस नं. /गट नं. /सीटीएस नं. 10/1, 10/2, 10/3, 10/4, 42, 1/2/2/1/1, अमरावद खुर्द तहसील हुजूर, जिला- भोपाल उपपंजीयक भोपाल के अधीन। चर्तुसीमाएं- उत्तर-कॉरिडोर, पूर्व- दुकान नं. 25, पश्चिम-दुकान नं.23, दक्षिण- दुकान नं. 9, संपत्ति मालिक- श्री विष्णुकांत कुशवाहा **Cersai Asset Id:- 200095139042** (4) कमर्शियल दुकान नं. 25 जिसमें 1 रूम, क्षेत्रफल-14.25 वर्गमीटर [SBUA] अर्थात 12.40 वर्गमीटर (निर्मित क्षेत्रफल) भूतल पर टेरेस के सहित क्षेत्रफल- 0.00 वर्गमीटर एवं पार्किंग क्षेत्रफल- 0.00 वर्गमीटर, बिल्डिंग सरदार पटेल काम्पलेक्स, सागर ईडन प्रोजेक्ट में /सोसायटी निर्मित / भविष्य में निर्माण / निर्माणाधीन / भूमि का समस्त भू भाग भूमि क्षेत्रफल-14.25 वर्गमीटर स्थित एस नं. /गट नं. /सीटीएस नं. 10/1, 10/2, 10/3, 10/4, 42, 1/2/2/1/1, अमरावद खुर्द तहसील हुजूर, जिला- भोपाल उपपंजीयक भोपाल के अधीन। चर्तुसीमाएं- उत्तर-कॉरिडोर, पूर्व- दुकान नं. 26, पश्चिम-दुकान नं.243, दक्षिण- दुकान नं. 8 एवं 9, संपत्ति मालिक- श्री विष्णुकांत कुशवाहा **Cersai Asset Id:- 200095139042** **भार-ज्ञात नहीं** **ध्यान दें:- यहाँ बताया गया आरक्षित मूल्य चारों संपत्तियों को मिलाकर तय किया गया आरक्षित मूल्य है। इन चारों संपत्तियों को एक साथ (एक ही लॉट के तौर पर) ही बेचा जाएगा; इन्हें अलग-अलग या व्यक्तिगत रूप से नहीं बेचा जाएगा।** सांकेतिक कब्जा	₹ 50.31 लाख ₹ 05.03 लाख ₹ 10,000/-
3.	ऋणी: 1. **मेसर्स ग्लिंट होम सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** निदेशक एवं जमानतदार : **1. श्रीमती मोहिनी भारद्वाज 2. श्रीमती स्नेहलता तिवारी**	LB- ₹ - 97.06 UAI+Penal Interest ₹ 06.33 Total ₹ 103.39 Lacs	संपत्ति का समस्त भू भाग बंधक संपत्ति स्थित फ्लैट नं. 401, क्षेत्रफल-140.52 वर्गमीटर, ब्लॉक नं. 14 सी, चौथी मंजिल, द्वारकाधाम हाइट्स प्राइम, वार्ड नं. 75, बड़वाई, तहसील हुजूर भोपाल संपत्ति मालिक- मोहिनी भारद्वाज चर्तुसीमाएं-पूर्व- फ्लैट नं. 403, पश्चिम- सरकुलेशन एरिया, उत्तर- सरकुलेशन एरिया, दक्षिण-फ्लैट नं. 402 **Cersai Assets ID-200083732056** सांकेतिक कब्जा भार-ज्ञात नहीं	₹ 44.28 लाख ₹ 04.42 लाख ₹ 10,000/-
	ऋणी: **1.श्रीमती अंकिता चौहान पत्नी श्री कमलेश कुमार** ऋणी: **2. श्री कमलेश कुमार पुत्र श्री रमेश कुम



5वीं लायन्स बैडमिंटन ट्रॉफी: सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को भी पुरस्कार

भोपाल। लॉयन्स क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 1, लॉयन्स क्लब आफ इंदौर महानगर और सरताज अकादमी के संयुक्त तत्वावधान मे 15 से 18 अक्टूबर तक मल्हार क्रीड़ा मंडल में होने वाली पांचवी लॉयन्स बैडमिंटन ट्राफी चंद्रकला बिहानी स्मृति विद्यालयीन खुली स्पर्धा में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार भी दिया जाएगा। इस स्पर्धा में 9,11,13,15और 17 वर्ष बालक और बालिका एकल मुकाबले खेले जाएंगे।

प्रविष्टियां 11 अक्टूबर तक दी जा सकती हैं। लॉयन्स महानगर चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ जवाहर बिहानी और सरताज अकादमी के प्रबंध निदेशक धर्मेश यशलहा ने बताया कि स्पर्धा में इस स्पर्धा में हर साल सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार दिया जाता हैं। स्पर्धा में विजेता और उपविजेता के साथ ही सेमीफाइनल में पराजित खिलाड़ियों को भी आकर्षक प रस्कार दिए जाएंगे।

सभी प्रतियोगियों को प्रमाणपत्र मिलेंगे। मुकाबले योनेक्स फेदर शटलकाकस से खेले जाएंगे, इंदौर से बाहर के विद्यालयों और क्लबों के खिलाड़ी भी हिस्सा ले सकते हैं। स्पर्धा संयोजक हरीश राजन ने बताया कि सभी मुकाबले नए स्कोरिंग सिस्टम 15x3 गेम आधार पर होगें।

कैंपियन स्कूल ने बाल भवन को 10 विकेट से रौंदा


मैन आफ़ द मैच का पुरस्कार प्रदान करते बीडीसीए सचिव शांति कुमार जैन व अन्य अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बीडीसीए के तत्वावधान में आयोजित डॉ गोविन्द नारायण सिंह 'दाऊ साहेब' अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में कैंपियन स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बालभवन स्कूल को 10 विकेट से पराजित किया।

अरुल वाघमारे को दिया गया मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार

ओल्ड कैंपियन मैदान पर खेले गए मुकाबले में कैंपियन स्कूल ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया, और बाल भवन स्कूल की टीम कैम्पियन स्कूल के गेंदबाजों के सामने मात्र 18.1 ओवर में 46 /10 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। बाल भवन के रिशभ ने सर्वाधिक 18, मनेश ने 10 रन का योगदान दिया। अन्य बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सके। कैंपियन के अरुल वाघमारे, रिषित टी., अक्षत सिंह, अर्णव वर्मा और अन्य गेंदबाजों ने कैंपियन की पारी को 46 रन पर समेट दिया।

अक्षत की बल्लेबाजी ने किया आकर्षित

47 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कैंपियन टीम ने बिना कोई विकेट गंवाए 7.4 ओवर में 47 रन बनाकर मुकाबला 10 विकेट से अपने नाम कर लिया। इनमें अथर्व नायर ने 28 गेंदों में 11 रन, जबकि अक्षत सिंह ने 18 गेंदों में 34 रन बनाकर टीम को आसान जीत दिलाई। अक्षत की आक्रामक बल्लेबाजी मैच का प्रमुख आकर्षण रही। मैच में शानदार गेंदबाजी के लिए अरुल वाघमारे को मैन आफ़ द मैच का पुरस्कार बीडीसीए सचिव शांति कुमार जैन और क्रिकेट कोच केडी गुप्ता ने प्रदान किया।

राष्ट्रीय स्तर पर सौम्या और आदर्श पांडे ने हासिल किया प्रथम स्थान

मिट्स्योर ओलंपियाड में सेंट बेनेडिक्ट के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



सेंट बेनेडिक्ट एकेडमी, बैरसिया के विद्यार्थियों ने मिट्स्योर ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में शानदार उपलब्धियां हासिल कीं। राष्ट्रीय स्तर पर कक्षा 1 की सौम्या संतोष चव्हाण तथा कक्षा 10 के आदर्श पांडे ने प्रथम स्थान प्राप्त कर नकद पुरस्कार एवं स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं राज्य स्तर पर अभिनव पांडे ने प्रथम स्थान तथा कक्षा 5 के विराज मारुति जाधव ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर नकद पुरस्कार एवं पदक हासिल किए। विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर बेंसी पीएम ने सभी विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके परिश्रम एवं उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए शिक्षकों एवं अभिभावकों के सहयोग की भी प्रशंसा की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

भोपाल

आईएएस हत्याकांड: वरुण की तलाश में पोस्टर चस्पा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल





राजधानी के सूरज नगर स्थित बंगले में पिछले दिनों आईएएस राकेश अग्रवाल की हत्या के बाद उनके केयर टेकर वरुण की तलाश तेज कर दी गई है। मप्र पुलिस ने आरोपी वरुण पर 50 हजार रुपए का ईनाम भी घोषित किया है। इस बीच पुलिस की टीमें ग्वालियर, आगरा, मथुरा, वृंदावन में फरार आरोपों वरुण के पोस्टर चस्पा करने में जुटी हुई हैं।

निःशुल्क ब्रज दर्शन व गिरिराज जी परिक्रमा का 29वां चरण, श्रद्धालु हुए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला द्वारा संचालित 'निःशुल्क ब्रज दर्शन एवं गिरिराज जी परिक्रमा यात्रा' का 29वें चरण में श्रद्धालु गुरुवार को रवाना हुए। इस विशेष यात्रा में नरेला क्षेत्र के 50 मेधावी छात्र-छात्राओं और उनके लगभग 200 परिजनों को निःशुल्क तीर्थ यात्रा कराई जा रही है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने कहा, शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नरेला के होनहार छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करना हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर पूर्व पार्षद हेमलता कुशवाहा, अनूप पांडे, अमित खत्री, संदीप सरवैया, मनोज बाथम, मुकेश पंथी, दर्शन कोरी, नारायणी कुशवाहा, सूरज लोधी आदि मौजूद थे।

REQUIRED FACULTY
FOR D.EL.ED COURSE
Saviour College
Pallavi Nagar, Bawadiya Kalan, Bhopal
APPLICATION ARE INVITED
LECTURERS FOR D.EL.ED COURSE
QUALIFICATION & PAY SCALE
AS PER NCTE NORMS
HOW TO APPLY
INTERESTED CANDIDATES MUST APPLY
WITH THEIR CV / RESUME & ALL TESTIMONIALS
WITHIN 7 DAYS FROM
THE DATE OF ADVERTISEMENT
SUBMISSION METHODS
Submit your Application via
Email saviourbhopal@gmail.com, Mob. no. 9826889776
or Personally at the College Office

Hero celebrates art forms of India. Featuring **Warli Art** by **Dilip Rama Bahotha** from Maharashtra.



LIMITED PERIOD OFFERS
CASH DISCOUNT UP TO ₹2500~
INSTANT DISCOUNT UP TO ₹10000^ SBI card HDFC BANK pine labs
LOW RATE OF INTEREST 6.99%*
EXCLUSIVE CORPORATE OFFER UP TO ₹3200~

For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply
Hero GoodLife Stand a chance to win 24 Carat Gold Coin and many more assured benefits@
Also Available on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. *Finance offer is at the sole discretion of the Financer, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. @Limited period offer, T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलर: भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाइटिड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोर: मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबाद: पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागर: सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिन्ड: शिवम हीरो 9289922787, दतिया: शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, इंदौर: सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, रुक्मारानी ऑटोमोटिव (एलआईजी स्क्वायर के पास) 8871444414, मेहता ऑटोमोबाइल्स (देवास नाका), 9821741577, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावद: राजेश हीरो 9289922774, रतलाम: एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) नीमच: उत्तम हीरो 9289922367, मन्दसौर: रामदर्शन हीरो 9289922369, जावरा: टिलायबल हीरो 9289923045, एसोशिएट डीलर: आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: देवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: वृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर : गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, अम्बाह: उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाईल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाईल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साई मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनिया: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंधोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साईं मोटर्स 8962460729, 8889415553, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुक्मणी मोटर्स, 9993048891, नीलवड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, नेहरू नगर: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, गांधीनगर: आर जे मोटर्स, 8827588411, स्नेहलतागंज: साहू ऑटोमोबाइल, 9926977784, अमझेरा: महावीर ऑटोमोबाइल, 9589890703, सागौर कुटी: अमन ऑटोमोबाइल, 9039055993, जावद: शिवाय इंटरप्राइजेज, 9752346321, रानीसिंहे: गुरुकृपा ऑटोमोबाइल्स, 9753044683, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिन्ड: शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342, सीतामऊ: तिरुपति मोटर्स, 9753008855, पिपलिया मंडी: नवपद मोटर्स, 9479861211, दलोदा: जेएस मोटर्स, 9926600906, बोरी बुजुर्ग: जिलानी मोटर्स, 9399900143, कढ़ी: श्री राम मोटर्स, 9584997081, पिपलिया बुजुर्ग: न्यू सिन्हा मोटर्स, 9981562315.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादक: प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930